GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-05-09-2023

# चालीस घंटे बाद मृत उमेश का हो सका अंतिम संस्कार

**पांच सूत्रीय मांगों के आश्वासन पर माने परिजन**

**मक्के की रखवाली के दौरान पीटकर की गयी थी उमेश की हत्या**

**महिलाओं द्वारा गगहा-नर्रे मार्ग को भी जाम करने का प्रयास**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गगहा थाना क्षेत्र के सोनईचा में मक्के की रखवाली कर रहे दूदापार निवासी उमेश प्रसाद की शनिवार की रात लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। रविवार को हुए पोस्टमार्टम के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से मना किया। सोमवार की दोपहर 12 बजे गांव की आक्रोशित महिलाएं एवं पुरूष नर्रे-गगहा मार्ग को जाम करने की कोशिश की लेकिन पुलिस का कड़ा रुख देखकर बैकफुट पर आ गयीं।

हमारे रकहट प्रतिनिधि के मुताबिक सूचना पर करीब तीन बजे मौके पर उपजिलाधिकारी बासगांव सिद्धार्थ पाठक, तहसीलदार राजेश सिंह पहुंचे तथा परिजनों से वार्ता की। लोगों हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की जाए। घर के एक सदस्य को नौकरी, ढाई एकड़ जमीन, प्रधानमंत्री आवास व तीस लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने संबंधी का मांगपत्र एसडीएम को सौंपा। उपजिलाधिकारी ने परिजनों को सरकार से मिलने वाली सभी सहायता दिलवाने का आश्वासन देकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को राजी किया। शाम करीब 430 बजे परिजन दाह संस्कार को राजी हुए। जिसके उपरांत मृतक उमेश प्रसाद का दाह संस्कार हत्या के तीसरे दिन पुलिस बल की मौजूदगी में बड़हलगंज स्थित मुक्तिपथ पर किया गया। मुखाग्नि छोटे भाई प्रभुनाथ ने दी।



मृतक उमेश प्रसाद के घर पहुंचे उप जिलाधिकारी बांसगांव सिद्धार्थ पाठक।

इसके पूर्व मृतक की मां की तहरीर पर गगहा पुलिस ने सोनईचा गांव निवासी दो लोगों के विरूद्ध नामजद केस दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। इस बीच रविवार को पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। शव मिलने के बाद परिजनों ने उसे दरवाजे पर रख दिया और परिवार में किसी पुरूष सदस्य की मौजूदगी न होने तथा भाई के आने तक शव का अंतिम संस्कार न करने की बात कही। इसके बाद पुलिस सकते में आ गयी। ऐहतियात के तौर पर पुलिस के जवानों की गांव में तैनाती रही। सोमवार की सुबह होते ही मृतक परिवार के शुभचिंतकों, ग्रामीणों की भीड़ दरवाजे पर बढ़ने के साथ ही लोगों में आक्रोश भी बढ़ता गया। एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े कुछ लोग भी मृतक उमेश के दरवाजे पर पहुंच गए। भीड़ पहुंचने की सूचना पर सीओ सर्किल बांसगांव प्रशाली गंगवार, गगहा, बांसगांव, बड़हलगंज और गोला पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गयीं। दोपहर 12 बजे अपनी उक्त पांच मांगों को लेकर जिलाधिकारी को बुलाए जाने की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं गगहा-नर्रे मार्ग पर उतरकर सड़क को जाम करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस के कड़े रूख को देखकर वह बैकफुट पर आ गयीं। इसके बाद उपजिलाधिकारी बांसगांव आदि मौके पर पहुंचे और समझाबुझाकर व मांगों संबंधी परिजनों को पूरा किए जाने का आश्वासन देकर शव का अंतिम संस्कार करवाया।

# सीईआईआर पोर्टल की मदद से मिले चार मोबाइल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सीईआईआर पोर्टल की मदद से पुलिस ने चार मोबाइल बरामद किए है जिनमे थाना शिकारीगंज के अनीश कुमार पुत्र राजमन का रियलमी सी 35, थाना तिवारीपुर के पिंकी गुप्ता पत्नी रकेश गुप्ता का इंफिनिक्स एक्स 680डी, थाना कैंट के आकाश शर्मा पुत्र शरवन शर्मा का रियलमी आरएमएक्स 3085 और आलोक कुमार राय पुत्र राम गिरीश राय का रेडमी नोट 5प्रो शामिल है। पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया की भारत सरकार ने सेंट्रल इक्यूमेंट आईडेंटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल लांच किया है। जिसकी मदद से चोरी या गायब हुआ मोबाइल पुलिस आसानी से ढुंढ लेगी। साथ ही शिकायतकर्ता के मोबाइल का गलत इस्तेमाल भी नहीं किया जा सकेगा। साल 2019 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस पोर्टल को महाराष्ट्र और दिल्ली में शुरू किया था। जिसकी सफलता के बाद पूरे देश में शुरू किया गया था। उन्होंने बताया की अगर आपका मोबाइल गायब या चोरी हो जाए, तब आप सबसे पहले यूपी पुलिस के पोर्टल यूपी कप पर अनलाइन सूचना दर्ज कराइए, इसके बाद सीईआईआर पोर्टल पर जाकर मोबाइल और आईएमईआई नंबर ब्लक कराना होगा, जिसके बाद गायब या चोरी किया गया मोबाइल कोई भी यूज करेगा इसकी सूचना पोर्टल के माध्यम से पुलिस को मिल जाएगी।

# चोरी की मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चौरीचौरा पुलिस ने चोरी की एक मोबाइल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम हरिन्दर गौड़ पुत्र दिनेश गौड़ निवासी ग्राम मोतीपाकड़ थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 379,411 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दी।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गगहा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मन्नू यादव उर्फ दीवाकर यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी ग्राम करौंधी थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 323, 504, 506, 307, 34 आईपीसी व 7 सीएलए के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई अनित कुमार राय, मुख्य आरक्षी धर्मेंद्र चौहान व आरक्षी सुबोध वर्मा थाना गगहा जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

# महिला से हुई लूट का खुलासा करने में पुलिस हलकान

**नंदानगर (एसएनबी)।** एम्स थाना क्षेत्र के महादेव झारखंडी से टुकड़ा नम्बर दो से बीते 25 अगस्त को महिला के साथ हुई चेन छिनैती की घटना के 11 दिन बाद भी एम्स पुलिस खाली हाथ है। चोरों को पकड़ने दिल्ली गई एम्स पुलिस चार दिन बाद खाली हाथ लौट आई है। बताया गया है कि लुटेरे दिल्ली से गुजरात भाग गए हैं। महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो निवासी संगीता देवी के साथ बाइक सवार दो बदमाशों ने दो चेन लूट लिया था। पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज में दो युवकों की पहचान हुई जो देवरिया के रहने वाले बताए गए हैं। सर्विलांस में पता चला कि दोनों इस समय दिल्ली में है। फिर एम्स और कैंट थाने की संयुक्त पुलिस लुटेरों की तलाश में 30 अगस्त को दिल्ली पहुँच गई। हाथ पैर मारा लेकिन लुटेरे ठीकाना बदल दिए। ऐसे में थक हार कर पुलिस 2 सितम्बर की देर रात वापस गोरखपुर आ गई। पुलिस के अनुसार लुटेरे देवरिया के रहने वाले हैं। यहां से वह भाग कर दिल्ली गए फिर वहां से गुजरात चले गए हैं। इस संबंध में एम्स थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि लुटेरों की पहचान हो गई है वह देवरिया के रहने वाले हैं पुलिस लोकेशन के आधार पर दिल्ली गई थी लेकिन वह मिले नहीं जल्दी उन्हें गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# घर में कैद कर किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म

**कैम्पियरगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को अपने घर कैद कर दुष्कर्म करने और उसकी मां द्वारा पूछताछ करने पर लड़ाई झगड़ा करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। एक गांव की 17 वर्षीया किशोरी को गांव का ही युवक विशाल एक सितंबर को अपने घर में कैद कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की मां बेटी को खोजते हुए विशाल के घर पूछताछ करने गयी तो विशाल, बसंत,उर्मिला,अन्नू व जोगी लड़ाई झगड़ा करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। किशोरी की मां ने सोमवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी।

# जमीन बेचने के नाम पर पिता-पुत्र पर 23 लाख हड़पने के मामले में केस

**पादरी बाजार(एसएनबी)।** शाहपुर पुलिस ने रविवार को जमीन बेचने के नाम पर 23.50 लाख रुपये हड़पने वाले पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शाहपुर इलाके के हनुमंतनगर निवासी हरिशंकर उपाध्याय ने एसएसपी को दिए पत्र में लिखा है कि राजघाट इलाके के रायगंज रोड स्थित बनकटी चौक निवासी आलोक गुप्ता मेरे पास आए और कहे कि जंगल हकीम नंबर 2 के चौहान टोला में मेरी 2220 वर्गफीट जमीन है। जिसको मेरे पिता राजकुमार गुप्ता बेचना चाहते हैं। पीड़ित जमीन देखने के बाद 1110 वर्गफीट जमीन 27.75 लाख रुपये में लेने को तैयार हो गए। आरोप है कि 2 लाख रुपये एडवांस लेने के बाद पिता पुत्र ने 23.50 लाख रुपये अपने-अपने खाते में जमा करा लिया। मई महीने में पीड़ित ने आरोपी पिता पुत्र से जमीन रजिस्ट्री करने को कहा तो पिता पुत्र ने कहा जमीन पर लोन था ,लोन की किस्त जमा कर दिया गया है। एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) मिलने के बाद जमीन रजिस्ट्री कर दी जाएगी। पीड़ित 25 जून को जमीन पर गया तो देखा कि वहां मजदूर काम कर रहे हैं। उनसे पूछने पर बताया कि सत्यम रियल एस्टेट कारोबारी ने यह जमीन 28 अप्रैल को रजिस्ट्री करा लिया है। पीडित ने आरोपियों से इस संदर्भ में पूछा तो उन्होंने कहा कि जमीन बिक गई है आपको दूसरी जगह जमीन दे देंगे। पीड़ित ने पैसा वापस करने के लिए कहा तो आरोपी ने 15 दिन बाद दो चेक दिया जो बैंक जाने पर अकाउंट होल्ड होने का पता चला।

**शाहपुर इलाके के मोहनापुर में जमीन के बदले लिये थे पैसे**

पीड़ित आरोपी के घर दुबारा पैसे के लिए गया तो पिता पुत्र ने गाली और धमकी दी। थाने पर इसकी शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से शिकायत किया तब उनके निर्देश पर रविवार को शाहपुर पुलिस आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।।

# मार्ट में घुसकर 1.50 लाख की चोरी करने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के रामजानकीनगर चौक पर स्थित सिटी मार्ट से 28 अगस्त को एक लाख पचास हजार रुपए चोरी हो गए। मार्ट के मालिक शक्तिनगर कालोनी, आमबाजार के रहने वाले राजेश कुमार सिंह ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। शाहपुर थाना प्रभारी शशिभूषण राय ने पुलिस टीम बना कर जांच शुरू की। त्रिनेत्र और अन्य सीसीटीवी की जांच करने के बाद आरोपी की पहचान हुई और बसारतपुर पानी टंकी के पास ग्राउंड से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान थाना शाहपुर क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज निवासी सोनू कुमार पुत्र रामायन राम के रूप में हुई। आरोपी से एक लाख ग्यारह हजार रुपये नगद, घटना में प्रयोग की गई मोटर साइकिल व एक हेलमेट बरामद किया गया है।

सफेद शर्ट में लगे दाग से हुई पहचान

सिटी मार्ट में सफाई का काम करता था आरोपी।

मास्क और सर्जिकल ग्लब्स पहन कर की वारदात, हेलमेट पहन कर फरार

पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई के सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया की सोनू कुमार कई जगहो पर सफाई का कार्य करता है। ये नशे व अन्य खर्चों के लिए कई व्यक्तियों से उधार पैसे लिए था उधार न वापस कर पाने और उधार देने वालों के दबाव के कारण इसने चोरी की योजना बनाई। चोरी के लिए इसने राम जानकी नगर चौक पर स्थित सिटी मार्ट को चुना क्योंकि ये उसी दुकान में काम करता था। सोनू को पूरी दुकान और पैसे रखने की दराज व सीसीटीवी कैमरो के बारे में पूरी जानकारी थी। कुछ दिन रेकी करने के बाद सोनू 28अगस्त 2023 को रोज की तरह सिटी मार्ट आया और साफ सफाई करने के बाद समय शाम करीब 4.30 बजे वापस चला गया। फिर उसी दिन शाम करीब 630 बजे सफेद शर्ट पहन कर चेहरे को मास्क व हेलमेट से छुपाकर दुकान से करीब 500 मीटर दूर एक गली में अपनी मोटर साइकिल छुपा दिया और दुकान से खीच दूरी पर इंतजार करने लगा। करीब सात बजे दुकान के गार्ड को अन्दर जाता देखकर मौका पाकर मार्ट में घुस गया। दुकान मे भीड़ का फायदा उठाकर मार्ट के अन्दर एक कमरे में जिसमे खाली गत्ते भरे हुए थे, घुस गया और छिपकर बैठ गया। करीब 3.30 घण्टा इंतजार करने के बाद जब सोनू को यकीन हो गया की मार्ट बन्द हो चुका है तो करीब 1030 बजे गत्ते वाले कमरे से बाहर निकला और सर्जिकल ग्लब्स पहन कर दुकान में लगे लाइट की एमसीबी को आधा मतलब बीच में कर दिया जिसकी वजह से इन्वर्टर भी आन नही हुआ और पूरी दुकान की लाइट व सीसीटीवी कैमरे बन्द हो गया।

फिर मार्ट के आफिस में पहुंचा जहाँ पर पैसे रखे जाते है। पैसे रखने वाले दराज को खोलकर दराज मे रखे करीब 150000 रुपये निकाल लिए तथा चोरी करने के पश्चात पैसे एक झोले में लेकर दुकान मे ही रखी पिछले गेट की चाभी से गेट खोलकर दुकान से बाहर निकल गया, और हेलमेट व मास्क से मुह छिपाये हुए अपनी मोटर साइकिल लेकर फरार हो गया।

### शर्ट के दाग से हुई चोर की पहचान

एसपी सिटी ने बताया की घटना के दिन शाम 5 बजे से लेकर दूसरे दिन सुबह तक की लगभग 30 सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तब जाकर आरोपी का सुराग मिला। फुटेज में आरोपी गोरखनाथ क्षेत्र से आता दिखाई दिया और दुकान से 500 मीटर दूर एक गली में गाड़ी खड़ी कर दी। आरोपी ने चोरी की रात सफेद शर्ट पहन रखी थी जिस पर एक दाग लगा हुआ था। संयोग से उसके अगले दिन सीसीटीवी फुटेज में सोनू ने वही शर्ट पहन रखी थी। फिर पुलिस ने गाड़ी का मिलान किया और सोनू पर शक पक्का हो गया। जिसके बाद सोनू को गिरफ्तार कर पूछ ताछ की गई तो उसने चोरी करना कुबूल किया और उसकी निशानदेही पर गाड़ी, पैसे, शर्ट और हेलमेट बरामद किया गया।

# किसान कल्याण केंद्र के सामने अवैध निर्माण को पुलिस ने रोका

जासं, भटहट: कस्बे में कंस्ट्रक्शन आफ मल्टीपरपज सीड स्टोर एंड टेक्नोलाजी डोमिनेशन सेंटर (किसान कल्याण केंद्र) के सामने किए जा रहे अवैध निर्माण को सोमवार को पुलिस ने रोक दिया। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी की शिकायत के बाद कार्रवाई हुई है। निर्माणाधीन किसान कल्याण केंद्र के सामने की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा निर्माण कराया जा रहा है।

इसे अवैध बताते हुए जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गुलरिहा थाने में तहरीर दी गई है। केंद्र का निर्माण एक करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इससे एक की छत के नीचे किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध होने लगेंगी। एडीओ कृषि अशोक कुमार गिरि ने बताया कि किसान कल्याण केंद्र भवन के चारों तरफ लगभग 24 फीट भूमि खाली छोड़ी गई है, जिससे गोदाम तक ट्रकों का आवागमन हो सके। कुछ लोगों की नजर सरकारी भूमि पर है। चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य को रोकवा दिया गया है।

# स्वीपर ने की थी चोरी, शर्ट के दाग से धराया

- रामजानकी नगर के सिटी मार्ट के कैश काउंटर से हुई चोरी के मामले का पुलिस ने किया पर्दाफाश
- स्वीपर ने चुराए थे 1.50 लाख, चोरी के लिए 3.30 घंटे गोदाम में छिपा रहा, मार्ट बंद होने पर की वारदात



पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई • जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रामजानकी नगर स्थित सिटी मार्ट में हुई चोरी का शाहपुर थाना पुलिस ने सोमवार को पर्दाफाश कर दिया। चोरी करने वाले स्वीपर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.11 लाख रुपये और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सोमवार की दोपहर में पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि 28 अगस्त की रात में सिटी मार्ट के कैश काउंटर से 1.50 लाख रुपये चोरी हो गए थे। संचालक राजेश कुमार सिंह की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर शाहपुर थाना पुलिस जांच कर रही थी। छानबीन करने पर पता चला कि घटना वाले दिन शाम सात बजे एक व्यक्ति हेलमेट व मास्क पहन मार्ट में घुसा, जो निकला नहीं। सीसी कैमरा फुटेज की जांच करने पर वह मार्ट के पिछले रास्ते से रात को निकलकर बाइक से जाते हुए दिखा। गहनता से छानबीन करने पर पता चला कि चोरी करने वाले युवक की शर्ट पर दाग है। घटना में किसी कर्मचारी के शामिल होने के संदेह पर पिछले 10 दिन का सीसी कैमरा फुटेज देखा गया तो पता चला कि जिस शर्ट पर दाग लगा है, वह मार्ट में सफाई करने वाले शिवपुर सहबाजगंज के सोनू कुमार की है। उसे पहनकर वह कई बार आते-जाते दिखा। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सोनू कुमार ने अपना जुर्म स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी हुए रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक और हेलमेट बरामद हुए।

**कर्ज चुकाने के लिए की चोरी :** सोनू ने बताया कि वह मौज-मस्ती करने के लिए उसने कई लोगों से रुपये उधार लिए थे। जिन लोगों ने रुपये दिए थे, वह वापस करने का दबाव बना रहे थे। कर्ज चुकाने के लिए उसने मार्ट में चोरी करने का प्लान बनाया। शाम सात बजे हेलमेट पहनकर मार्ट के गोदाम में जाकर छिप गया, वहां गत्ता ओढ़कर 3:30 घंटे छिपा रहा। रात 10:30 बजे बाहर निकला तो सभी लोग जा चुके थे। लाइट व सीसी कैमरे बंद करने के बाद कैश बाक्स खोल रुपये निकालने के बाद पीछे का दरवाजा खोलकर निकल गया।

# नाराज होकर घर से निकली किशोरी हरियाणा से बरामद

जासं, भटहट : मां की डांट से नाराज होकर घर से गायब हुई किशोरी को पुलिस ने रविवार को हरियाणा से बरामद कर लिया। 15 अगस्त को फतेहपुर का रहने वाला चांद मोहम्मद उसे लखनऊ रेलवे स्टेशन से लेकर हरियाणा चला गया था। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

गुलरिहा के एक गांव की किशोरी को उसकी मां ने 15 अगस्त की सुबह डांट दिया था। इससे नाराज होकर उसने घर छोड़ दिया और ट्रेन पकड़कर लखनऊ पहुंच गई। स्टेशन पर अकेला देख आरोपित उसके पास पहुंचा और बात करने लगा। किशोरी के खुद को अनाथ बताने पर उसने भी स्वयं को अनाथ बताया और एक साथ रहने का वादा करके उसे हरियाणा लेकर चला गया। वह वहां के एक होटल में काम करता था। इधर, बेटी के घर नहीं आने पर स्वजन परेशान हो उठे और काफी खोजबीन की। पता नहीं चला तो मां ने 18 अगस्त को भटहट पुलिस चौकी पर सूचना दी। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू की। इसी बीच एक सितंबर को किशोरी ने आरोपित के मोबाइल फोन से मां को फोन कर बताया कि वह जहां भी है, सुरक्षित है। शादी भी कर ली है। मां ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी गुलरिहा जेएन शुक्ला ने बताया कि नंबर ट्रेस कर लोकेशन के आधार पर आरोपित के पास से किशोरी को बरामद कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई चल रही है।

## सिंचाई विभाग के कर्मचारी पर दुष्कर्म करने का आरोप

गोरखपुर : विधवा महिला ने सिंचाई विभाग के कर्मचारी पर शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। एम्स थाना पुलिस जांच कर रही है। महिला ने तहरीर में लिखा है कि आजमगढ़ का रहने वाला आरोपित कुसम्ही में किराए पर रहता है। चार वर्ष पहले पति की मृत्यु के बाद सिंचाई विभाग के कर्मचारी ने जान पहचान बढ़ाई। शादी का झांसा देकर उसने दुष्कर्म किया और 80 हजार रुपये हड़प लिया। थानाध्यक्ष एम्स मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि आरोप की जांच चल रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# किशोरी को घर में छिपाकर दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**कैंपियरगंज** : एक गांव की किशोरी की मां ने थाना में तहरीर देकर पड़ोस के युवक विशाल और उसके स्वजन पर केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि एक सितम्बर को उसकी 17 वर्षीय बेटी को आरोपित युवक ने अपने घर में छिपाकर दुष्कर्म किया। जानकारी होने पर जब उसके घर पहुंचे तो युवक समेत स्वजन मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी राज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार मारपीट व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# दिल्ली से खाली हाथ लौट आई एम्स थाने की पुलिस

**गोरखपुर** : एम्स थाना क्षेत्र में दस दिन पहले झारखंडी टुकड़ा नंबर-दो की रहने वाली संगीता देवी की चेन बाइक सवार बदमाशों ने लूट ली थी। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसी कैमरे से दोनों बदमाशों की पहचान की। दोनों देवरिया के थे। सर्विलांस से पता चला कि दोनों दिल्ली फरार हो गए हैं। एम्स व कैंट थाने की पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए 30 अगस्त को दिल्ली पहुंच गई। चार दिन के बाद खाली हाथ लौट आई है। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाश दिल्ली से गुजरात भाग गए थे। अब पुलिस गुजरात जाने की तैयारी में है।

# कार्रवाई के आश्वासन पर माने स्वजन

## पुलिस की मौजूदगी में 40 घंटे के बाद मुक्ति पथ पर हुआ उमेश का दाह संस्कार

जासं, गगहा/हाटा बाजार : हत्यारोपितों की गिरफ्तारी, परिवार को आर्थिक मदद, आवास और नौकरी देने की मांग कर रहे उमेश के स्वजन ने दाह संस्कार से इन्कार कर दिया। एसडीएम, तहसीलदार व सीओ दिनभर मनाते रहे। हाईवे जाम करने की चेतावनी देने पर दूदापार गांव में आसपास के थानों की फोर्स बुला ली गई। शाम 4:30 बजे एसडीएम ने मांगपत्र लेने के साथ ही पूरा कराने का भरोसा दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। फोर्स की मौजूदगी में 40 घंटे बाद मुक्ति पथ पर उमेश का दाह संस्कार हुआ।

रविवार की शाम को पोस्टमार्टम के बाद उमेश प्रसाद का शव दूदापार गांव में पहुंचा। परिवार के लोगों ने भाइयों के बाहर होने की जानकारी देते हुए उनके आने पर सोमवार की सुबह दाह संस्कार करने का भरोसा दिया। सुबह 10 बजे उमेश के घर रिश्तेदारों के साथ ही गांववालों की भीड़ जुट गई। इसके बाद परिवार के लोग आरोपितों की गिरफ्तारी होने तक दाह संस्कार न करने की बात करने लगे। दोपहर 12 बजे एडीएम बांसगांव सिद्धार्थ पाठक, तहसीलदार राजेश सिंह और सीओ प्रशाली गंगवार फोर्स के साथ पहुंचे। उनके बातचीत करने पर स्वजन व रिश्तेदारों ने हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी, घर के एक सदस्य को नौकरी, ढाई एकड़ भूमि, प्रधानमंत्री आवास व 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की मांग शुरू कर दी। साढ़े चार घंटे तक अधिकारी परिवार के लोगों को समझाते रहे, लेकिन वे तैयार नहीं हुए। शाम 4:30 बजे उमेश की मां बरसाती देवी ने उपजिलाधिकारी को पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। सभी मांग पूरा कराने का भरोसा मिलने पर परिवार के लोग दाह संस्कार करने को तैयार हुए।



एसडीएम बांसगांव को मांगपत्र सौंपती मृतक उमेश की मां बरसाती देवी • जागरण

### टिन बजाने पर डंडे से पीटकर की थी उमेश की हत्या

दूदापार गांव का रहने वाला उमेश अपने भाइयों में चौथे नंबर पर था। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सोनईचा गांव के राजकपूर पांडेय का खेत बटाई पर लेकर उमेश ने मक्का बोया था, जिसकी रखवाली रात में करता था। शनिवार की रात वह मक्के के खेत की रखवाली करने गया था। चिड़िया व जानवरों को भगाने के लिए वह टिन बजा रहा था, जिससे नाराज होकर गांव के जगजीवन व उसके बेटे निर्मल ने डंडे से पीटकर उमेश की हत्या कर दी। गगहा थाना पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है।

# फिर शुरू हो गया रोगियों को बेचने का धंधा

## रोगियों के स्वजन को गुमराह कर एंबुलेंस की जगह कारों से पहुंचाया जा रहा नर्सिंग होम

**5 मिनट लगते हैं रोगी को कार में बैठाकर निकल जाने में। गलियों में खड़ी रहती हैं कारें। कारण कि रोगियों को नर्सिंग होम पहुंचाने के लिए अब एंबुलेंस का नहीं, कारों का उपयोग किया जाता है। गेट पर बुलाया जाता है एंबुलेंस**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जिला अस्पताल में भर्ती रोगी कब बिक जाता है, यह उसे भी पता नहीं चल पाता है। अच्छे उपचार के आश्वासन में स्वजन को गुमराह कर रोगी को नर्सिंग होम भेज दिया जाता है। बीच में प्रमुख अधीक्षक की सक्रियता व जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से यह अवैध धंधा रुका था, लेकिन अब पुनः चालू हो गया है।

अनेक नर्सिंग होम का धंधा जिला अस्पताल के रोगियों पर निर्भर है, क्योंकि न तो आम आदमी उनका नाम जानता है और न ही उनके यहां कोई नामी डाक्टर बैठते हैं। रोगियों को नर्सिंग होम पहुंचाने के लिए अब एंबुलेंस का नहीं, कारों का उपयोग किया जाता है। ये कारें जिला अस्पताल के आसपास गलियों में खड़ी रहती हैं। जब मरीज अच्छे उपचार के लालच में नर्सिंग होम में जाना स्वीकार कर लेता है तो एंबुलेंस को अस्पताल के गेट पर बुलाया जाता है। इसमें अस्पताल के कर्मचारी भी मिले हुए हैं। वार्ड से रोगी गेट पर पहुंचता है और ठीक उसी समय कार भी पहुंचती है। रोगी को उसमें बैठाकर निकल जाने में अधिकतम पांच मिनट लगते हैं। प्रमुख अधीक्षक यह स्वीकारते हैं कि यह धंधा फिर शुरू हो गया है और इसमें जिला अस्पताल के कर्मियों की मिलीभगत है।

**20 से 25 हजार रुपये में बिकते हैं रोगी** : जिला अस्पताल से रोगियों को नर्सिंग होम भेजे जाने के लिए 20-25 हजार रुपये कर्मचारी को मिलते हैं। नर्सिंग होम के दलाल दिनभर अस्पताल के आसपास घूमते रहते हैं। जब रोगी तैयार हो जाता है तो कर्मचारी दलाल को बुला लेते हैं। उनके माध्यम से रोगी नर्सिंग होम पहुंच जाता है। जब पैसे खत्म हो जाते हैं तो सरकारी अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है।



गोरखपुर जिला अस्पताल का मुख्य द्वार • जागरण



जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद रोगियों को बेचने का धंधा बीच में बंद हो गया था, लेकिन फिर शुरू हो गया है। जबसे यह सूचना मिली है, निगरानी सघन कर दी गई। कोई कर्मचारी इसमें लिप्त पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**डा. राजेंद्र ठाकुर**, प्रमुख अधीक्षक, जिला अस्पताल

# पशुओं का चारा न लाने पर ससुराल वालों ने पीटकर निकाला

जासं, गोरखपुर : पशुओं का चारा न लाने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़ित की शिकायत पर चिलुआताल थाना पुलिस ने पति, ससुर समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

उमरपुर की रहने वाली दीपा ने चिलुआताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि चार वर्ष पहले उसकी शादी मंदिर में राजकमल से हुई थी। शादी के कुछ दिन तक सबकुछ ठीक रहा। उसके बाद ससुराल के लोग प्रताड़ित करने लगे। लोकलाज के डर से वह चुप रही। 27 अगस्त को पशुओं का चारा लाने को कहा।

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-09-2023

# भूमि विवाद पर दो पक्ष भिड़े, पांच चालान

खुखुन्दू। स्थानीय थाना क्षेत्र के बतरौली पांडेय गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने लगा। इसी बीच विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए इस मामले में पुलिस महिला सहित पांच लोगों का चालान कर दिया। बतरौली पांडेय गांव में दिलीप यादव व अनुपा देवी के बीच भूमि को लेकर विवाद होने लगा, इसी बीच विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए, पुलिस इस मामले में दिलीप यादव उनकी पत्नी सीता देवी चादबली व दूसरे पक्ष के अनुपा देवी व प्रतिभा देवी को शांति भंग में चालान कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भूमि विवाद को लेकर पांच लोगों का चालान कर दिया गया।

# जब्त बालू को ट्रक पर ले जाने की कर रहे थे तैयारी

बरहज (एसएनबी)। नगर के पूर्वी रेलवे ढ़ाला बाईपास स्थित एक खेत में अवैध तरीके से बालू का स्टाक किया गया था। पूर्व में मेहियवां में खनन माफियाओं द्वारा सिल्ट सफ्फाई के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू का खनन डेंजर जोन में किया गया और जगह-जगह बालू का स्टाक कराया गया। जांच में अवैध पाये जाने पर बालू के स्टाक को प्रशासन द्वारा जब्त कर दिया गया। सोमवार को 2 बड़े ट्रक व पोकलैण्ड मशीन से बिना किसी परमिशन के ही बालू को लादकर ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि सूचना पर स्थानीय प्रशासन पहुंच गया और वाहन ट्रक सहित पोकलैण्ड मशीन को अपने कब्जे में ले लिया। उपजिलाधिकारी अवधेश निगम ने बताया कि पूर्व में बालू का खनन कर स्टाक किया गया था। जिसे प्रशासन द्वारा जब्त किया गया था। बिना रायल्टी जमा किये ही स्टाक से बालू उठाने की तैयारी चल रही थी जिसे पुलिस द्वारा रोक दिया गया। रायल्टी जमा व अन्य कार्यवाही के बाद ही बालू उठाने की अनुमति दी जायेगी।



# गुमशुदा व्यक्ति को पुलिस ने किया बरामद

**भटनी (देवरिया)।** भटनी नगर के चुडागली निवासी गुमशुदा एक व्यक्ति को पुलिस ने किया बरामद। बताया गया है कि ओमप्रकाश वर्मा पुत्र हीरालाल वर्मा द्वारा एक तहरीर भटनी पुलिस को दिया ।जिसमे अपने पुत्र 28वर्षीय धीरज वर्मा को दो दिन पूर्व लापता होने की सूचना देते हुए लिखा था कि 2 सितम्बर को घर से बाजार जाने की बात कहकर गया था ।अब तक घर वापस नही आया ।पुलिस गुमशुी की प्राथमिकी दर्ज कर धीरज के मोबाईल को सर्विसलान्स पर लगाकर उसका लोकेशन लेकर रात को पुलिस कुशीनगर के कसया थाना से एक होटल से बरामद कर हीरालाल वर्मा को उनके पुत्र धीरज को सौप दिया ।

# बीस लाख के अवैध शराब पर चला प्रशासन का बुल्डोजर



पुलिस द्वारा बुल्डोजर अवैध शराब नष्ट कराये जाने का दृश्य।

गौरीबाजार (एसएनबी)। न्यायालय के आदेश पर गौरीबाजार थाना परिसर में लगभग बीस लाख के अवैधशराबपर प्रशासन का बुल्डोजर चला,यहशराब गौरीबाजार पुलिस द्वारा विगत चार सालों में पकड़ कर मालखाने में रक्खी गयी थी ।जिससे बदबू आने से संक्रमित बीमारियां फैलने का डर था।

गौरीबाजार पुलिस द्वारा 2019 से जुलाई 2022 तक पकड़ी गईअवैध शराबजो थाना परिसर के मालखाने में रक्खी गयी थी,चूहों के कुतरने सेशराबकी बोतलों सेशराबरिस रहा था ,शराबके रिसने से सड़न गलन होने से थाना परिसर मे बदबू उठ रही थी, जिससे संक्रमण रोग फैलने की सम्भावना को देखते हुए थाना प्रभारी गौरीबाजार की गुहार पर न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर देवरिया पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर ,उपजिला मजिस्ट्रेट रुद्रपुर के द्वारा गठित टीम नायब तहसीलदार रुद्रपुर अनिल तिवारी, आबकारी निरोधक क्षेत्र प्रथम जनपद देवरिया सुधीर कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक गौरीबाजार राजू सिंह हेड मोहरी अरविंद यादव व गौरीशंकर चौहान सहित थाने के पुलिसकर्मियों के उपस्थिति में अवैध शराब पर बुलडोजर चलाया गया ।इस कार्यवाही मे शराबक्रेजी रोमियो हरियाणा निर्मितशराब 870 पेटी प्रति शीशी 180 एमएल,बंटी बबली -20 पेटी प्रति शीशी 180 एमएल व कच्ची शराब 4500 लीटर विनष्टीकरण नियमानुसार थाना परिसर मे गा खोदकर उपकरणों का तोड़ फोड़ जेसीबी (बुलडोजर)मशीन द्वारा नष्ट किया गया ।नष्ट किये गएशराबकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये बताई जा रही है।

# एसडीएम ने गरीब को खेत पर दिलाया कब्जा

बरहज (एसएनबी)। तहसील क्षेत्र के ग्राम नरियांव निवासी शिवदास कन्नौजिया पुत्र स्व. फतिंगन ने 1 जुलाई 2023 को तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि प्रार्थी का खेत हरिशंकर सिंह पुत्र स्व. देवशरण सिंह ने जबरिया कब्जा कर लिया है। इस मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर हरिशंकर सिंह के विरूद्ध मईल थाने में एफआईआर दर्ज हुआ लेकिन श्री सिंह द्वारा खेत नहीं छोड़ा गया। सोमवार को उपजिलाधिकारी अवधेश निगम ने हरिशंकर सिंह व शिवदास कन्नौजिया को बुलाकर दोनों के बीच सुलह समझौता कराते हुए शिवदास को उसके खेत पर कब्जा करा दिया। गौर तलब है कि 28 मई को थाने पर आयोजित समाधान दिवस पर शिवदास ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि करीब 10 वर्ष पूर्व हरिशकर सिंह से 62 हजार रूपया कर्ज लिया था। 1.20 लाख रूपया देने के बाद भी मूलधन व ब्याज की मांग की जा रही है। रूपया नहीं देने पर आरोपी ने शिवदास धोबी का 8 कट्ठा खेत जोत लिया। शिवदास ने प्रार्थना पत्र में अवगत कराया है कि मैं एक गरीब आदमी हूं। जीविका का एक मात्र सहारा मेरा खेत ही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव द्वारा जांच किया तो प्रकरण सही पाया गया और सुसंगत धाराओं में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए श्री सिंह के विरूद्ध मुकद्मा दर्ज किया तथा आवश्यक कार्यवाही के लिए उपजिलाधिकारी बरहज को निर्देशित किया गया। सोमवार को एसडीएम ने हरिशंकर सिंह व शिवदास कन्नौजिया के बीच आपसी सुलह समझौता कराकर शिवदास को उसके खेत पर कब्जा करा दिया। वर्तमान समय में उक्त खेत में धान की फसल बोयी गयी है। जिसे हरिशंकर सिंह द्वारा काटा जायेगा। लिखित समझौते पर दोनों लोगों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति प्रदान की है। एसडीएम अवधेश निगम ने बताया कि खेत बन्धक रखा गया था। पीड़ित व्यक्ति द्वारा दोगुना रकम देने के बाद भी रेहन लेने वाले खेत को नहीं छोड़ रहे थे। दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता करा दिया गया।

**10 वर्ष पूर्व गरीबी के चलते खेत को रखा था रेहन**

# एसडीएम ने निजी अस्पताल को कराया सीज

रुद्रपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी देवरिया द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद में अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर, नर्सिंग होम, अस्पताल, पैथोलॉजी आदि की जांच कराये जाने के लिये अभियान चलाया गया है। जिसमें मंगलवार को एसडीएम रुद्रपुर द्वारा नगर में किये गये छापेमारी से हड़कम्प मच गया। एसडीएम रुद्रपुर विपिन कुमार द्विवेदी व सा. स्वा. केन्द्र के अधीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा नगर के श्री दुग्धेश्वर नाथ मंदिर स्थित पूर्वी बाईपास मार्ग पर संचालित प्रेमा हास्पिटल पर जांच किया गया। जहां अस्पताल के संचालक द्वारा कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया। नहीं मौके पर कोई मौजूद चिकित्सक मिला। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी मार्च 2023 को समाप्त हो गया था। इसके बावजूद भी संचालक द्वारा अस्पताल में दो मरीजों का ऑपरेशन किया गया था। इसके बावजूद भी कोई चिकित्सक नहीं था। एसडीएम रुद्रपुर विपिन कुमार द्विवेदी ने एम्बुलेंस बुलवाकर मौजूद दो मरीजों को जिला चिकित्सालय देवरिया भेजवाते समय, अस्पताल का सीज कर दिया। इसके पूर्व बगल में संचालित वरदान हास्पिटल का भी निरीक्षण किया, जहां रजिस्ट्रेशन मौजूद था, किन्तु वहां कोई चिकित्सक नहीं मिला। संचालक को चेतावनी दिया। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।



# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

बनकटा(एसएनबी)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर दूसरे समुदाय के व्यक्ति पर अपनी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। तहरीर के मुताबिक शिकायतकर्ता की सोलह वर्षीय बहन शनिवार की सुबह रोज की भांति स्कूल जा रही थी।तभी कुछ लोग उसे बहला फुसलाकर चारपहिया वाहन से लेकर चले गए।शिकायतकर्ता के गांव के कुछ लोगों ने जब उसकी बहन को चारपहिया वाहन पर कुछ लोगों के साथ जाते देखा तो नाबालिक के परिजनों को इस बारे में सूचित किया।शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिहार के सिवान जिले के दरौली थाना क्षेत्र के हरनाटाड़ गांव निवासी दूसरे समुदाय के एक युवक और उसके साथियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

# तीसरे दिन गात्व मे जमी रही पुलिस फोर्स-शिक्षक की हत्या का मामला

गौरीबाजार (एसएनबी)। गौरीबाजार थानाक्षेत्र के नगरौली गाँव में घटना के तीसरे दिन भी पुलिस फोर्स जमी रही,उसी गाँव निवासी इम्तियाज ने शिक्षक की लाठी व चाकू मारकर हत्या कर दिया था,दो समुदायों के बीच का मामला होने से शांति व्यवस्था के लिए गाँव मे पुलिस फ़ोर्स घटना के दिन से ही तैनात कर दिया गया था,इस मामले में पुलिस ने इम्तियाज सहित पाँच लोगो पर हत्या सहित अन्य गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

क्षेत्र के नगरौली गाँव निवासी परशुराम प्रसाद एक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक थे।व ट्यूशन भी पढ़ाते थे,शनिवार की देर रात वह कस्बे से साइकिल से घर जा रहे थे।अभी वह घर के समीप पहुँचे थे,की रास्ते में गांव के इम्तियाज व उसके परिवार के लोग सड़क पर चारपाई बिछाकर बैठे थे।रास्ते से उन्हें परशुराम जब चारपाई हटाने के लिए कहे तो वह चारपाई हटाने से मना कर दिए,इस पर दोनों में कहासुनी हुई,देखते देखते ही इम्तियाज आक्रोशित हो उठा और उन्हें दौड़ा कर चाकू व लाठी से मारकर हत्या कर दिया।



घटनास्थल पर पहरा देते पुलिसकर्मी ।

मौके पर पहुँचे गौरीबाजार थानेदार राजू सिंह ने दो समुदायों के बीच का मामला होने के वजह से गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात करा दिया,पूरी रात गाँव मे पुलिस तैनात रही,सुबह पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा,सदर विधायक सलभ मणि त्रिपाठी सहित अन्य आलाधिकारियों ने पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया,आरोपी की मकान अवैध जमीन पर बने होने की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम व प्रशासन आरोपी के घर पर बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त कराने की ब्यवस्था बना रहा है,मृतक के बेटे रविशंकर भारती की तहरीर पर पुलिस ने गांव के इम्तियाज अली उर्फ सियाही उसकी पत्नी शाहजहां खातून,बेटी रवीना, सनीजा व गुलाब के विरुद्ध धारा147,148,302,323 ,336, 427,452,504 के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।सोमवार को भी शांति ब्यवस्था के लिए गाँव मे पुलिस फोर्स व पीएससी के जवान तैनात रहे।

# आठ पर छेड़खानी व एससी-एसटी एक्ट का केस

तरकुलवा(एसएनबी)। स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम बरईपट्टी में पांच रोज पूर्व हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने पुलिस ने आठ लोगों पर बलवा, एससीध्एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। तरकुलवा थानाक्षेत्र के बरईपट्टी गांव की रहने वाली उर्मिला देवी ने तरकुलवा थाने में तहरीर देकर कहा है कि उनका बेटा 31 अगस्त की रात में घर आ रहा था। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने अपने घर के सामने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि बीचबचाव करने गई उनकी बेटी का आरोपियों ने कपड़ा फाड दिया और उसे भी मारापीटा।

# जनसेवा संचालकों से लूटकांड के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

गौरीबाजार। रुद्रपुर कोतवाली थानाक्षेत्र व गौरीबाजार थानाक्षेत्र के जनसेवा संचालक को गोली मारकर लूट करने वाले आरोपी को सोमवार की रात गौरीबाजार थाना ,रुद्रपुर कोतवाली पुलिस व एसओजी की सयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में गोली लगी,जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया,वही एक अपराधी भागने में कामयाब रहा,घायल अपराधी को पुलिस ने इलाज के लिए गौरी बाजार सीएससी भर्ती कराया ,जहां हालत गंभीर देख डक्टर ने देवरिया मेडिकल कलेज रेफर कर दिया ,खबर लिखे जाने तक वहां उसका इलाज चल रहा था।

रूद्पुर कोतवाली थानाक्षेत्र के रुद्रपुर उपनगर के पूर्वी तिवारी टोला वार्ड के रहने वाले तीर्थराज तिवारी पुत्र चंद्रमोहन त्रिपाठी रुद्रपुर-देवरिया मार्ग पर बैरियाघाट चौराहा पर भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। दोपहर में केंद्र पर अकेले बैठे थे ,इसी दौरान दो युवक आए और असलहा दिखाकर कैश काउंटर में ग्राहकों को लेनदेन के लिए रखा 40 हजार कैश ले कर भाग गए, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस दो अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी थी,तभी 14 अगस्त को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के अवधपुर गांव निवासी कमलेश निषाद (18) पुत्र रूदल कटाई चौराहे पर सहज जनसेवा केंद्र व इलेक्ट्रिक की दुकान चलाता हैं। दोपहर में बाइक से कुछ बदमाश उसके जनसेवा पर पहुंचे।और जनसेवा के अंदर घुस गए, व संचालक से रंगदारी मागते हुए पिस्टल के दम पर काउंटर में रक्खा दो लाख रुपये निकाल लिए,बदमाश संचालक के पास बैग में रक्खा पैसा छीनना चाहे जिसका संचालक ने विरोध किया तो उन्होंने उसपर पिस्टल से फायर कर दिया और असलहा लहराते हुए भाग निकले,15 अगस्त को आईजी गौरी बाजार के कटाई चौराहा स्थित जन सेवा केंद्र जहां लूट की घटना हुई थी,उसका निरीक्षण किये,व जल्द से जल्द घटना के अनावरण का निर्देश दिए,रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ,गौरीबाजार पुलिस टीम के साथ एसओजी टीम भी अपराधियो के तलाश में जुटी है।सीसीटीवी फुटेज के आधार व मोबाइल सवर्सलान्स के जरिये पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही थी,तभी उंन्हें सोमवार की रात सूचना मिली कि लूटकांड का आरोपी गौरीबाजार थानाक्षेत्र के कालाबन गाँव के समीप है,तत्काल रूद्पुर कोतवाल नवीन सिंह गौरीबाजार थानेदार राजू सिंह व एसओजी की टीम ने छापेमारी किया,अपराधियों ने पुलिस पर फायर झोंका पुलिस के जबाबी फायरिंग में अपराधी कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव निवासी पननहा गौरीबाजार थानाक्षेत्र के पैर में पुलिस की गोली लगी। पुलिस ने इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया,जहा हालात गम्भीर देख उसे देवरिया मेडिकल कालेज रेफर कर दिया,वही एक अपराधी भागने में कामयाबे रहा,घायल अपराधी के खिलाफ गौरीबाजार थाने में 17 मुकदमे दर्ज है और वह 25 हजार का इनामी बदमाश है,खबर लिखे जाने तक पुलिस दूसरे बदमाश के तलाश में जुटी थी।

# हापुड़ की घटना को लेकर न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

देवरिया/सलेमपुर/बरहज (एसएनबी)। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर हापुड़ की घटना को लेकर पूरे जिले के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं की यह हड़ताल कल भी चलेगी। दीवानी न्यायालय, कलेक्ट्रेट एवं जिले के पांच तहसीलों के अधिवक्ता सोमवार को कार्य नहीं किए। मुकदमों में सामान्य तारीखें पड़ीं। अधिकांश वादकारी भी कचहरियों में नहीं पहुंचे। उधर जिला प्रशासन अधिवक्ताओं की हड़ताल को लेकर काफी सतर्क था। कलेक्ट्रेट एवं दीवानी न्यायालय के अगल बगल जगह- जगह पुलिस तैनात की गई थी। जेल प्रशासन ने कैदियों की गाड़ी अधिवक्ताओं के कचहरी पहुंचने के पहले ही प्रातः 9 बजे दीवानी न्यायालय के गेट के अंदर पहुंचा दिया। कैदियों ने विभिन्न न्यायालयों में अपनी हाजिरी दर्ज कराई। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह के कार्यालय में पहुंचकर दिया। यहां पर कलेक्ट्रेट एवं दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

ज्ञापन देने के पहले अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय में बैठक किया। इस बैठक में हापुड़ के अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की निन्दा की गई। आश्चर्य व्यक्त किया गया कि प्रदेश शासन ने हापुड़ पुलिस पर कोई एक्शन नहीं लिया। ज्ञापन में हापुड़ के डीएम एवं एसपी के तबादले की मांग की गई है। इसके अलावा हापुड़ के अधिवक्ताओं को पीटने वालों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे समाप्त करने की भी मांग की गई है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर उत्तर प्रदेश में



लागू करने पर जोर दिया गया है। हापुड़ के घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की भी मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दिया कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, सचिव अरुण कुमार उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष सुभाषचन्द्र राव, श्रीराम तिवारी, सिंहासन गिरि, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजबांके तिवारी, वर्तमान अध्यक्ष उमेशचन्द्र मिश्र आदि प्रमुख थे। उधर देवरिया तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। उपजिलाधिकारी सदर को अधिवक्ताओं ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन में हापुड़ के घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने एवं दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कारवाई की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में तहसील बार एसोसिएशन देवरिया के मंत्री अभय कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद मणि, उपाध्यक्ष अजय दूबे, संयुक्त सचिव अखिलेश कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष गिरीशनारायण तिवारी, आडिटर राजाराम सहित दर्जनों अधिवक्ता शामिल थे।

**बरहज** प्रतिनिधि के अनुसार अधिवक्ता संघ बरहज द्वारा हापुड़ में हुए अधिवक्ताओं पर बर्बर लाठी चार्ज तथा फर्जी मुकदमें में अभियुक्त बनाये जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि प्रदेश की पुलिस बेलगाम हो चुकी है। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सभी अधिवक्ता संघ को 'आवाह्न किया है कि जब तक हापुड़ के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का तबादला नहीं हो जाता तब तक अधिवक्ता संघ आन्दोलित रहेंगे।

# न्याय चला निर्धन के द्वार : जिला जज

देवरिया(एसएनबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों को निस्तारित करावें। वहीं छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार दूबे द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्दिरा सिंह, छाया नैन, संजय सिहं , मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ,मंजू कुमारी, सिविल जज (सी0डी0) विवेक कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुन्दर पाल, सिविल जज (सी0डी0) एफ0टी0सी इसरत परवीन फारूकी, सिविल जज (जू0डी0) श्रीकान्त गौरव, अपर सिविल जज विकास वर्मा, अपर सिविल जज अभिषेक शर्मा, अपर सिविल जज सिद्दी जय प्रकाश, क्षेत्रीय प्रबन्धक बडौदा यूoपी बैंक भीमा राव, वरिष्ठ प्रबन्धक संदीप सिंह , राहुल कुमार एवं न्यायालय कर्मी ,सुरक्षाकर्मी इत्यादि लोग उपस्थित रहें।



जागरूकता वाहन को रवाना करते जिला जज ।

हिस्ट्रीशीटर कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव पर था 25 हजार इनाम, गौरीबाजार के कालावन गांव के पास हुई मुठभेड़

# पुलिस से मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

**सफलता**

गौरीबाजार (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम पुलिस की लुटेरों के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें 25 हजार के इनामी बदमाश कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव के पैर में गोली लगी, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। घायल बदमाश का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

पुलिस को सोमवार देर शाम सूचना मिली की लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के दो बदमाश गौरीबाजार चीनी मिल परिसर के पास मौजूद हैं। वे किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सक्रिय हुई एसओजी टीम ने गौरीबाजार और रुद्रपुर पुलिस के साथ चीनी मिल परिसर की घेराबंदी कर दी। पुलिस की गाड़ियों को देख बदमाश बाइक से भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बदमाशों ने कालावन गांव के समीप फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बाइक पर पीछे बैठे बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई और वह गिर गया, जबकि बाइक चला रहा उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस टीम ने घायल बदमाश को दबोच लिया।



घायल बदमाश को इलाज के लिए ले जाते पुलिसकर्मी।

- बाइक सवार एक बदमाश हो गया फरार, पुलिस कर रही है पीछा
- मेडिकल कालेज में चल रहा है घायल बदमाश का इलाज

## गौरीबाजार थाने का हिस्ट्रीशीटर है मन्नू यादव

मुठभेड़ में दबोचा गया बदमाश कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव गौरीबाजार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ देवरिया, गोरखपुर और कुशीनगर जिले के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, बलवा व मारपीट समेत कुल 17 मुकदमे दर्ज हैं। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के पथरहट निवासी योगेश हत्याकाण्ड में भी इसका नाम आया था। इस मामले में 7 अप्रैल 2019 को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

दबोचे गए बदमाश की पहचान गौरीबाजार के चनमा गांव के रहने वाले कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव के रूप में हुई। उसके पास से पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ। उसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। एसपी संकल्प शर्मा और अन्य पुलिस अधिकारियों ने इमरजेंसी पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस टीम फरार बदमाश के पीछे लगी हुई है।



मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल बदमाश कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव।

## 48 घंटे में लूट की दो वारदातें दी थी अंजाम

रुद्रपुर/गौरीबाजार। हिन्दुस्तान टीम। मन्नू यादव के गिरोह ने 48 घंटे में लूट की दो घटनाओं को अंजाम दिया था। पहली घटना 12 अगस्त को रुद्रपुर कस्बे के पूर्वी तिवारी टोला में हुई थी। तीर्थराज तिवारी पुत्र चंद्रमोहन तिवारी के रुद्रपुर- देवरिया मार्ग के बैरिया चौराहे पर स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र में करीब 12 बजे बाइक सवार दो युवक केंद्र पर बाइक से पहुंचे। दोनों ने चेहरे पर गमछा बांध रखा था। उनमें से एक युवक अंदर गया और तीर्थराज तिवारी से खाता खोलने की बात कहा। इस पर उन्होंने गमछा खोलने को कहा। युवक ने चोट लगने की बात कहते हुए गमछा खोलने से मना कर दिया और बाहर निकल गया। उस समय तीर्थराज केंद्र पर अकेले ही थे। इसके बाद दोनों युवक अंदर गए तथा पिस्टल निकालकर रुपए देने की मांगने लगे। दोनों युवकों ने काउंटर पर पांच सौ व सौ के नोटों की गड्डी बनाकर काउंटर पर रखा 45 हजार रुपये ले लिया और शोर मचाने पर मार देने की धमकी देते हुए बाहर निकलकर बाइक से रुद्रपुर की तरफ फरार हो गए थे।

लूट की दूसरी वारदात 14 अगस्त को गौरीबाजार-रुद्रपुर मार्ग पर कटाई चौराहे के पास हुई थी। अवधपुर गांव के पूर्व प्रधान रूदल निषाद का बेटा कमलेश निषाद गौरीबाजार-रुद्रपुर मार्ग पर कटाई चौराहे पर किराये के मकान में जनसेवा केंद्र चलाता है। वहां अपराह्न करीब ढाई बजे बाइक सवार दो नकाबपोश पहुंचे और रुपये की निकासी के बारे में बात करने लगे। मौका देख एक बदमाश कमलेश की कनपटी पर असलहा सटा दिया और काउंटर में रखे दो लाख लूट लिए।

> मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। गौरीबाजार के कालावन के पास बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा फरार हो गया। इसकी तलाश की जा रही है। दबोचा गया बदमाश गौरीबाजार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर 25 हजार रुपये इनाम घोषित था। पिछले दिनों गौरीबाजार और रुद्रपुर क्षेत्र के ग्राहक सेवा केंद्रों पर हुई लूट में इन्हीं बदमाशों का हाथ था। पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।
>
> संकल्प शर्मा, एसपी, देवरिया

# ट्रांसपोर्ट बार के भी अधिवक्ता रहे हड़ताल

देवरिया। जिला टांसपोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय चंद व मंत्री गोपाल पाण्डेय के नेतृत्व में सभी अधिवक्ताओं ने हापुड़ में वकीलों पर लाठी चार्ज के खिलाफ हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसमें नीरज श्रीवास्तव, सराफत मंसूरी, कमलेश सिंह आदि रहे।

# पीस कमेटी की बैठक संपंन

बघौचघाट। श्रीकृष्णाजन्माष्टमी व चेहल्लुम त्यौहार के मद्देनजर सोमवार को पीस कमेटी की बैठक बघौचघाट थाने में हुई। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने सभी लोगों से शांति-सौहार्द व भाईचारे की भावना से त्यौहारों को मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद थे।

# युवक को मारपीट कर रुपये छीनने में दो को भेजा जेल

बरियारपुर, हिसं। मारपीट रूपये छीनने के मामले में बरियारपुर की पुलिस ने सोमवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि तीसरे अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

बरियारपुर थाने की पुलिस एक घटना में शामिल अभियुक्तों की तलाश में थी। सोमवार को महुआपाटन के पास से विनय गोंड पुत्र सरल गोंड व पुष्पेंद्र पटेल पुत्र जयचंद पटेल निवासी खजूरिया थाना बरियारपुर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के गुद्दीजोर निवासी सिकंदर अंसारी लंगड़ा चौराहा पर मुर्गा की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात वह दुकान से अपने घर जा रहे थे। लंगड़ा चौराहा से अपने गांव के सामने पंहुचे थे, कि तीन बदमाशों ने सिकंदर पर हमला कर घायल कर दिया। सिकंदर के चाचा नसीर अंसारी ने बरियारपुर थाने पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने प्राथमिक दर्ज कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि घटना मे शामिल अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# चाकूबाजी में पांच पर जानलेवा हमले का केस

भाटपाररानी। बाइक टकराने के विवाद में चाकू मार कर दो सगे भाईयों को घायल करने के मामले में पुलिस ने पांच ज्ञात व अज्ञात परजानलेवा हमला सहित अन्य धाराओ में केस दर्ज किया है। घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

थाना क्षेत्र के दनउर निवासी विनोद यादव का बेटा हिमांशु यादव (16) रविवार को बाइक से भाटपाररानी बाजार आया हुआ था। तहसील रोड में उसकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। बाइक टकराने की बात को लेकर कुछ लड़को से उसकी बाता कही हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर हिमांशु का बड़ा भाई विशाल यादव (17) भी आ गया। इसी बीच आधा दर्जन से अधिक मनबढ़ो ने बेलपार चौराहा के समीप दोनो को घेर कर मारने पीटने लगे। इसी बीच मनबढ़ युवको में से किसी ने मुर्गा काटने वाली दुकान से चाकू उठा कर दोनो भाईयों पर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि घायल हिमांशु व विशाल के पिता विनोद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर विरुद्ध हत्या का प्रयास व बलवा का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन की जा रही है।

# युवती की मौत पर पांच के खिलाफ हत्या का केस

- सीवान के मैरवा के पास रेल लाइन पर मिला था युवती का शव
- युवती की मां ने पट्टीदारों पर पिटाई और धमकी देने का आरोप लगाया

बनकटा (देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद। बनकटा थाना क्षेत्र युवती की मौत पर उसकी मां की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तीन दिन पहले बिहार के सीवान जिले में मैरवा थाना क्षेत्र में रेल लाइन पर युवती का शव मिला था।

बनकटा क्षेत्र की युवती 31 अगस्त की रात छत पर सोने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई थी। अगले दिन सुबह यानि 1 सितंबर को जब परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो उसका शव दासनरहिया से सौ मीटर आगे बिहार के सीवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र के सीमा में रेलवे लाइन पर मिला। युवती की मां ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है कि उसका पट्टीदारों से विवाद था। उसी खुन्नस में मई माह में आरोपियों ने उसकी बेटी की काफी निर्मम तरीके से पिटाई कर दी। इसकी शिकायत उसने स्थानीय पुलिस में की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। काफी भागदौड़ के बाद एसपी के आदेश पर 21 मई 2023 को पांच लोगों के खिलाफ मारपीट एवं छेड़खानी का केस दर्ज हुआ था। आरोप है कि युवती का शव मिलने के एक दिन पूर्व कोर्ट से नोटिस आने से आरोपी बौखलाए हुए थे। उन्होंने सुलह न करने पर बेटी की हत्या करने की धमकी दी थी। शव मिलने के दिन से ही युवती की मां हत्या कर हाथ-पैर बांधकर शव फेंकने का आरोप लगा रही थी। थानाध्यक्ष मुकेश मिश्र ने मां की तहरीर पर गांव के विजय कुमार , सतीश कुमार , बेचू प्रसाद, जहावर लाल व रानू पर हत्या का केस दर्ज किया गया है।

# बिना पंजीकरण चल रहे दो अस्पताल सील

- रामनाथ देवरिया शहीद गेट के आसपास खुले थे दो अस्पताल
- एसडीएम सदर और एसीएमओ डॉ. आरपी यादव ने किया निरीक्षण

देवरिया, निज संवाददाता। बिना पंजीकरण के संचालित दो अस्पतालों पर सोमवार को एसडीएम सदर योगेश गौड़, एसीएमओ डॉ. आरपी यादव और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लाल बचन चौधरी ने औचक छापा मारा। दोनों अस्पतालों में मरीज भर्ती पाए गए। इन्हें मेडिकल कालेज में शिफ्ट करा दिया गया। साथ ही अस्पतालों को बंद कराते हुए सील कर दिया गया।

शाम पांच बजे जांच टीम रामनाथ देवरिया में शहीद गेट से अंदर जेके लक्ष्मी हॉस्पिटल का निरीक्षण करने पहुंची। इस अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित पाया गया। मौके पर कोई चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टॉफ नहीं मिला। कंचनपुर से आई शादिया खातून प्रसव के लिए भर्ती मिली। उसे ड्रिप चढ़ाया जा रहा था। जांच टीम ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जांच में पाया गया कि अस्पताल के संचालक ने पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इसमें जिस डॉक्टर प्रताप नारायण सिंह का नाम दिया गया था, उन्होंने अस्पताल में काम करने से मना कर दिया। इसके चलते पंजीकरण का आवेदन पूर्व में ही निरस्त किया जा चुका है। इसके बावजूद छापेमारी में अस्पताल संचालित मिला। इस पर दोनों अफसरों ने अस्पताल को सील कर दिया।

इसके बाद जांच टीम शाम 6:15 बजे शहीद गेट के पास न्यू मेट्रो हॉस्पिटल पहुंची। अस्पताल प्रथम तल पर संचालित मिला। उपर जाने वाली सीढ़ियां संकरी और मरीज के लिए अनुपयुक्त मिलीं। अस्पताल में तीन मरीज भर्ती मिले। इसमें से दो मरीजों को 108 एम्बूलेन्स से महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शिफ्ट किया गया। वहीं एक मरीज के आग्रह पर उपचारी चिकित्सक सर्जन डॉ. प्रभुनाथ के यहां शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के समय पंजीकृत चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिले। हॉस्पिटल के संचालक बिट्टू सिंह ने बताया कि मरीजों का आपरेशन का डॉ. पीएन कुशवाहा ने किया है। इससे पूर्व सात अगस्त को भी जांच टीम ने न्यू मेट्रो हॉस्पिटल का निरीक्षण किया था। मौके पर कोई भी पंजीकृत चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ नहीं पाया गया। इसके चलते अस्पताल के पंजीकरण का ऑनलाइन आवेदन निरस्त कर दिया गया था।



बिना पंजीकरण संचालित न्यू मेट्रो अस्पताल का आपरेशन थिएटर एसडीएम सदर योगेश गौड़ और एसीएमओ डॉ. आरपी यादव ने सील कराया।

## अवैध रूप से चल रहे दो अल्ट्रासाउंड केन्द्र सील

भाटपाररानी। कस्बे में अवैध रूप से पैथोलाजी व अल्ट्रासाउंड केन्द्र चलने की शिकायत मिलने पर सोमवार को एसडीएम अंगद यादव ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दो अल्ट्रासाउंड व पैथोलाजी पर कागजात व नियमानुसार कर्मचारी नही मिलने पर सील कर दिया। उपजिलाधिकारी अंगद यादव व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर इमाम हुसैन सिद्दीकी के नेतृत्व में जांच टीम सबसे पहले पीएचसी के समीप महावीर अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी केन्द्र पर पहुंची। जांच में कोई कागजात एवं ट्रेंड कर्मचारी नहीं मिले। इसके बाद टीम नगर के दुर्गा मंदिर के समीप आनंद अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी केन्द्र पर पहुंची। जहां एक्सरे मशीन मौजूद थी। लेकिन वहां न तो एक्सरे टेक्नीशियन था और ना ही कोई सक्षम चिकित्सक। इससे इन दोनों पैथोलॉजी को एसडीएम ने सील कर दिया।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल

## गौरीबाजार थाना के कालावन गांव पास हुई मुठभेड़, घायल बदमाश को मेडिकल कालेज में कराया गया भर्ती

जासं, देवरिया: जिले के गौरीबाजार क्षेत्र के कालावन के समीप सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे पुलिस व बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश के पैर में गोली लग गई। एक बदमाश बाइक से फरार हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंच जानकारी ली।

रात को करीब आठ बजे एसओजी व रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि जिले में कई लूट की घटनाओं में शामिल बदमाश कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव निवासी पनसहा थाना गौरीबाजार कालावन में एक साथी के साथ है। सूचना के बाद हरकत में आई रुद्रपुर, गौरीबाजार पुलिस के साथ ही एसओजी टीम भी कालावन के समीप पहुंच गई। पुलिस टीम को देखते ही बाइक सवार बदमाशों ने फायर झोंक दिया। बचाव करते हुए पुलिस टीम की तरफ से जवाबी फायरिंग हुई। जिसमें कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव के बाएं पैर में गोली लग गई। जबकि उसका साथी बाइक लेकर कुशीनगर जनपद की तरफ फरार हो गया। मन्नू के पास से पुलिस ने असलहा भी बरामद किया है। इसके बाद पुलिस बदमाश को लेकर सीएचसी गौरीबाजार पहुंची, जहां से उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

**अगस्त में हुई दो लूट की घटनाओं में रहा है शामिल :** मन्नू यादव शातिर बदमाश है। 12 अगस्त को रुद्रपुर कोतवाली के बैरियाघाट चौराहे के समीप से एसबीआइ ग्राहक सेवा केंद्र संचालक तीर्थराज तिवारी से 40 हजार रुपये की हुई लूट में यह शामिल रहा है। इसके अलावा गौरीबाजार के कटाई चौराहे पर 14 अगस्त को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को गोली मारकर 2 लाख रुपये की हुई लूट में भी यह शामिल रहा। इस मामले में यह नामजद भी किया गया था।

**हत्या, लूट समेत 17 मुकदमे हैं दर्ज :** मन्नू यादव पर हत्या, रंगदारी मांगने, हत्या के प्रयास, लूट समेत कुल 17 मुकदमे दर्ज हैं। अगस्त माह में ही लूट के मामले में यह जेल से छूट कर आया है। गौरीबाजार में कुछ वर्ष पहले हुई एक व्यापारी की हत्या में भी यह शामिल रहा है।



मेडिकल कालेज के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे एसपी संकल्प शर्मा (मध्य में)। • जागरण



मेडिकल कालेज में भर्ती बदमाश मन्नू • जागरण

पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश को पैर में गोली लगी है। जबकि उसका साथी फरार हो गया है। बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम था। जिले की दो ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से हुई लूट के मामले में यह शामिल रहा है।

संकल्प शर्मा, एसपी

# लोक अदालत की जागरूकता को प्रचार वाहन रवाना

देवरिया, निज संवाददाता। सोमवार को जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा।

लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है, जिसके लिए आम जनमानस अपने सुलहनीय वादों को निस्तारित करावें। वहीं छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है।

जिला जज ने कहा कि न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी जा रही है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार दूबे द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से आगे आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एनआईएक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, जल एवं सर्विस से संबंधित मामले, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं।

## रामनाथ देवरिया में एसडीएम ने की छापेमारी, दो अस्पताल सील

जासं, देवरिया: शहर के रामनाथ देवरिया स्थित जेके लक्ष्मी हास्पिटल व शहीद गेट के समीप स्थित न्यू मेट्रो हास्पिटल में सोमवार की रात करीब आठ बजे अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की। दोनों अस्पतालों में न तो डाक्टर मिले और न ही स्वास्थ्यकर्मी। टीम ने दोनों अस्पतालों को सील कर दिया। दोनों अस्पतालों में भर्ती रोगियों को मेडिकल कालेज भेजा गया। टीम में एसडीएम योगेश कुमार गौंड, एसीएमओ डा. आरपी यादव व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लाल बचन चौधरी मौजूद रहे।

## दो नामजद व छह अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

देवरिया : बरहज के कपरवार नौका टोला की रहने वाली जयदेवी तिवारी ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें आरोप लगाया है कि उनका शहर के अमेठी में उप जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने भूमि पर हिस्सा दिलाया और पत्थर लगवाया गया। 2 सितंबर को विरोधियों ने उखाड़ कर फेंक दिया और गाली दी। इस मामले में पुलिस ने रामनाथ देवरिया के रहने वाले श्रीकृष्ण मणि, ओमप्रकाश मणि व छह अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## दो लोगों पर मारपीट का मुकदमा

देवरिया : कोतवाली के पिपरपाती गांव के रहने वाले रामबदन मद्धेशिया ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें दो लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने भीखमपुर रोड के रहने वाले गोलू यादव व धीरेंद्र यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## गड्ढे में गिरने से मृत्यु

सलेमपुर : कोतवाली क्षेत्र के जमुआ नंबर दो के रहने वाले शमशाद पुत्र सुकई अंसारी की मदनपुर थाना के देवरिया मीर गांव के पास बाइक पानी भरे गढ्ढे मे गिर गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। शमशाद फेरी व्यवसायी थे। वह हर रोज सलेमपुर से कपड़ा खरीदकर बाइक से गांवों में बेचते थे। सोमवार की सुबह वह कपड़ा लेकर मदनपुर की तरफ गए थे। मदनपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी बाजार मार्ग पर देवरिया मीर के पास बाइक सड़क किनारे गड्ढे मे गिर गई।

## चार लोगों पर अपहरण का मुकदमा

बनकटा : क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि उसकी बहन दो सितंबर को पढ़ने के लिए जा रही थी, रास्ते में ही बहला-फुसलाकर कुछ लोग लेकर चार पहिया से उसे फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने सिवान जनपद के दरौली थाना के हरनाताड़ के रहने वाला शाहिल व तीन अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा बनकटा पुलिस ने दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश मिश्र ने बताया कि जल्द ही छात्रा को बरामद कर लिया जाएगा।

## चार नामजद व कई अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

देवरिया : सदर कोतवाली के अगस्तपार में 15 दिन पहले हुए विवाद के मामले में पुलिस ने चार नामजद व कई अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव के नीरज तिवारी का कहना है कि उनकी भूमि पर 22 जून को बाउंड्री कराया गया था। 20 अगस्त को बाउंड्री तोड़ कर गिरा दिया गया। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इस मामले में पुलिस ने पिपरा चंद्रभान के रहने वाले राजेंद्र यादव, नेऊर यादव, राजेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव राजदेव के परिवार के कई अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दंपती को जेल, नाबालिग तीन आरोपित गए बाल सुधार गृह

जासं, देवरिया : गौरीबाजार के नगरौली गांव में शिक्षक की चाकू से मारकर हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपित दंपती को न्यायालय में सोमवार को पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं नाबालिग तीन आरोपितों को किशोर न्याय बोर्ड में विवेचक ने पेश किया, जहां उन्हें बाल सुधार गृह गोरखपुर भेज दिया गया। उधर गांव में दूसरे दिन भी पुलिस तैनात रही।

नगरौली गांव के रहने वाले परशुराम प्रसाद एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे। शनिवार की रात साइकिल से घर जाते समय चारपाई हटाने को लेकर गांव के इम्तियाज से विवाद हो गया। इसके बाद उनकी आरोपितों ने पिटाई की और चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने इम्तियाज, उसकी पत्नी शाहजहां खातून, एक नाबालिग बेटा व दो नाबालिग बेटियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पति-पत्नी को विवेचक सीओ रुद्रपुर ने न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। जबकि तीनों नाबालिग बच्चों को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया। सीओ जिलाजीत चौधरी ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम है।

**आरोपित ने अनुसूचित वर्ग की भूमि पर बनाई है मकान** : घटना के बाद अब आरोपित पर प्रशासन का शिकंजा कसने लगा है। आरोपित इम्तियाज की मकान एक अनुसूचित वर्ग के व्यक्ति की भूमि पर बनी है। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने इसकी जांच की। जिसमें पुष्टि होने के बाद राजस्व टीम ने अपनी रिपोर्ट एसडीएम व डीएम को दे दी है। एसडीएम सदर योगेश कुमार गौंड ने बताया कि बिना जिलाधिकारी की अनुमति के कोई भी अनुसूचित जाति की भूमि पर न तो मकान बनवा सकता है और न ही खरीद सकता है।

# रुद्रपुर में बिना पंजीकरण के चल रहा अस्पताल सील

जासं, रुद्रपुर : उपनगर के नाथ बाबा मंदिर के समीप पूर्वी बाइपास पर बिना पंजीकरण के चल रहे प्रेमा हास्पिटल को सोमवार को एसडीएम ने सील करा दिया। इसको लेकर संचालकों में खलबली मची रही। उपजिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी ने नाथ बाबा मंदिर रोड पर नर्सिंग होम की जांच की।

इस दौरान प्रेमा हास्पिटल पर मौजूद प्रबंधक पंजीकरण के नवीनीकरण से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सका। हास्पिटल का पंजीकरण 30 अप्रैल 2023 को पंजीकरण समाप्त हो गया था। जांच के दौरान दो महिलाओं का आपरेशन कर लिटाया गया था। वहां पर उनकी देखरेख करने के लिए कोई कंपाउडंर और चिकित्सक मौजूद नहीं था। एसडीएम ने रोगियों को तुरंत एम्बुलेंस से महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज भेज दिया। एसडीएम ने कहा कि आगे भी जांच अभियान जारी रहेगा। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा.मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

- नाथ बाबा मंदिर रोड पर संचालित हो रहा था अस्पताल
- एसडीएम बोले- जारी रहेगा अभियान, होगी कार्रवाई

## भाटपाररानी में भी पैथोलाजी सील

भाटपाररानी : उपनगर में लोगों की शिकायत पर सोमवार को एसडीएम अंगद यादव व भाटपाररानी चिकित्सा प्रभारी डा. इमाम हुसैन सिद्दीकी के नेतृत्व में दुर्गा मंदिर के पास आनंद अल्ट्रासाउंड व पैथोलाजी केंद्र पर पहुंची। वहां एक्सरे मशीन थी। लेकिन न तो एक्सरे टेक्नीशियन था और न ही कोई सक्षम चिकित्सक। अल्ट्रासाउंड के नाम पर वहां कोई न तो कागज देखने को मिला और नहीं कोई चिकित्सक मिला। इसके बाद केंद्र को एसडीएम ने सील कर दिया। एसडीएम अंगद यादव ने बताया कि छापेमारी कर पैथोलाजी को सील कर दिया गया है।

# हत्यारोपित गिरफ्तार

जासं, पथरदेवा: क्षेत्र के फरेंदा ईंट-भट्ठे के समीप हुई अधेड़ की पीट-पीट कर हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां जेल भेज दिया गया।

गांव के उमेश यादव की 20 जुलाई को ईंट भट्ठे के समीप पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में ईंट भट्ठा मालिक हामिद समेत पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है। दो आरोपित पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। जबकि फरार चल रहे अदूद निवासी फरेंदा को बसंतपुर धूसी के समीप से तरकुलवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अभी भी मुख्य आरोपित हामिद व सुनील कुमार पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह ने बताया कि फरार दो आरोपितों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ट्रक व पोकलेन को प्रशासन ने किया सीज

बरहज : रेलवे ढाला के पास बालू के स्टाक हटा रहे पोकलेन व ट्रक को पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने सोमवार को पकड़ लिया। साथ ही थाने लेकर चली गई और सीज कर दिया। देर शाम तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

# पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज

जासं. बनकटाः क्षेत्र के सुंदरपार भटवलिया पांडेय गांव की एक युवती का रेलवे ट्रैक से मिले शव के मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

गांव की रहने वाली एक युवती का शव एक सितंबर की तड़के मैरवा थाना के नरहिया के समीप रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया था। उसके बाद से ही स्वजन गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। इस मामले में रविवार को युवती की मां ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के विजय कुमार, सतीश कुमार, बेचू प्रसाद, जवाहर लाल, रानू के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मां का आरोप है कि मई माह में हुई छेड़खानी की घटना को लेकर आरोपित आक्रोशित थे, घर से उठाकर ले गए और हाथ बांध कर हत्या कर दिए और रेलवे ट्रैक पर शव फेंक दिया गया। मां ने कुछ और भी वारदात की आशंका जताई है।

- बनकटा थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती का रेलवे ट्रैक से शव मिलने का मामला
- मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी बनकटा पुलिस

तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। कुछ मोबाइल काल डिटेल भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

**संकल्प शर्मा**, एसपी

### मोबाइल काल डिटेल खंगाल रही पुलिस

हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस कई लोगों के मोबाइल काल डिटेल भी खंगाल रही है। कई लोगों से इस मामले में पुलिस पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों का कहना है कि घटना के पीछे कई बड़े राज छुपे हैं। इसका पर्दाफाश पुलिस की जांच में ही हो सकेगा। मोबाइल काल डिटेल से ही अहम सुराग मिल सकता है।

Herzindagi.com
जानिए ग्रहों की दशा, भविष्य की ज
Herzindagi.com की नई पे
यहाँ मिलेंगी एक्सपर्ट की बत

# आठ लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा

तरकुलवा : क्षेत्र के ग्राम बरईपार में पांच दिन पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध दलित अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गांव की उर्मिला देवी का आरोप है कि 31 अगस्त को उनका बेटा घर आ रहा था। पुरानी रंजिश में गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट की और जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया गया। इस मामले में पुलिस ने गांव के गोविंद यादव, मोनू यादव, रामचंद यादव, रमाशंकर यादव, मीना यादव, मंशा यादव, सुमिन्दर यादव व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट में दो गिरफ्तार

करौंदी बाजार : क्षेत्र के लगड़ा चौराहे के समीप दुकानदार के ऊपर हुए हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि फरार चल रहे तीसरे आरोपित की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। तरकुलवा थाना के गुद्दीजोर के रहने वाले सिकंदर अंसारी लगड़ा चौराहे पर मुर्गा की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात वह अपने घर जा रहे थे। लगड़ा के चौराहे के समीप तीन बदमाशों ने हमला बोल दिया।

# चोरी की तीन बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, देवरिया:** भाटपाररानी के बांसी गांव के समीप वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार की रात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चोरी की तीन बाइक के साथ दो शातिर चोरों को दबोच लिया। जबकि एक चोर भागने में सफल रहा। रात को प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह पुलिस बल के साथ बांसी गांव के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच तीन बाइक पर तीन युवक आते हुए नजर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो तीनों भागने लगे। पुलिस ने भाग रहे दो युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि एक युवक भागने सफल हो गया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम राजू पुत्र सुनील निवासी उसका टोला दिस्तौली, अंकुर पुत्र रामनक्षत्र निवासी कठौड़ी थाना भाटपाररानी बताया। युवकों ने बताया कि उनका एक साथी रोहित निवासी कठौड़ी फरार हो गया है। पूछताछ में युवकों ने बताया कि तीनों बाइक चोरी की है।

# अवैध अस्पतालों के संचालन पर रोक लगाने की मांग

देवरिया : विश्व हिंदू सेना के वरिष्ठ नेता दिग्विजय चौबे ने मुख्यमंत्री को पत्रक भेज कर जिले में चल रहे अवैध अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्रक में कहा है कि कई बार सीएमओ समेत अन्य अधिकारियों को पत्रक देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इन अस्पतालों से गरीबों पर संकट है।

# इंस्पेक्टर बता फोन पर दिया गाली, मुकदमा

**सलेमपुर**: उपनगर के टीचर्स कालोनी की रहने वाली एक युवती को इंस्पेक्टर बन कर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपशब्द बोलने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ले में एक युवती ब्यूटीशियन कोर्स करती है। उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बोला कि वह इंस्पेक्टर कोतवाली बोल रहा है। इसके बाद युवती को अपशब्द बोलने लगा। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही सर्विलांस के माध्यम से आरोपित तक पहुंचने में जुटी हुई है।

## गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**देवरिया**: सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार की रात चीनी मिल मैदान से एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में उसने नाम ब्रह्मा सिंह निवासी रानीघाट थाना कोतवाली देवरिया बताया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से वह जेल भेज दिया गया।

# आज व कल राजस्व न्यायालय का कार्य रहेगा बाधित

देवरिया : मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया कि राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पांच व छह सितंबर को अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से हड़ताल पर रहेंगे। इसलिए राजस्व न्यायालय में कार्य बाधित रहेगा। लंबित मुकदमों की सुनवाई के लिए आने वाले आमजन को असुविधा होगी और उनका धन व समय दोनों व्यर्थ होगा। इसलिए राजस्व न्यायालय में जिनका मुकदमे की तारीख इन दो दिनों में हैं, वह न आएं।

# दबंगों ने किया जमीन पर कब्जा, तीन वर्ष से न्याय के लिए भटक रहीं सुनीता

**जासं, देवरिया**: शहर की एक महिला को अपनी ही जमीन पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। कारण जमीन महिला के नाम से है लेकिन दबंग उस पर कब्जा कर लिए हैं। तीन वर्ष से वह न्याय के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर काट रही है लेकिन न्याय नहीं मिल रहा है। वह सदर विधायक के पास शिकायती पत्र लेकर पहुंची तो उन्होंने गंभीरता से लिया और एसडीएम को जांच कर महिला को न्याय दिलाने का निर्देश दिया है।



सुनीता सिंह। जागरण

सुनीता सिंह के पति गिरीश सिंह ने रघवापुर में एक कट्ठा जमीन 14 लाख रुपये में खरीदी। खतौनी में नाम भी चढ़ गया। इस बीच कोरोना में गिरीश सिंह की मौत हो गई। इसकी भनक लगने पर उस जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। दबंग जमीन पर जाने पर सुनीता को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित महिला, सदर विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी के पास पहुंचीं और अपनी समस्या बता कर बिलखने लगी। बताया कि मेरे दो बच्चे हैं मैं किराया लेकर रहती हूं, मेरे पति की खरीदी जमीन में टीन शेड डाल कर रहना चाहती हूं लेकिन दबंग जमीन पर जाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने विधायक को बताया कि कई पर प्रार्थना पत्र दे चुकी हूं। तीन साल से दौड़ रही हूं कोई मेरी मदद नहीं कर रहा है। विधायक ने कहा आपको न्याय जरूर मिलेगा।




प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज देवेंद्र सिंह • जागरण

# राष्ट्रीय लोक अदालत के जागरूकता वाहन को किया गया रवाना

**विधि संवाददाता, देवरिया:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन को जिला जज देवेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा।

कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है, जिसके लिए आमजन मानस अपने सुलहनीय वादों को निस्तारित कराएं। वहीं छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार दुबे ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। लोग बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, पारिवारिक वाद, श्रम संबंधित मामलों का निस्तारण करा सकते हैं। इस दौरान अपर जिला जज इंदिरा सिंह, छाया नैन, संजय सिंह, सीजेएम मंजू कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# एसडीएम ने हटवाया अवैध कब्जा

जासं, सलेमपुर: मईल क्षेत्र के नरियांव में गांव के एक व्यक्ति द्वारा शिवदास की जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले में एसडीएम बरहज ने पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर अवैध कब्जा हटवा दिया। एसडीएम ने बताया कि शिवदास धोबी ने संपूर्ण समाधान दिवस में यह शिकायत की थी कि उनके जमीन पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा जबरियन कब्जा कर उसे जोता जा रहा है। जबकि अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति का कहना था कि शिकायतकर्ता जमीन के लिए मुझसे रुपये लिया है। इसी को लेकर विवाद चल रहा था।

समाधान दिवस में शिकायत मिलने के बाद उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम राजस्व व पुलिस टीम के साथ पहुंचकर पैमाइश कराने के बाद अतिक्रमण वाला खेत खाली कराया और सम्बंधित अतिक्रमणकारी से पंचनामा लिखवाया कि इस जमीन पर मैं शिवदास को जोतने में अवरोध नहीं पैदा करूंगा। एसडीएम ने बताया की किसी की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी, किया प्रदर्शन

## जिला कारागार के बंदियों व बाल सुधार गृह में निरुद्ध किशोरों के मामलों की नहीं हुई सुनवाई

**विधि संवाददाता देवरिया** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर पांचवें दिन सोमवार को भी अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रही। कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। हड़ताल के चलते वादकारियों को परेशान होना पड़ा। जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों व बाल सुधार गृह में निरुद्ध किशोरों के मामलों में भी कोई सुनवाई नहीं हो सकी। उधर अधिवक्ता संगठनों ने अलग-अलग बैठक कर हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया।

अधिवक्ताओं ने मांग किया है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, घायल अधिवक्ताओं को निशुल्क इलाज व मुआवजा दिया जाए तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अलग-अलग जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में अरुण कुमार उपाध्याय, ज्ञानेश्वर मिश्र प्रीतम, रामानुज शुक्ल,वरिष्ठ अधिवक्ता वृज किशोर तिवारी,आनंद राय, सुभाष चंद्र राय, ललित नारायण पांडेय, सुजस सिंह आदि शामिल रहे। उधर जिला ट्रांसपोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। बरहज संवाददाता के अनुसार तहसील में अधिवक्ताओं की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही।



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

### हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

सलेमपुर : तहसील में अधिवक्ताओं ने सोमवार को भी प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र ने कहा कि हापुड़ के डीएम व एसपी के हटाने के साथ ही दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध जब तक सख्त कार्रवाई नहीं होती है, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से जितेंद्र कुमार मिश्र, बृजेश मिश्र, देव मोहन तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## रुद्रपुर में अधिवक्ता रहे हड़ताल पर

जासं, रुद्रपुर : हापुड़ की घटना के विरोध में पांचवें दिन सोमवार को भी अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी को सौंपा।

बार संघ के अध्यक्ष ब्रज बिहारी पांडेय के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में कहा है कि हापुड़ के डीएम और एसपी को हटाया जाय। दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाय, अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लिया जाए। इसके साथ ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष ब्रजबिहारी पांडेय, राजेश त्रिपाठी, आनंद सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, सुधांशु मौलि ओझा आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार : भाटपाररानी : हापुड़ की घटना को लेकर सोमवार को अधिवक्ताओं की तहसील परिसर में बैठक हुई। जिसमें उन्होंने कार्य बहिष्कार कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हापुड़ पुलिस पर कार्रवाई किए जाने की मांग किया। मांगों से संबंधित पत्रक उप जिलाधिकारी अंगद यादव को सौंपा। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पूरे प्रदेश में लागू किया जाए। यहां मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव, धनंजय प्रताप मौर्य, चंद्रशेखर सिंह आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर तहसील में एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी को ज्ञापन देते अधिवक्ता • जागरण

# सूदखोर के चंगुल से चार माह बाद मिली जमीन तो रो पड़ा भू-स्वामी

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। तहसील परिसर में सोमवार को एसडीएम अवधेश कुमार निगम ने अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें संपूर्ण समाधान दिवस में की गई शिकायत का निस्तारण किया गया। लंबे अरसे के बाद और अधिकारियों के हस्तक्षेप से सूदखोर से जमीन मिलने पर नरियांव निवासी और भू-स्वामी शिवदास कन्नौजिया पुत्र फतींगन खुशी से अपने को रोक नहीं सके। उनकी आंखों से बरबस आंसू निकल पड़े।

एसडीएम और नायब तहसीलदार रवींद्र मौर्य के नेतृत्व एवं पुलिस की मौजूदगी में भू-स्वामी शिवदास की शिकायत पर दोनों पक्षों को बुलाया गया था। करीब आंधे घंटे तक दोनों पक्षों को सुनने के बाद गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जमीन वापस किए जाने पर सहमति बनी। शिवदास ने मई माह में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर गुहार लगाई थी।

### संपूर्ण समाधान दिवस में लगाई थी गुहार

28 मई को अमर उजाला समाचार पत्र में साहब ब्याज सहित रुपये लौटा दिए, सूदखोर नहीं छोड़ रहा जमीन शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी। पिछले संपूर्ण समाधान दिवस पर भी शिकायत की गई थी। एसडीएम ने बताया कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद समझौता कराते हुए फरियादी की जमीन वापस करा दी गई है।

# पिता-पुत्र पर नाबालिग लड़की भगाने का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस ने लड़की को तलाश कर आशा ज्योति केंद्र भेजा

रुद्रपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पिता-पुत्र पर पुलिस ने रविवार की रात नाबालिग लड़की को भगाने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने लड़की को बरामद कर आशा ज्योति केंद्र भेज दिया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का एक युवक उनकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया।

लड़की अभी नाबालिग है। उसने जबरन शादी कर ली। पता चला है कि आरोपी ने उनकी बेटी को घर के अंदर कैद कर रखा है। वह जब बेटी को छुड़ाने उसके घर गईं तो उसके घर वालों ने गाली गुप्ता देकर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी युवक के घर छापा मारकर लड़की को बरामद कर लिया। नाबालिग को संरक्षण गृह में भेज दिया गया है।

वहीं लड़की की मां की तहरीर पर आरोपी व उसके पिता पर नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगाकर शादी करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अभियोग पंजीकृत किया गया है। कोतवाल नवीन सिंह ने कहा कि मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील

बरहज। स्थानीय थाना परिसर में सोमवार की शाम पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें लोगों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और चेहल्लुम त्योहार में शांति बनाए रखने की अपील की गई।

इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। जिसमें हिंदू-मुस्लिम वर्ग के लोग शामिल हुए। एसडीएम अवधेश कुमार निगम ने कहा कि त्योहार खुशी मनाने का होता है। विवाद करने और माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बीट आरक्षियों को मुस्तैद रहते हुए अराजकता का माहौल खड़ा करने वालों पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की घटनाओं और अवांछनीय तत्वों पर नकेल कसने को कहा। मौके पर एसआई जितेंद्र कुमार, महेंद्र मोहन मिश्र, विजय मिश्र, उपासना मिश्र, प्रिया मौर्य, सोनित शर्मा, अजय यादव, मुन्ना खरवार आदि मौजूद रहे। संवाद

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को किया रवाना

देवरिया। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अब न्याय निर्धन के द्वार पहुंच रहा है। प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दुबे ने न्यायिक अधिकारी व संबंधित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। संवाद

# जनसेवा केंद्र से लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

## 25 हजार रुपये का है इनामी, साथी पुलिस को चकमा देकर फरार

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र में कालाचन गांव के पास सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे एसओजी की बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसमें 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पुलिस ने मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जबकि दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश कामेश्वर यादव उर्फ मन्नू निवासी पन्नहा अगस्त माह में जिले में दो जनसेवा केंद्रों से हुई लूट का आरोपी है।

एसओजी प्रभारी सादिक परवेज को सोमवार को सूचना मिली थी कि जिले में दो जनसेवा केंद्रों से हुई लूट की घटना में वांछित एक बदमाश गौरीबाजार थाना क्षेत्र में मौजूद है। इस पर रुद्रपुर कोतवाल नवीन सिंह और गौरीबाजार थानाध्यक्ष राजू सिंह और एसओजी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मी बदमाश की तलाश में जुट गए।

रात में करीब साढ़े आठ बजे गौरीबाजार-कालाचन रोड पर 25 हजार रुपये का इनामी और थाने का हिस्ट्रीशीटर कामेश्वर यादव उर्फ मन्नू निवासी पन्नहा अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था। इसी बीच पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग कर दी।

इस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लग गई और वह गिर गया, जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया।

तलाशी में बदमाश के पास से पुलिस ने एक असलहा और कुछ नकद रुपये भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ की सूचना पर एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी राजेश कुमार, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और मुठभेड़ के बारे में जानकारी ली।



मेडिकल कॉलेज में भर्ती पुलिस मुठभेड़ में घायल कामेश्वर यादव। स्रोत: पुलिस

*दो सहज जनसेवा केंद्रों में लूट के मामले में वांछित बदमाश की तलाश में एसओजी लगी थी। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के कालाचन गांव के पास पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो बदमाश ने फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया है। उसके पास से असलहा और नकद रुपये बरामद हुए हैं।*

– संकल्प शर्मा, एसपी

### गौरीबाजार थाने का है हिस्ट्रीशीटर, दर्ज हैं 17 मुकदमे

देवरिया। मुठभेड़ में घायल बदमाश गौरीबाजार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में 17 मुकदमे दर्ज हैं। इस बदमाश ने कुछ साल पहले मेटिचामाफी के व्यवसायी चौथी जायसवाल की हत्या कर दी थी। इसने पूर्व प्रधान रूदल निषाद के ऊपर भी जानलेवा हमला किया था। पुलिस के अनुसार यह कई लूट की वारदात में शामिल है। संवाद

### अगस्त में रुद्रपुर और कटाई चौराहे पर लूट की घटना को दिया था अंजाम

देवरिया। रुद्रपुर कस्बे में 12 अगस्त को दिनदहाड़े इस बदमाश ने अपने एक साथी के साथ 40 हजार रुपये लूट की घटना को बैरियाघाट चौराहे पर अंजाम दिया था। इस मामले में ग्राहक जनसेवा केंद्र तीर्थराज तिवारी की तहरीर पर लूट का केस दर्ज हुआ था। इसके बाद 14 अगस्त को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के कटाई चौराहे पर एक सहज जनसेवा केंद्र संचालक पर फायरिंग कर दो लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इसकी पहचान कर पुलिस ने 25 रुपये इनाम घोषित कर रखा था। संवाद

# आठ लोगों पर छेड़खानी व एससी एसटी एक्ट में केस

देवरिया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के एक गांव में पांच दिन पूर्व हुई मारपीट के एक मामले में पुलिस ने आठ लोगों पर छेड़खानी, एससी, एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने तरकुलवा थाने में तहरीर देकर कहा है कि उनका बेटा 31 अगस्त की रात में घर आ रहा था। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने अपने घर के सामने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे घेर लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि बीच-बचाव करने गई उनकी बेटी के कपड़े आरोपियों ने फाड़ दिए और उसे भी मारापीटा। इस मामले में पुलिस ने गांव के सात नामजद व एक अज्ञात पर केस दर्ज किया है। संवाद

# दुकान बंद कर घर जा रहे युवक को पीटा, तीन पर हत्या के प्रयास का केस

देवरिया। दुकान बंद कर घर लौट रहे युवक को मनबढ़ों ने रास्ते में मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। वहीं घायल युवक का इलाज गोरखपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के गुद्दीजोर गांव निवासी सिकंदर अंसारी लंगड़ा चौराहे पर दुकान चलाते हैं।

रविवार की रात दुकान बंद कर घर लौटने के दौरान लगड़ा चौराहे के पास रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे मनबढ़ों ने दुकानदार पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल ले गए जहां स्थिति गम्भीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित के चाचा नासिर के शिकायत पर पुलिस ने विनय गोंड, पुष्येंद्र पटेल निवासी खजुरिया, अभिषेक मिश्र उर्फ किलर निवासी उदयपुरा के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि का केस दर्ज किया है। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि एक की तलाश की जा रही है। संवाद

# अवैध रूप से संचालित दो अस्पतालों पर छापा, सील

## अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की टीम ने चलाया अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** अवैध अस्पतालों के खिलाफ सोमवार की शाम स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में शहर के विभिन्न स्थानों पर दो अस्पतालों में छापा मारा गया। कागजात तथा मानक पूरे नहीं मिलने पर दोनों अस्पतालों को सील कर दिया गया।

एसडीएम सदर योगेश कुमार गौड़, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरपी यादव के नेतृत्व में टीम शहर के रामनाथ देवरिया शहीद गेट के पास स्थित जेके लक्ष्मी हॉस्पिटल पर पहुंची। मौके पर कोई चिकित्सक और प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं मिले। एक मरीज शादिया खातून निवासी कंचनपुर प्रसव के लिए भर्ती थीं, जिन्हें ड्रिप चढ़ाया जा रहा था, उन्हें एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय में शिफ्ट कराया गया। इसके बाद टीम ने हॉस्पिटल को सील कर दिया।

मई माह में भी हॉस्पिटल पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन के क्रम में निरीक्षण के दौरान मौके पर चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिले थे, जिस आधार पर आवेदन को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद शाम को शहीद गेट के पास स्थित न्यू मेट्रो हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, जहां तीन मरीज भर्ती मिले। इसमें दो मरीजों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जबकि एक मरीज को मरीज को उसकी इच्छा से एक सर्जन के यहां भर्ती कराया गया। यहां मौके पर कोई पंजीकृत चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिले। हॉस्पिटल भवन के प्रथम तल में संचालित होता है, जिसमें जाने का रास्ता संकरी सीढ़ी है, जो मरीजों के आने-जाने के लिए उपयुक्त नहीं है। बताया गया कि भवन के द्वितीय तल पर किरायेदार हैं, जिनका रास्ता एक ही है। टीम ने हॉस्पिटल को सील कर दिया गया।

### अवैध रूप से चल रही दो पैथोलॉजी सील



भाटपाररानी में आनंद अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी की जांच करते एसडीएम व चिकित्सा प्रभारी। विज्ञप्ति

**भाटपाररानी।** लोगों की शिकायत पर सोमवार को एसडीएम अंगद यादव व भाटपाररानी चिकित्सा प्रभारी डॉ. इमाम हुसैन सिद्दीकी के नेतृत्व में टीम ने अवैध रूप से संचालित दो पैथोलॉजी को सील कर दिया। कार्रवाई की खबर पूरे क्षेत्र में तेजी से फैल गई इसके बाद अवैध संचालक धड़ाधड़ केंद्र बंद कर फरार हो गए। सोमवार को सबसे पहले टीम भाटपाररानी पीएचसी के पास महावीर अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी पर पहुंची और अल्ट्रासाउंड की जांच की। वहां कोई कागज नहीं मिला। लैब टेक्नीशियन के नाम पर एक इंटर पास लड़का बैठा था। अल्ट्रासाउंड करने वाला कोई सक्षम चिकित्सक का नाम नहीं मिला। कागजात आदि भी नहीं उपलब्ध कराया गया। वहां से टीम नगर के दुर्गा मंदिर के पास आनंद अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी पर पहुंची, जहां एक-रे मशीन मौजूद थी, लेकिन न तो एक्स-रे टेक्नीशियन था और न ही कोई सक्षम चिकित्सक। अल्ट्रासाउंड के नाम पर भी वहां न तो कागज देखने को मिला और नहीं कोई चिकित्सक मिला। संवाद

### रुद्रपुर में संचालित अवैध अस्पताल सील

**रुद्रपुर।** एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने सोमवार को दुग्धेश्वरनाथ मंदिर के पास एक अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील कर दिया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। संचालक के पास हॉस्पिटल चलाने का वैध लाइसेंस नहीं मिला। मौके पर कोई एमबीबीएस डॉक्टर भी नहीं था। एसडीएम ने बताया कि दुग्धेश्वरनाथ मंदिर के पास काफी दिनों से प्रेमा हॉस्पिटल चल रहा था। यहां मरीजों को भर्ती कर दवा इलाज किया जा रहा था। अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर और ओपीडी भी संचालित हो रहा था। छापे के दौरान डिलेवरी के बाद दो महिला मरीजों को भर्ती किया गया था। अस्पताल में कोई एमबीबीएस डॉक्टर नहीं मिला। अस्पताल का लाइसेंस दुरुस्त नहीं मिला। अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पताल में अप्रशिक्षित लोगों द्वारा ऑपरेशन करना मरीजों की जोखिम में डालने जैसा है। भर्ती मरीजों को तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी भेज कर उनकी जांच कराई गई। संवाद




# रेलवे ट्रैक पर युवती का शव मिलने में पांच पर हत्या का केस

## सभी पर मई में युवती से छेड़खानी का भी दर्ज हुआ था केस, घर छोड़कर फरार

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की हत्या कर बिहार में रेलवे लाइन के किनारे शव फेंकने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। इसके बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। जिन आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई की है, उन पर मई माह में मारपीट कर छेड़खानी का केस दर्ज हुआ था और जेल भी गए थे। आरोपियों की पहचान विजय कुमार, सतीश, बेचू प्रसाद, जवाहर लाल, रानू के रूप में हुई है।

रविवार को युवती की मां ने बनकटा थाने में तहरीर देकर बताया कि था कि बीते 31 अगस्त को उनकी बेटी रात में छत पर सो रही थी। इसी दौरान वह गायब हो गई। एक सितंबर को उसका शव घर से चार सौ मीटर की दूरी पर बिहार के मैरवा थाना क्षेत्र के दासनरहिया गांव के पास रेलवे लाइन पर मिला था। युवती के हाथ-पैर प्लास्टिक की रस्सी से बंधे हुए थे। शव दो हिस्सों में बंटा हुआ था। युवती की मां ने गांव के ही लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था।

उनका आरोप है कि बेटी के साथ आरोपियों ने मई माह में छेड़खानी कर उसकी पिटाई की थी। घर में लूटपाट भी की गई थी। इस मामले में केस भी दर्ज हुआ था। इस मामले में 31 अगस्त को समन तामील होने के बाद आरोपी बौखला गए और हत्या की साजिश रच डाली। छत पर सोते समय वे उनकी बेटी को उठा कर लेकर चले गए और हत्या कर दी।

इसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए रेल लाइन पर शव डाल दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के विजय कुमार, सतीश, बेचू प्रसाद, जवाहर लाल, रानू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

**हत्यारोपियों को फरार होने का पुलिस ने ही दे दिया मौका :** हत्या का केस दर्ज होने के बाद गांव का माहौल गर्म हो गया है। हत्यारोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। इसको लेकर चर्चा है कि अगर हत्या का केस पुलिस को दर्ज करना था तो आरोपियों को घटना के बाद ही आरोपियों को हिरासत में ले लेना चाहिए था, ताकि वे फरार नहीं हो पाते। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूरा घटनाक्रम में दो प्रांतों के बीच का होने के कारण बनकटा और मैरवा पुलिस असमंजस में पड़ी रही।

एक-दूसरे के पाले में गेंद फेंकती रही। मैरवा पुलिस घटनास्थल यूपी का बताते हुए कन्नी काटती रही और स्थानीय पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शव मिलने के स्थान का हवाला देते हुए असमंजस में रही। सोमवार को पुलिस को लगा कि मामला आगे बढ़ सकता है तो केस दर्ज कर शांत हो गई। इसका फायदा उठाते हुए जघन्य घटना के आरोपी अपने महफूज ठिकाने पर पहुंच गए। केस दर्ज होने के बाद पुलिस पहुंची तो हाथ मसलते हुए वापस लौट आई।

**ग्रामीणों का आरोप- पुलिस सामान्य घटना मानकर रफा-दफा करने में जुटी :** बनकटा थाना क्षेत्र निवासी युवती की हत्या के मामले में सोमवार को केस दर्ज होने के बाद गांव के कुछ लोगों का दबी जुबान से कहना था कि टोले के लोग आरोपियों की दबंगई से जितना सहमे हुए हैं, उतना ही गुस्सा पुलिस के प्रति भी है। गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि पुलिस इस घटना को सामान्य मानकर रफा-दफा करने में जुटी थी। जब आला अफसरों का दबाव बना है तब जाकर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

एक दुकानदार ने बताया कि युवती के साथ मारपीट और छेड़खानी की घटना जब हुई थी तब भी पुलिस सक्रिय नहीं हुई थी। प्राइवेट नौकरी करने वाले गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि सबसे गंभीर बात तो यह है कि घटना के बाद हल्का के दरोगा एक बार भी पीड़ित परिवार के पास नहीं आए। जब शव रखकर धरना दिया गया तो थाना प्रभारी आए थे। युवती के घर से कुछ दूरी पर रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि अगर इस बार पुलिस अच्छे तरीके से कार्रवाई नहीं की तो इनकी दबंगई और बढ़ जाएगी।

### छेड़खानी की शिकार युवती का शव रेल लाइन पर मिला

देवरिया : बंधे थे हाथ-पैर, हत्या की आशंका, बिहार में फेंका शव



अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

## सात के खिलाफ तहरीर, पांच के विरुद्ध ही दर्ज हुआ केस

भाटपाररानी। बनकटा थाने में केस दर्ज होने के बाद युवती की मां ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज करने में लापरवाही की है। सात लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने पांच लोगों पर ही केस दर्ज किया है। उन्होंने मामले की शिकायत एसपी से करने की बात कही। जबकि युवती के दादा का कहना है कि आरोपियों को पुलिस बचा रही है।

पांच लोगों पर केस दर्ज है, पर दो अन्य भी शामिल हैं। उन पर केस दर्ज नहीं किया है। अगर आरोपी जल्द से जल्द गिरफ्तार नहीं होते हैं तो पूरे परिवार के लिए खतरा है। मेरी बहू सहित अन्य बेटे, बेटियों की वह हत्या कर सकते हैं। संवाद

## छेड़खानी के दर्ज केस में पुलिस ने निकाल दी थी लूट की धारा

भाटपाररानी। जिस युवती हत्या हुई है उस मामले में मई माह में विजय, अभयराज, सतीश कुमार, बेचू प्रसाद, इंदू देवी पर छेड़खानी, मारपीट, लूट का केस दर्ज हुआ था। विवेचना के दौरान स्थानीय पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज लूट की धारा को हटा दिया। इसके कारण पुलिस ने छेड़खानी और मारपीट की धारा में आरोप पत्र दाखिल किया था। अब देखना है कि हत्या के मामले में दर्ज केस में क्या होता है। संवाद

*पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। ट्रेन के ड्राइवर ने जो मेमो स्टेशन पर दिया है उसके बारे में गहना से पड़ताल की जा रही है, ताकि सही तथ्य सामने आए और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।*

**- संकल्प शर्मा, एसपी**

# भाइयों पर चाकू से हमले में पांच पर केस

भाटपाररानी। नगर के बेलपार रेलवे क्रॉसिंग के पास एक दिन पूर्व एक मुर्गा की दुकान के पास दो सगे भाइयों पर मुर्गा काटने के चाकू से हमले के आरोप में पुलिस ने आदित्य राजभर, अंकित राजभर निवासी बेलपार पंडित, ऋषिकेश यादव व मुन्ना माफिया निवासी बिशुनपुरा तथा सूरज निवासी जमुनियाडीह बड़कागांव थाना भाटपाररानी तथा कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-09-2023

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, दरोगा अनुराग शर्मा व सिपाही तुषार यादव ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त साहिल निवासी सहोदरपट्टी नौतन हथियागढ़ थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया को केस दर्ज होने के बाद से ही फरार था। उसे गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

**पडरौना।** तरया सुजान थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा महेन्द्रनाथ सिंह यादव, सिपाही आदित्य प्रताप सिंह व रिषु यादव ने दो वारन्टियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिवजी सिंह निवासी बाघाचौर थाना तरयासुजान व योगेन्द्र निवासी बाघाचौर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दस लाख की अवैध शराब कराई नष्ट

**पडरौना।** पटहेरवा थाने की पुलिस ने वर्ष 2020 से 2022 तक कुल 116 मुकदमों में बरामद करीब दस लाख की अंग्रेजी, देशी व कच्ची सहित कुल 3160 लीटर शराब न्यायालय के आदेश पर सोमवार को नष्ट करा दी गयी। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा समस्त थाना प्रभारी को मालखाने में आबकारी अधिनियम के तहत बरामद की गयी अवैध शराब को यथाशीघ्र निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया है।

# चोरी के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना।** नेबुआ नौरंगिया थाने के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, दरोगा विनायक यादव व सिपाही नवनीत कुमार सिंह ने चोरी के एक स्मार्ट फोन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त सुदर्शन पुत्र लंगड निवासी खजुरिया को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का एक स्मार्ट फोन बरामद कर जेल भेज दिया है।

# समीक्षा के दौरान एएसपी ने लगाई विवेचकों की क्लास

पडरौना, निज संवाददाता। अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में सोमवार को फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की। सभी थानों के विवेचकों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने अपराधियों की गिरफ्तारी में तत्परता दिखाने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ने प्रमुख अपराध, सनसनी खेज अपराधों में फरार चल रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व लम्बित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व विवेचनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सभी थानों पर आईजीआरएस, जन शिकायत, महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्र के निस्तारण की भी समीक्षा की।

# पर्व को लेकर लगाई अफसरों की ड्यूटी

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। कार्यवाहक जिला मजिस्ट्रेट एडीएम वैभव मिश्रा ने 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और 9 सितंबर तक डोल मेले को लेकर अफसरों की सेक्टर, जोनल व सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटी पर लगायी है। पूर्व में लगी ड्यूटी में संशोधन भी किया है। समस्त मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया है कि अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि जहां डोल मेले का आयोजन होना है वहां कोई विवाद तो नहीं है। यदि किसी स्थल पर विवाद है तो उसके संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं एडीएम को तत्काल अवगत कराएंगे। उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तु स्थिति से भी अवगत कराएंगे।

## कलेक्ट्रेट में बना कंट्रोल रूम

कार्यवाहक जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जिसका नंबर 05564-240590 है। कंट्रोल रूम की प्रभारी श्रीमती उषा पाल खण्ड विकास अधिकारी नेबुआ-नौरंगिया का नंबर 9452061141 है।

एडीएम श्री मिश्र ने डीआरडीए के पीडी जगदीश त्रिपाठी को पर्यवेक्षक अधिकारी पर तैनात किया है। इनकी ड्यूटी सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र कप्तानगंज, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र रामकोला, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा में होगी। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट अनुराग गौतम अधिशासी अभियन्ता जल निगम की ड्यूटी सम्पूर्ण नगर क्षेत्र छितौनी में होगी। अंजनी कुमार श्रीवास्तव मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की ड्यूटी थाना नेबुआ नौरंगिया में सेक्टर मजिस्ट्रेट की होगी। धर्मवीर सिंह तहसीलदार हाटा की ड्यूटी कोतवाली हाटा के जोनल मजिस्ट्रेट, दिनेश कुमार सिंह तहसीलदार (न्यायिक) पडरौना की ड्यूटी थाना तर्कपट्टी, रविन्द्रनगर, कुबेरस्थान में जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में लगायी गयी है। उन्होंने सभी को निर्देशित किया है कि 7, 8 व 9 सितम्बर 2023 को समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी व थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। समस्त मजिस्ट्रेट त्योहारों के सकुशल संपन्न होने के बाद ही ड्यूटी स्थल संबंधित एसडीएम को अवगत करा कर ही छोड़ेंगे। लगातार संबंधित थाना प्रभारी के संपर्क में रहेंगे।

# छोटी गंडक में बहती मिली किशोरी की लाश

लक्ष्मीगंज। छोटी गण्डक नदी के कोटिया घाट के सामने नदी में बहती हुई एक किशोरी की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गयी, मौके पर पहुंची खोटही पुलिस ने शव को शव को नदी से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रामकोला थाना क्षेत्र से गुजरने वाली छोटी गण्डक नदी के कोटिया घाट के सामने नदी में बहती हुई एक लाश को ग्रामीणों ने देखा। मौके पर शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी सूचना खोटही पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची खोटही पुलिस ने शव को नदी से निकलवा कर शिनाख्त कराने में जुट गई।



पटहेरा खुर्द गांव में परिवार के साथ अनशन पर बैठी महिला। ● हिन्दुस्तान

# प्रधानपति पर आरोप लगा अनशन पर बैठी महिला

## चेतावनी

**पिपरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पटहेरा खुर्द गांव निवासी एक विधवा महिला ने ग्राम प्रधान पति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महिला ने प्रधानपति पर सैकड़ों साल पुरानी आबादी की जमीन पर बने घर पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाकर गांव में ही आमरण अनशन शुरु किया है। आत्मदाह की चेतावनी दी है।

विशुनपुरा ब्लॉक के गांव पटहेरा खुर्द में एक विधवा महिला ज्ञांति देवी ने आरोप लगाया है कि प्रधानपति गब्बू गुप्ता के द्वारा आबादी की जमीन पर बने वर्षों पुराने बने घर पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की जा रही है और घर उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला ने उच्चाधिकारियों को पत्रक सौंप अपने परिवार के साथ गांव में ही आमरण अनशन शुरु कर दिया है। चेतावनी दी है कि अगर न्याय नहीं मिला तो आत्मदाह कर लेगी। वहीं इस संबंध में ग्राम प्रधानपति गब्बू गुप्ता का कहना है कि मेरा और उस महिला के बीच जमीन का आपसी विवाद था। जिस मामले सुलहनामा किया जा चुका है। महिला इस बीच शिकायत करके आमरण अनशन पर बैठी हुई है।

# स्पोर्ट स्टेडियम की चहारदीवारी गिरी

पडरौना। जिला स्पोर्ट स्टेडियम की चहारदीवारी रविवार की आधी रात को तेज हवा के साथ हुई बारिश में ढह गयी। इससे स्टेडियम में असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

रविवार की आधी रात को आये तेज हवा के साथ बारिश में जिला स्पोर्ट स्टेडियम की चहारदीवारी भरभराकर गिर गयी। चहारदीवारी विहीन होने से स्टेडियम में असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। चहारदीवारी निर्माण के बारे में जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि निषाद ने बताया कि उन्हें इस जिले में आये हुए ढाई साल हुए हैं। इसके पहले करीब ढाई साल तक कोरोना के चलते लॉक डाउन था। इस तरह उससे पहले ही चहारदीवारी का निर्माण हुआ होगा। वह लखनऊ में हुई जरुरी मीटिंग से मंगलवार को लौटेंगे तो इसकी जानकारी करेंगे कि चहारदीवारी का निर्माण कब कराया गया था। अगर कार्यदायी संस्था दोषी पायी गयी तो उसके खिलाफ जरुरी कार्रवाई की जाएगी।

# कुबेरस्थान में प्रदर्शन, फाजिलनगर में सौंपा ज्ञापन



अधिशासी अभियंता पडरौना इंद्रराज यादव को अघोषित विद्युत कटौती से सम्बंधित ज्ञापन सौंपते सपा नेता राजेश प्रताप राव व समर्थक।

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** जिले में अघोषित बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा आंदोलन का रुप लेने लगा है। सोमवार को कुबेरस्थान उपकेन्द्र पर गुस्साए उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन किया। फाजिलनगर के उपभोक्ताओं ने कसया एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। एक्सईएन को ज्ञापन सौंप कर अघोषित बिजली कटौती बंद कराने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

**कुबेरस्थान संवाद** के अनुसार स्थानीय विद्युत उपकेंद्र से हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर सपा नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी भैया के नेतृत्व में सोमवार को सपाइयों व उपभोक्ताओं ने कुबेरस्थान बिजलीघर का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिशासी अभियंता को सौंपते हुए शीघ्र सुधार की मांग करते हुये चेतावनी भी दी। सपा नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी भैया व जिला पंचायत सदस्य सिकंदर आलम के नेतृत्व में कुबेरस्थान विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करने पहुंचे बिजली उपभोक्ताओं का आरोप था कि सरकार द्वारा जारी मानक के अनुरूप विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है। धरना की सूचना मिलने पर पहुंचे एसओ कुबेरस्थान पंकज गुप्ता तथा बिजलीघर पर मौजूद उपखंड अधिकारी तोषिम कुमार व अवर अभियंता सरताज अली ने इसकी सूचना अधिशासी अभियंता पडरौना को दी। अधिशासी अभियंता इंद्रजीत यादव ने मौके पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों से मांगों से संबंधित ज्ञापन लिया।

इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी, प्रसून जायसवाल, मुनीब यादव, मौजूद रहे।

**फाजिलनगर संवाद** के अनुसार स्थनीय विद्युत उपकेन्द्र से लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से नाराज उपभोक्ताओं ने सोमवार को एक्सईएन कसया के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अधिशासी अभियंता को चार सूत्रीय मांग पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की।

युवा नेता अनुराग पाण्डेय उर्फ अन्नू के नेतृत्व में कसया में अधिशासी अधिकारी राघवेंद्र कुमार सिंह से मिलकर शासनादेश के अनुरूप बिजली आपूर्ति, फाल्ट के नाम पर विद्युत कटौती बन्द करने सहित चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान सतीश चन्द्र शुक्ला, प्रेम चंद्र शुक्ला, अश्वनी मिश्रा, लोकपति शुक्ला, नीतीश शुक्ला, सन्नी कुमार, विपिन चंद्र, चंदन यादव, राधेश्याम मिश्रा, हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रिंस बने मुंडेरा खागी के कार्यवाहक प्रधान

**मनोनयन**

**सुकरौली, हिन्दुस्तान संवाद।** सुकरौली ब्लॉक के ग्राम सभा मुण्डेरा खागी में सोमवार को दूसरी बार ग्राम प्रधान के रिक्त पड़े पद पर ग्राम पंचायत सदस्यों ने बहुमत के आधार पर दोबारा प्रिंस कुमार को कार्यवाहक ग्राम प्रधान के रूप में चुन लिया। इसके पूर्व 26 अगस्त को भी ग्राम सभा के सदस्यों ने प्रिंस कुमार को ही कार्यवाहक प्रधान चुना था मगर चयन में शासनादेश व कोर्ट के नियमों का पालन न होने पर डीएम ने चयन को निरस्त कर दिया था। एसडीएम हाटा की अध्यक्षता में दोबारा कार्यवाहक प्रधान का चयन कराने के निर्देश दिए थे। बीते 14 अगस्त को एडीओ पंचायत सुकरौली ने डीपीआरओ कुशीनगर को पत्र भेजकर बताया था कि मुण्डेरा खागी के ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र पासवान हत्या के मामले में जिला कारागार देवरिया में बंद है। जिससे ग्राम प्रधान का रिक्त पड़ा हुआ है। डीपीआरओ ने 18 अगस्त को पत्र भेजकर खंड विकास अधिकारी सुकरौली को रिक्त प्रधान के पद पर ग्राम पंचायत के किसी सदस्य को कार्यवाहक प्रधान नामित किये जाने के लिए निर्देश दिए। बीडीओ सुकरौली के निर्देश पर 26 अगस्त को मुण्डेरा खागी में एडीओ पंचायत सुकरौली रामअशीष गौतम की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान के अस्थाई पद पर चयन को लेकर ग्रापं सदस्यों की बैठक बुलायी गयी। कुल 13 ग्राम पंचायत सदस्यों में से दस ग्राम पंचायत सदस्य जुटे और बहुमत के आधार पर प्रिंस कुमार को कार्यवाहक प्रधान चुन लिया। डीएम ने गाइडलाइन व कोर्ट के आदेशों का अनुपालन नहीं होने के कारण चयन को निरस्त कर दिया। हाटा के एसडीएम हाटा ने बताया कि सुकरौली ब्लाक के मुण्डेरा खागी में मेरी अध्यक्षता व एडीओ पंचायत की मौजूदगी में ग्राम पंचायत के सदस्यों ने बहुमत के आधार पर प्रिंस कुमार को कार्यवाहक ग्राम प्रधान के रूप में चयन कर लिया है।

# कार्यवाहक प्रधानाचार्य व शाखा प्रबंधक पर केस

**पडरौना, निज संवाददाता।** गोस्वामी तुलसी दास इंटरमीडिएट कॉलेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य व शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक पर कोर्ट के आदेश पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य व पंजाब नेशनल बैंक पडरौना के शाखा प्रबंधक पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर तिवारी के निलंबित होने के कारण विद्यालय का अध्ययन कार्य करने के लिए एक शिक्षक को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया। आरोप है कि कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने 1 सितबर 2020 को 30 हजार, 9 सितंबर 2020 को 80 हजार रूपये कैशियर से अनधिकृत तरीके से प्राप्त कर

> कोर्ट के आदेश पर स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य व शाखा प्रबंधक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
>
> **राज प्रकाश सिंह**, कोतवाली पडरौना

निजी उपयोग किया। इसकी शिकायत निलंबित प्रधानाचार्य चंद्रशेखर तिवारी ने डीआईओएस, सीडीओ समेत उच्चाधिकारियों से की। सीडीओ के निर्देश पर डीआईओएस ने मामले की जांच की। जांच में मामला सही मिलने पर डीआईओएस ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य को विद्यालय के सभी खातों से धननिकासी पर रोक लगा दी। आरोप है कि इसके बावजूद कार्यवाहक प्राधानाचार्य ने शाखा प्रबंधक की मिली भगत से 31 जुलाई 2021 को 4.80 लाख रूपये की निकासी की।



पटहेरवा थाना परिसर में जेसीबी से शराब नष्ट कराती पुलिस • जागरण

# तस्करों से बरामद 3160 लीटर शराब कराई गई नष्ट

पटहेरवा : पुलिस टीम द्वारा सीओ, एपीओ व तहसीलदार की मौजूदगी में सोमवार को 3160 लीटर शराब नष्ट किया गया। 2020 से 2022 तक तस्करों के पास से बरामद अंग्रेजी, देसी, बियर व कच्ची थाने के मालखाने में रखा गया था। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा, एपीओ नवनीत त्रिपाठी, तहसीलदार आशीष गुप्ता व प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय की उपस्थिति में जेसीबी से गड्ढा खोद कर थाना परिसर में इसे नष्ट इसे किया गया। (जासं)

# फरार अपराधियों की शीघ्र की जाए गिरफ्तारी : एएसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि गंभीर अपराध में शामिल व फरार चल रहे अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। इसमें देरी होने पर नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कम होता है, जिसका कानून व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। तीन माह से अधिक समय से फरार चल रहे ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाएं।

वे सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित गिरफ्तारी समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद सीओ व थानेदारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हत्या, लूट, छिनैती आदि की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस तरह के गंभीर अपराध के मामलों में शामिल अपराधियों की तलाश में और भी सक्रियता बढ़ाई जाए, जिससे फरार चल रहे अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो सके। एएसपी ने कहा इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सामने न आए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने ऐसे मुकदमों की विवेचना शीघ्र पूरी कर आरोप-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कहा कि विवेचना गुणवत्तापूर्ण हो जिससे आगे चलकर अपराधी को किसी तरह का लाभ न मिल सके। समीक्षा के दौरान जन शिकायत व महिला हेल्प डेस्क पर आए मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने को कहा। सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, कसया कुंदन कुमार सिंह, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा सहित सभी थानेदार मौजूद रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपित गिरफ्तार

पडरौना : सदर कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपित को सोमवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान साहिल निवासी सहोदरपट्टी नौतन हथियागढ़ थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया के रूप में हुई। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध कोतवाली में आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस उसकी तलाश में थी।

# आइजीआरएस : कुशीनगर पुलिस को मिला प्रदेश में पहला स्थान

- पुलिस से जुड़ी शिकायतों का मानक व गुणवत्ता के साथ कराया समाधान : एसपी
- इस उपलब्धि के लिए एसपी ने मातहत अधिकारी-कर्मचारियों को दी बधाई

जागरण संवाददाता, पडरौनाः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) आइजीआरएस में कुशीनगर पुलिस को अगस्त में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण समय से मानक व गुणवत्ता पूर्ण कराने में यह उपलब्धि जिले को मिली है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आइजीआरएस में अगस्त माह में प्राप्त शिकायतों का पुलिसकर्मियों ने तत्परता से निस्तारण किया। शिकायतों का समय पर और त्वरित निस्तारण होने पर प्रदेश सरकार द्वारा की जानी वाली रैंकिंग में कुशीनगर जिले को 115 में 115 अंक मिले हैं, जो संपूर्ण का 100 प्रतिशत है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने मातहत अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी है। कहा कि सभी के सहयोग व उनके कार्य कुशलता के परिणामस्वरूप सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जनपद को अगस्त 2023 की रैंकिंग में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को बहुत ही गंभीरता के साथ लेकर जनता की समस्याओं का निस्तारण समय पर किया जा रहा है, जिससे यह उपलब्धि मिली है। सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आने वाली आननलाइन शिकायतों का निस्तारण आगे भी सभी पुलिसकर्मी इसी प्रकार गंभीरता के साथ मानकों एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करें, ताकि जनपद को फिर प्रथम स्थान मिले।

## अगस्त 2022 में भी जिले की पुलिस को मिला था पहला स्थान



एसपी धवल जायसवाल।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि अगस्त 2022 में भी आइजीआरएस से जुड़े मामलों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जिले की पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान मिला था। तब जिले को 130 में 127 अंक मिले थे, जो संपूर्ण का 97 .69 प्रतिशत था।

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

## कहा, कार्रवाई नहीं होने पर शिक्षा निदेशालय लखनऊ में विरोध-प्रदर्शन का एलान

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर परिषदीय शिक्षकों ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए डा.रामजियावन मौर्य को सौंपा। साथ ही मांग पूरी न होने पर शिक्षा निदेशालय निशातगंज लखनऊ में विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी।



रवींद्र धूस स्थित बीएसए कार्यालय परिसर में शिक्षकों के धरना को संबोधित करते जिला मंत्री राजकुमार सिंह • जागरण

उत्तर-प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले जिले भर के शिक्षक सुबह 11 बजे बीएसए कार्यालय में एकत्रित हुए। सरकार पर शिक्षक हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए धरना शुरू कर दिया। धरने को संबोधित करते हुए कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह पटेल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षक लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। सरकार का रवैया इसे लेकर उदासीन बना हुआ है। शिक्षक समाज आहत है। धरने को जिला मंत्री राजकुमार सिंह, संयुक्त मंत्री अनूप सिंह आदि ने भी संबोधित किया। सौंपे गए ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार को अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति व 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को प्रोन्नत करने आदि की मांग शामिल है। धरना करीब पांच घंटे तक चला। सुमंत मिश्र, देवेंद्र ओझा, फरदह अली, शोभीलाल गुप्त, मनोज मिश्र, नीरज श्रीवास्तव, मैनुद्दीन अंसारी, मेहरूद्दीन अली, विद्यासागर पांडेय आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# खड्डा का जनपद में पहला स्थान

**जासं,खड्डा:** तहसील के अधिकारियों की सक्रियता से खड्डा तहसील को आइजीआरएस के निस्तारण में जिले में पहला स्थान मिला है। जनसुनवाई एप पर आनलाइन मिली शिकायत के निस्तारण में खड्डा तहसील ने जनपद के अन्य तहसीलों को पीछे कर बाजी मारी है।

प्रदेश स्तर पर जनसुनवाई पर मिली शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का फीडबैक लिया जा रहा है। एसडीएम आशुतोष ने बताया कि अगस्त में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एसडीएम समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रसन्नता जताई है।

# भूमि विवाद में दो पक्ष भिड़े छह घायल, आठ पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, खड्डा :** क्षेत्र के गांव सोनबरसा में सोमवार की दोपहर एक बजे भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक पक्ष के छह लोग घायल हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

सोनबरसा के वीरेंद्र ने गांव में पक्की सड़क के किनारे भूमि खरीदी है। आरोप है कि मकान बनाने के पहले पड़ोसी रियाजुद्दीन उनकी भूमि के सामने सड़क के किनारे भैंस बांधने लगे। जब मकान बनवाने लगे तो रियाजुद्दीन ने कहा कि बाद में भैंस हटा लेंगे। अब जबरन उस भूमि पर कब्जा कर दीवार बना दिए हैं। इसी को लेकर दोनों पक्ष में शुरू हुई कहासुनी के दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के वीरेंद्र, कैलाश, किरण देवी, जितेंद्र, रामप्यारे व गोधनी देवी पीटकर लहूलुहान कर दिए। पुलिस घायलों का मेडिकल कराई। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि आरोपित रियाजुद्दीन, शुकुरुल्लाह, अब्बास, इस्लाम, शमसुद्दीन, नसरुद्दीन, अजीमुल्लाह के विरुद्ध मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



घायल जितेंद्र।



घायल कैलाश।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

जासं, कप्तानगंज : उपनगर के वार्ड जनता मार्केट में 35 वर्षीय महिला का शव संदग्ध परिस्थितियों में घर के एक कमरे में मिला। जनता मार्केट के सत्तार रोजी रोटी के सिलसिले में मुंबई रहते हैं। पत्नी रुक्साना चार बच्चों व सास ससुर के साथ यहां घर पर रहती थीं। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया स्वाभाविक मृत्यु नहीं होने के अंदेशा को देखते हुए कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# जागा विभाग, लगाए जा रहे सीसी कैमरे



हेतिमपुर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय के अंदर सीसी कैमरा लगाने के लिए वायरिंग करता टेक्नीशियन • जागरण



हेतिमपुर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय परिसर में लगाया गया सीसी कैमरा • जागरण

**आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ती हैं 400 छात्राएं, एक सितंबर को विद्यालय से गायब हुई है छात्रा**

> जिला प्रोबेशन अधिकारी को चार्ज शासनादेश के विरुद्ध मिला है। इसकी जानकारी मुझे नहीं है। इसके बारे में पता किया जाएगा कि शासन की गाइड लाइन क्या है। यदि इसके विपरीत चार्ज मिला है तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **वैभव मिश्र**, प्रभारी जिलाधिकारी

**जागरण संवाददाता, हेतिमपुरः** पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय हेतिमपुर से कक्षा नौ की छात्रा के गायब होने के बाद विभाग की नींद टूटी है। अब गेट से लेकर सभी कमरों तक सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। घटना के चौथे दिन सोमवार को परिसर व भवन के अंदर हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसी कैमरा लगाने का कार्य शुरू हुआ।

बता दें कि शुक्रवार की शाम को जब विद्यालय की छात्राएं परिसर में खेल रही थीं, तभी सहजनवां गोरखपुर की छात्रा लापता हो गई थी। घटना की जानकारी होते ही सनसनी फैल गई। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया। विद्यालय के हास्टल में रहकर पढ़ने वाली 400 छात्राओं की सुरक्षा और उन पर निगरानी रखने के लिए विद्यालय प्रबंध तंत्र द्वारा सीसी कैमरा नहीं लगाया गया था। यही कारण रहा कि छात्रा के बारे में अब तक यह बात सामने नहीं आ सकी है कि वह कब और कैसे विद्यालय परिसर से बाहर निकली। यदि कैमरा लगा होता तो शायद जांच में पुलिस एवं विद्यालय प्रबंधन को सहयोग मिलता। घटना के बाद विद्यालय प्रबंध तंत्र की जब इस चूक के लिए फजीहत हुई तो आनन-फानन में कैमरा लगाया जा रहा है। इस संबंध में विद्यालय के पक्ष की जानकारी के लिए प्रधानाचार्य सुमन शर्मा एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार से बात करने के लिए उनके मोबाइल पर अनेक बार संपर्क किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि घटना के प्रकाश में आने के बाद विद्यालय प्रबंध तंत्र को तत्काल कैमरा लगवाने को कहा गया था।

## शासनादेश के विरुद्ध मिला है चार्ज

विद्यालय समाज कल्याण विभाग से ही संचालित है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार को जिला समाज कल्याण अधिकारी पद का कार्यभार शासनादेश के विपरीत मिला है। नियम के तहत पद रिक्त होने पर किसी विभागीय अधिकारी को ही प्रभार देने का प्रविधान है। इस शासनादेश की अवहेलना करके समाज कल्याण अधिकारी का प्रभार जिला प्रोबेशन अधिकारी को मिला है।

## जुलाई में लिए चार्ज, घटना के बाद विद्यालय आए अधिकारी

जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला समाज कल्याण अधिकारी पद का अतिरिक्त पदभार बीते जुलाई में मिला था। वह पदभार ग्रहण करने के बाद विद्यालय तभी आए, जब घटना घटित हुई। इसके पूर्व उन्होंने कभी विद्यालय की व्यवस्था को लेकर दौरा नहीं किया था।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# मारपीट के मामले में छह के विरुद्ध मुकदमा

**भैरोगंज**: जटहां बाजार थाने के पड़री पिपरपाती में रविवार की शाम हुई मारपीट के मामले में घायल दुकानदार धर्मेंद्र गोंड़ की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट व बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित धर्मेंद्र ने सोमवार को तहरीर के माध्यम से बताया था कि पड़री चौराहे पर मेरी दुकान है। चार दिन पहले स्कूली बच्चे आपस में मारपीट कर रहे थे। मेरी ओर से बीच-बचाव करने से नाराज महदेवा गांव के अनवर, मनौवर, अब्दुल उर्फ भुआल, सूरज कुशवाहा, समसुद्दीन अंसारी व उपेंद्र यादव मेरी दुकान में घुस कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारे पीटे। दुकान में तोड़-फोड़ भी किए। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया की पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

# मारपीट के मामले में छह के विरुद्ध मुकदमा

**भैरोगंज**: जटहां बाजार थाने के पड़री पिपरपाती में रविवार की शाम हुई मारपीट के मामले में घायल दुकानदार धर्मेंद्र गोंड़ की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट व बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित धर्मेंद्र ने सोमवार को तहरीर के माध्यम से बताया था कि पड़री चौराहे पर मेरी दुकान है। चार दिन पहले स्कूली बच्चे आपस में मारपीट कर रहे थे। मेरी ओर से बीच-बचाव करने से नाराज महदेवा गांव के अनवर, मनौवर, अब्दुल उर्फ भुआल, सूरज कुशवाहा, समसुद्दीन अंसारी व उपेंद्र यादव मेरी दुकान में घुस कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारे पीटे। दुकान में तोड़-फोड़ भी किए। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया की पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।



कुबेरस्थान विद्युत उपकेंद्र परिसर में धरना को संबोधित करते राजेश प्रताप राव ● जागरण

# बिजली दुर्व्यवस्था से नाराज सपाइयों का प्रदर्शन, नारेबाजी

**जासं, कुबेरस्थान**: बिजली की समस्या को लेकर लेकर विद्युत उपकेंद्र 33/11 कुबेर स्थान परिसर में सोमवार को सपाइयों ने धरना-प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर चेताया कि जर्जर तार, पुराने बिजली के खंभे, ट्रिपिंग की समस्या को दूर नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस उपकेंद्र से तीन फीडरों से लगभग 15000 उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति की जाती है। ओवरलोड के चलते प्रतिदिन शाम को 45 मिनट में 25 से 30 बार बिजली ट्रिप हो रही है। बाजार सहित गांवों में जर्जर तार टूटकर गिर रहे हैं। इसको लेकर सपा के लोकसभा प्रभारी राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी की अगुआई में उपकेंद्र परिसर में सुबह11:00 बजे सपाइयों ने धरना दिया। दो घंटे बाद मांग पत्र को जेई सरताज आलम को सौंपते हुए समस्या समाधान की मांग की गई। सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मार्कंडेय तिवारी, रामेश्वर कुमार कुशवाहा, सिकंदर आलम, शैलेश सिंह, अमित शुक्ला सम्मिलित रहे।

# गंडक में मिला किशोरी का शव आत्महत्या के बाद स्वजन ने फेंका

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही पुलिस
- जताई जा रही आनर किलिंग की भी आशंका

**जागरण संवाददाता, लक्ष्मीगंज:** रामकोला के पगार के पास गंडक नदी में रविवार शाम किशोरी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान रामकोला के ही पगार छपरा की 17 वर्षीय ज्योति कुमारी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व उसने आत्महत्या की थी और स्वजन शव गंडक नदी में फेंक दिए थे। पुलिस पिता भरथ प्रसाद से पूछताछ के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि मृत्यु का कारण पता चल सके।

शाम करीब साढ़े छह बजे टहलने निकले गांव के कुछ युवकों ने गंडक नदी में किशोरी का शव देखा। इसकी जानकारी गांव में दी। एसएचओ अखिलेश सिंह ने बताया कि स्वजन के अनुसार दो दिन पूर्व ज्योति ने घर में ही आत्महत्या कर ली थी। लोकलाज के डर से शव को गंडक नदी के नजदीकी घाट से प्रवाहित कर दिया था।

उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण का पता चल पाएगा। पिता से पूछताछ की गई कि है कि आत्महत्या की वजह क्या थी। मामला आनर किलिंग की ओर भी जा रहा है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# ड्राइविंग लाइसेंस बना नहीं, किशोर चला रहे ई-रिक्शा

जागरण संवाददाता, पडरौना: जिले में पुलिस व एआरटीओ विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से बिना ड्राइविंग लाइसेंस के युवक व किशोर ई-रिक्शा चला रहे हैं, जिसकी अनदेखी की जा रही है। ऐसे में दुर्घटना की संभावना अधिक है।

जनपद में ई-रिक्शा चलाने के लिए अब तक एक भी लाइसेंस जारी नहीं हुआ है। जबकि पंजीकृत ई-रिक्शा की संख्या कुल 1848 है। माना जा रहा है कि इससे ढाई गुना अधिक लगभग पांच हजार से अधिक जिले में संचालित हैं। केवल नगर में आठ सौ से अधिक ई-रिक्शा चलते हैं। इसमें अधिकांश नाबालिग चालक ही चला रहे हैं, जिसे देखकर अधिकारी अनजान बने हुए हैं।

यह है डीलरों की संख्या: जिले में ई-रिक्शा डीलरों की संख्या 36 है, जहां इलेक्ट्रिक ई-रिक्शा की बिक्री होती है।

ई-रिक्शा लाइसेंस के लिए यह है नियम: • ई-रिक्शा खरीदते समय ही 10 दिनों का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र डीलर द्वारा जारी किया जाता है। इसके बाद आनलाइन आवेदन करने पर 350 रुपये की सरकारी शुल्क जमा करना पड़ता है। इसके बाद लाइसेंस जारी होता है।

• 25 किमी से अधिक रफ्तार वाले वाहनों के लिए रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस आवश्यक

• विभाग का कहना है कि 250 वाट के मोटर वाले वाहन या 25 किमी प्रतिदिन घंटा रफ्तार तक के वाहन का रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के लिए बाध्यता नहीं है, लेकिन इससे अधिक रफ्तार होने वाले वाहनों का पंजीकरण व लाइसेंस दोनों अनिवार्य है। सामान्य लाइसेंस होने के बाद भी ई-रिक्शा चलाने के लिए लाइसेंस लेना होगा। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीयन पर कोई शुल्क नहीं लगता है। आरआइ आरडी वर्मा ने बताया कि ई-रिक्शा की स्पीड सबसे कम 20 व अधिकतम 45 तक की आती है।



पडरौना में ई-रिक्शा चलाता किशोर • जागरण

केस-एक : सेवरही में पिछले महीने इलेक्ट्रिक स्कूटी से साइकिल सवार के घायल होने के मामले में विवेचना के दौरान पुलिस ने एआरटीओ कार्यालय में छानबीन की। इसके बारे में आरआइ ने बताया कि लखनऊ से इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई थी कि पंजीयन अनिवार्य है।

केस-दो: 17 अगस्त को मोतीचक के मथौली बाजार के समीप बोलेरो ने एक ई-रिक्शा को ठोकर मार दी, जिससे सवार दो लोग घायल हो गए, जिस पर पंजीयन न होने से पुलिस कार्रवाई से परहेज कर रही है। वाहन स्वामी चंदू निवासी बोदरवार भटक रहा है।

> जांच के दौरान ई-रिक्शा चालकों को समझाया जा रहा है कि मानक के अनुसार वाहन का पंजीयन व खुद का लाइसेंस बनवा लें। इससे भविष्य में फायदा मिलेगा।
>
> सत्य सान्याल शर्मा, यातायात निरीक्षक

> इलेक्ट्रिक ई-रिक्शा की स्पीड लिमिट 25 से अधिक होने पर पंजीयन व चलाने वाले के लिए लाइसेंस आवश्यक है। चालकों व वाहन स्वामियों पर दो हफ्ते बाद वाहनों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> मो.अजीम, एआरटीओ, कुशीनगर

# सड़क पर उतरे अधिवक्ता, प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी डीएम को सौंपा, कसया में भी ठप रहा कार्य



कसया में दाएं पहले एसडीएम योगेश्वर सिंह को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता • जागरण



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

जागरण टीम, कुशीनगरः हापुड़ और गाजियाबाद में अधिवक्ता के साथ घटित घटना को लेकर हड़ताल पर चल रहे अधिवक्ता सोमवार को सड़क पर उतर गए। इस दौरान नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया।

जनपद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कुशीनगर स्थान पडरौना के अध्यक्ष संजय शाही व मंत्री राकेश मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ता पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित मांगों से जुड़ा पत्रक प्रभारी डीएम, एडीएम वैभव मिश्रा को सौंप कार्रवाई की मांग की। इस दौरान महंथ गोपाल दास, त्रिपुरारी मिश्रा, प्रवीण दूबे, जनमेजय तिवारी, शैलेश कुशवाहा, मानवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। कसया कार्यालय के अनुसार कसया दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता सोमवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। बैठक कर बुधवार तक हड़ताल जारी रखने का घोषणा किया। एसडीएम योगेश्वर सिंह को न्यायालय परिसर में बुलाकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे प्रदेश के अधिवक्ता आंदोलन पर हैं। हमारी सरकार से मांग है कि दोनों स्थानों पर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई हो। साथ ही घटना के आरोपितों को कठोर दंड दिया जाए। जब तक मांग मानी नहीं जाएगी आंदोलन चलता रहेगा। यदि सरकार ने अधिवक्ताओं को नजर अंदाज किया तो आंदोलन और व्यापक होगा। मंत्री दीनदयाल मल्ल, पूर्व अध्यक्ष बद्रीनारायण दूबे, राकेश श्रीवास्तव, पुनीत मिश्र, पुनीत श्रीवास्तव, वीरेंद्र पटेल, अशोक राय, बलिराम सिंह, संजय बघेल, संजय मिश्र, अनिल सिंह आदि उपस्थित रहे। हाटा कार्यालय के अनुसार अधिवक्ताओं ने तहसीलदार को पत्रक सौंपा। इसी क्रम में खड्डा में राजेंद्र जायसवाल व हीरालाल, तमकुहीराज में हरिहर कुशवाहा व शंभू ठकुराई के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर अधिकारियों को पत्रक सौंपा।

# विशेष अभियान में 10 स्कूली बसों समेत 30 वाहनों का चालान, डेढ़ लाख जुर्माना

जागरण संवाददाता, पडरौनाः परिवहन आयुक्त के निर्देश पर स्कूली बसों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम सोमवार को कसया-पडरौना-रामकोला मार्ग पर सहायक संभागीय अधिकारी मो.अजीम ने टीम के साथ वाहनों की जांच की, जिसमें 10 स्कूली बसों समेत 30 वाहनों का चालान किया गया।

इन वाहनों पर डेढ़ लाख रुपये जुर्माना अधिरोपित कर प्रशमन शुल्क के रूप में 32 हजार रुपये जुर्माना सरकारी कोष में जमा कराया गया। इस दौरान दो डग्गामार बसों को परमिट शर्तों के उल्लंघन में हाटा-पिपराइच मार्ग पर पकड़ा, जिसे अहिरौली थाने में निरुद्ध कराया गया। सवारी टेंपो की जांच में 18 का चालान किया गया। इसमें पांच वाहन अनफिट तो 13 वाहनों में परमिट शर्तों का उल्लंघन व क्षमता से अधिक सवारी बैठाए पाया गया। इसके अलावा एआरटीओ ने आने-जाने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच की, जिसमें 12 वाहनों का चालान किया गया। इसमें बिना हेलमेट के 15, मोबाइल पर बात करने पर पांच तथा सीट-बेल्ट न लगाने वाले सात वाहनों का चालान करते हुए जुर्माना जमा करने को कहा गया। उन्होंने वाहन स्वामियों को चेतावनी दी कि दोबारा पकड़े जाने पर अधिक जुर्माना देना होगा। इसलिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाएं और सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

# पुलिस को समय से नहीं मिलती जांच रिपोर्ट

## बिना मेडिकल रिपोर्ट के धाराएं नहीं बढ़ा पाती पुलिस, स्वास्थ्य महकमा लापरवाह

जागरण संवाददाता, सेवरहीः मारपीट व दुर्घटना में घायल लोगों की एक्सरे और सीटी स्कैन जैसी जांच रिपोर्ट भेजने में स्वास्थ्य महकमा बड़ी लापरवाही कर रहा है। रिपोर्ट भेजने में कभी-कभी महीनों का समय लग जाता है। इससे पुलिस को जांच प्रक्रिया आगे बढ़ाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

दुर्घटनाओं और मारपीट की घटनाओं में आए दिन लोग घायल होते रहते हैं। मामला पुलिस के पास जाता है तो घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी या फिर जिला अस्पताल भेजा जाता है। जहां अगर किसी की हड्डी टूटने, फ्रैक्चर होने आदि की स्थिति होती है तो उसका एक्सरे या सीटी स्कैन भी करवाया जाता है। पुलिस पहले मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लेती है। बाद में घायल व्यक्ति की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में जरूरी धाराएं बढ़ा दी जाती हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल रिपोर्ट भेजने में की जा रही लापरवाही के चलते जहां पुलिस की विवेचना आगे नहीं बढ़ पाती। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा घायल की एक्सरे रिपोर्ट व सीटी स्कैन रिपोर्ट थाने भेजने में 10 से 15 दिन लगा दिए जाते हैं। इससे पुलिस की कार्रवाई में बाधा आती है। सीएमओ को पत्रक भेजकर रिपोर्ट शीघ्र भिजवाने का अनुरोध किया गया है। सीएमओ सुरेश पटारिया ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से यह समस्या आ रही है। व्यवस्था में सुधार के लिए कर्मियों को हिदायत दी गई है। शिकायतें दूर की जाएंगी।

### जांच में नहीं मिले चिकित्सक, सीएमओ ने निजी अस्पताल की ओटी कराई सील



सुबुधिया बुजुर्ग के समीप संचालित सभ्या हास्पिटल के ओटी को सील कराने के दौरान मौजूद बाएं पहले डा. हेमंत वर्मा • जागरण

जागरण संवाददाता, सुकरौली बाजारः विकास खंड सुकरौली के सुबुधिया बुजुर्ग गांव में फोरलेन के किनारे संचालित सभ्या हास्पिटल में चिकित्सक न होने व अप्रशिक्षित स्टाफ के कार्य किए जाने की शिकायत क्षेत्र के कुछ लोगों ने सीएमओ डा. सुरेश पटारिया से की थी। सीएमओ के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवतहां के अधीक्षक डा. हेमंत वर्मा व डा. प्रिंस गुप्ता ने अस्पताल की जांच की। मौके पर कोई चिकित्सक नहीं मिला तो टीम ने अस्पताल की ओटी सील करा दी।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई रोगी भर्ती नहीं मिला। चिकित्सक के न होने के सवाल पर कर्मचारियों ने बताया कि रोगी के आने पर चिकित्सक को बुलाया जाता है। आपरेशन थिएटर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली।

अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर का कोई वैध कागजात संचालक की ओर से उपलब्ध नहीं कराया गया। डा. हेमंत ने बताया कि अस्पताल की ओटी में गंदगी व चिकित्सक के न रहने के कारण सील की कार्रवाई की गई है।

# कार्य में लापरवाही पर दारोगा लाइन हाजिर

पडरौना :कार्य में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने विशुनपुरा थाने में तैनात दारोगा हीरालाल को सोमवार को लाइन हाजिर कर दिया। इस कार्रवाई के बाद लापरवाह पुलिसकर्मियों में हलचल मच गई है। दारोगा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर गंभीर नहीं थे। शिकायत मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने जिले की टीम से आरोपों की जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए गए। यह देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया।

# उत्पीड़न का आरोप लगा अनशन पर बैठी महिला



पटेरा खुर्द गांव स्थित अपने दरवाजे के सामने कुनबा संग आमरण अनशन पर बैठी बीच में झांती ● जागरण

जासं नेवुआ नौरंगिया: विशुनपुरा विकास खंड के पटेरा बुजुर्ग की एक महिला अपने गांव की प्रधान के पति पर जबरदस्ती भूमि पर कब्जा और उत्पीड़न करने का आरोप लगा सोमवार को परिवार के सदस्यों समेत अपने दरवाजे पर आमरण अनशन पर बैठ गई। चेतावनी दी कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती, अनशन जारी रहेगा।

अनशन पर बैठी झांती देवी का कहना है कि जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर बताया था कि सैकड़ों वर्ष पुरानी आबादी की भूमि पर मेरा घर बना है। प्रधान के पति जबरदस्ती उस भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे घर को उजाड़ने का प्रयास कर रहे और आवास नहीं बनने दे रहे हैं।

प्रधान की ओर से थाने में सुलह करने के बाद घर आने पर मेरा मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। मेरे परिवार के सदस्यों को मारा-पीटा जा रहा है।

# डोल मेला के लिए तैनाती स्थल में फेरबदल

- डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, 31 तक रहे विशेष चौकसी
- 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट, तीन पर्यवेक्षक व 19 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात

जागरण संवाददाता,पडरौनाः श्री कृष्ण जन्माष्टमी व डोल मेला आदि त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए सोमवार को प्रभारी डीएम, एडीएम वैभव मिश्रा ने अधिकारियों की तैनाती स्थल में मामूली फेर-बदल किया है। बताया कि पर्यवेक्षक के रूप में तैनात सीडीओ गुंजन द्विवेदी के अवकाश पर होने, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट सहायक महानिरीक्षक निबंधन अरविंद कुमार श्रीवास्तव के चिकित्सीय अवकाश, तहसीलदार हाटा दिनेश कुमार सिंह के स्थानांतरित होने तथा सहायक आयुक्त सतीश कुमार के निर्वाचन (पंचायत) में ड्यूटी लगने के कारण इनके स्थान पर दूसरे अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रभारी डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह दो दिनों तक क्षेत्र में बने रहेंगे। सात से नौ सितंबर तक क्षेत्र में विशेष चौकसी रखेंगे। बताया कि जिले में 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारी सौंपी है तो 19 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किया है। इन पर निगरानी बनाए रखने के लिए तीन पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसील व थानावार लगाए गए हैं। डीएम ने बताया कि कप्तानगंज व खडडा तहसील क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में सीडीओ के स्थान पर पीडी जगदीश त्रिपाठी को नामित किया है।

इसी प्रकार हाटा, पडरौना तहसील तथा कसया व तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक अधिकारी नामित किया गया है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कुल 19 अधिकारियों को नामित किया गया है, जिसमें एसडीएम व जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट में जनपद स्तरीय व ब्लाक स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। रिजर्व में सात जोनल व सात सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित हैं। डीएम ने सभी को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लें कि जहां आयोजन होना है, वहां कोई विवाद तो नहीं है, यदि किसी स्थल पर विवाद है, तो उच्चाधिकारियों के साथ एसडीएम व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराएं।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि डोलमेला पर कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी। निर्देशित किया कि मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र थाना क्षेत्र में भ्रमण सील रहेंगे। इसके लिए कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसका नंबर 05564-240590 है, कंट्रोल रूम प्रभारी बीडीओ नेबुआ उषा पाल व सुधा पांडेय को बनाया गया है। मोबाइल नंबर 9452061141 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षक संघ ने दिया धरना

**मांगें शीघ्र पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की तरफ से सोमवार को बीएसए कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित 18 सूत्री मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

शिक्षकों ने चेताया कि यदि मांगे शीघ्र पूरी नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

संघ के जिला संयोजक राजकुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक लगातार शासन की मंशा के अनुरूप परिश्रम कर बेसिक शिक्षा के उन्नयन में लगे हैं। लेकिन सरकार शिक्षक कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने में उदासीनता दिखा रही है। उन्होंने सरकार पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की। संयुक्त मंत्री अनूप सिंह ने कहा कि शिक्षकों की पदोन्नति व स्थानांतरण आदि की मांग को लेकर कई बार मांग पत्र दिया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। धरने को रामदिनेश सिंह, अरुणेंद्र राय, अरविंद सिंह पटेल, विद्यासागर पांडेय, शंभू यादव आदि ने संबोधित किया। संवाद

# 116 मामलों में बरामद शराब पुलिस ने कराई नष्ट

**पटहेरवा।** वर्ष 2020 से 2022 तक कुल 116 मामलों में बरामद करीब दस लाख रुपये की शराब को पुलिस ने सोमवार को नष्ट करा दिया। इसमें अंग्रेजी, देसी और कच्ची शराब शामिल है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर हुई।

थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2020 से 2022 तक अवैध शराब के मामले में 116 केस दर्ज किए गए थे। इसके तहत अंग्रेजी व देसी शराब के साथ कच्ची शराब की बरामदगी की गई थी। उन्होंने बताया कि इन दो वर्षों में 3160 लीटर शराब बरामद की गई थी, जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। उसे कोर्ट के आदेश पर सोमवार की दोपहर में नष्ट किया गया। संवाद

# प्रिंस बने खागी मुंडेरा के कार्यवाहक प्रधान

## हत्या के आरोप में प्रधान धर्मेंद्र के जेल जाने के बाद ठप हो गए थे विकास कार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाटा।** क्षेत्र के खागी मुंडेरा गांव में सोमवार को हाटा एसडीएम हीरालाल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। इसमें कार्यवाहक ग्राम प्रधान का चुनाव किया गया। प्रिंस पासवान को कार्यवाहक प्रधान चुना गया। गांव के कमलेश की हत्या के आरोप में प्रधान धर्मेंद्र के जेल जाने के बाद से ग्राम पंचायत में विकास कार्य ठप हो गए थे।

हाटा कोतवाली के खागी मुंडेरा गांव में जिला पंचायत सदस्य के पुत्र कमलेश सिंह की पांच अगस्त को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कमलेश के के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान और पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया। आरोपी ग्राम प्रधान के जेल जाने के बाद गांव में विकास कार्य प्रभावित था। ब्लॉक के अधिकारियों की सहमति पर जिला पंचायत अधिकारी ने गांव में कार्यवाहक प्रधान चुनने की प्रक्रिया का निर्देश दिया था।

सोमवार को ग्राम पंचायत की खुली बैठक प्राथमिक विद्यालय परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में हुई। इसमें एडीओ पंचायत रामाशीष गौतम व पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में कार्यवाहक प्रधान के चुनाव की प्रक्रिया हुई। 13 ग्राम पंचायत सदस्यों में 10 सदस्य प्रक्रिया में शामिल हुए। कार्यवाहक प्रधान के लिए प्रिंस पासवान और पुष्पा ने दावेदारी की। प्रिंस पासवान के पक्ष में प्रिंस सहित छह और पुष्पा को चार सदस्यों ने समर्थन दिया। अधिकारियों ने बहुमत के आधार पर प्रिंस पासवान को खागी मुंडेरा का कार्यवाहक ग्राम प्रधान घोषित कर दिया।

**गांव में बन गए दो खेमे:** सोमवार को खागी मुंडेरा में प्रधान पद के लिए कार्यवाहक के रूप में एक सदस्य पर आम सहमति बनी। खास बात यह रही कि प्रधान पद के लिए कार्यवाहक चुनने में भी गांव में दो खेमे बन गए। दो दावेदार होने से अधिकारियों की दिक्कत बढ़ गई।



खागी मुंडेरा गांव में कार्यवाहक ग्राम प्रधान के चुनाव के दौरान मौजूद ग्राम पंचायत सदस्य, एसडीएम एवं अन्य अधिकारी। संवाद

### लोगों से अधिक रही पुलिस की मौजूदगी

**हाटा।** कमलेश हत्याकांड के बाद प्रधान धर्मेंद्र के जेल जाने से रिक्त हुई प्रधान पद के लिए सोमवार को गांव के प्राथमिक विद्यालय में हुई बैठक के दौरान पूरा गांव छावनी में तब्दील रहा। पुलिस हर जगह अपनी डेरा बनाए रखीं। सभागार में किसी तरह की अनहोनी न होने पाए, इसके लिए प्रशासनिक कर्मियों के अलावां अन्य किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश होने पर गहनता से जांच पड़ताल होती रही। हालांकि गांव के लोग इस पूरे प्रक्रिया में खुलकर अपनी सहभागिता नहीं दिखा पाए। वहीं भीड़ में दोनों खेमे के लोगों की मौजूदगी होने से ब्लॉक के कर्मी भी बैठक की कार्यवाही पूरी होने तक हर किसी से चर्चा और सहमति के लिए तैयार रहे। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों से अधिक संख्या पुलिस वालों की थी। इसलिए पूरे दिन लोग डरे सहमे रहे और इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए। संवाद

# बिजली कटौती से नाराज सपा नेताओं ने किया प्रदर्शन पुलिस से हुई नोकझोंक



कुबेरस्थान बिजलीघर पर प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। बेपटरी हुई बिजली आपूर्ति के खिलाफ कुबेरस्थान उपकेंद्र पर सपा नेताओं ने सोमवार को प्रदर्शन किया। कहा कि कुबेरस्थान क्षेत्र के लोगों को पांच से दस घंटे ही बिजली मिल रही है। शिकायत करने पर तार टूटने, लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या बताकर बिजलीकर्मी पल्ला झाड़ ले रहे हैं। यही हाल सभी बिजली उपकेंद्रों का है। जिले के आला अफसर भी इसे लेकर गंभीर नहीं हैं। सपा नेताओं ने एक्सईएन को मांगपत्र सौंपा। सुचारू रूप से आपूर्ति नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

सपा नेता राजेश प्रताप उर्फ बंटी राव के नेतृत्व में कार्यकर्ता सोमवार को कुबेरस्थान उपकेंद्र पर पहुंचे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांवों की ठप पड़ी आपूर्ति को बहाल करने की मांग करने लगे। बंटी राव ने कहा कि सरकार कागजों में सिर्फ शहरों को 24 घंटे और गांवों में 18 घंटे बिजली दे रही है। अफसर भी सरकार के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं।

जिले के सभी उपकेंद्रों का यही हाल है। बिजली आपूर्ति नहीं मिलने के कारण गर्मी से बच्चे और लोग

## पांच से दस घंटे ही मिल रही बिजली

बीमार हो रहे हैं। इसे लेकर जिले के अफसर भी गंभीर नहीं हैं। हर रोज कहीं न कहीं जर्जर तार टूट रहे हैं। इसके चलते घंटों बिजली आपूर्ति ठप रह रही है।

धरना की सूचना पर कुबेरस्थान इंस्पेक्टर पंकज कुमार गुप्ता सिपाहियों के साथ पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश करने लगे, लेकिन प्रदर्शनकारियों का तेवर देख पुलिस बैकफुट पर आ गई। जेई सरताज अली ने प्रदर्शकारियों से बात करने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी जेई पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए इनकी एक नहीं सुने। करीब तीन घंटे बाद पहुंचे एक्सईएन इंदराज यादव ने धरना पर बैठे सपा नेताओं से वार्ता की और सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना खत्म हुआ।

जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा, सिकंदर आलम, मारकंडेय तिवारी, शोएब, राजेश सिंह, मुनीब यादव, दिनेश चौधरी, अवनीश सिंह आदि मौजूद थे।

# छह लोगों पर बलवा, एससी एसटी एक्ट का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के पड़री पिपरपाती चौराहे पर रविवार की शाम एक दुकान में घुसकर कुछ लोग मारपीट किए थे। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पलिस ने सोमवार को छह लोगों के खिलाफ बलवा, धमकी देने और एससी-एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पड़री पिपरपाती चौराहे पर रविवार की शाम करीब तीन बजे पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोग दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। इसका विरोध करने पर दुकानदार धर्मेंद्र गौड़ को आरोपी मारपीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिए। सोमवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिए।

## रविवार की शाम पड़री पिपरपती चौराहे पर दुकान में हुई मारपीट का मामला

इस संबंध में एसओ राजकुमार बरवार ने बताया की पीड़ित की तहरीर पर छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मुंबई से रामकोला लौटी किशोरी की रहस्यमय हाल में मौत

## गलत आचरण की वजह से नाम कटवाकर घरवालों ने भेज दिया था घर, कप्तानगंज के एक विद्यालय में 10वीं की छात्रा थी किशोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** मुंबई में अपने माता-पिता के साथ रह रही किशोरी को परिवारवालों ने घर भेज दिया। यहां उसका दाखिला कक्षा दस में कप्तानगंज के एक विद्यालय में कराया गया था। घरवालों से किसी बात से नाराजगी के बाद उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को छोटी गंडक नदी में बहा दिया।

शव उतराया तो लोगों ने शोर मचाया। पुलिस के पहुंचने पर शव की शिनाख्त हुई। यहां रहने वाले परिवार के लोग घर छोड़कर भाग गए थे। खोजबीन के बाद पुलिस उसके चाचा और दादा को पकड़कर थाने ले आई और पूछताछ की तो घटना के बारे में यह जानकारी हुई।

पुलिस के मुताबिक, रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 साल की किशोरी अपने माता-पिता के साथ मुंबई में रहती थी, लेकिन उसका आचरण ठीक न होने के कारण पिता ने विद्यालय से उसका नाम कटवा दिया और घर भेज दिया। यहां आने पर दादा ने कप्तानगंज के एक विद्यालय में कक्षा दस में उसका दाखिला कराया था। शनिवार को किसी बात को लेकर उसने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

यह देखकर परिवार के लोगों के हाथ-पांव फूल गए। बिना किसी को सूचना दिए उसके शव को छोटी गंडक नदी में बहा दिया। इस घटना से गांव के लोग भी अनजान रहे, लेकिन रविवार की शाम को किसी ने नदी में शव को देखा तो गांव में जाकर शोर मचाया। सूचना मिलने पर रामकोला थाने की पुलिस पहुंची और उसे नदी से बाहर निकाला।

रामकोला थाने के इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को उसके गलत आचरण के कारण माता-पिता ने घर भेज दिया सा। वहां कप्तानगंज के एक विद्यालय में कक्षा दस में पढ़ती थी। पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि घर में कुछ कहासुनी के बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसलिए शव को नदी में बहा दिए थे। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत डूबने से बताई गई है। इस वजह से मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि वह हर पहलू की जांच कर रही है।

### घर में फंदा लगाकर महिला ने दी जान

**पडरौना।** कप्तानगंज कस्बे के वार्ड नंबर-चार में भी 35 वर्षीय एक महिला की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कप्तानगंज कस्बा निवासी सत्तार की 35 वर्षीय पत्नी रुकसाना की सोमवार को मौत हो गई। मृतका के पति रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते हैं। रुकसाना अपने चार बच्चों व सास-ससुर के साथ घर पर रहती थी। सोमवार को शाम करीब पांच बजे पुलिस को सूचना मिली कि रुकसाना की मौत हो गई है। पुलिस ने मृतका का शव उसके घर से बरामद किया। पंचनामा बनवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि 35 वर्षीय महिला का शव उसके घर से बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया स्वभाविक मौत नहीं लग रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण पता चलेगा। संवाद

# इलाज के दौरान हुई किशोरी की मौत

## सेवरही थाना क्षेत्र के पिपरा अगरवा गांव की निवासी थी फरीदा खातून

**तमकुहीरोड।** सेवरही थाना क्षेत्र के पिपरा अगरवा गांव की 17 वर्षीय किशोरी की रविवार की देर रात मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह कई दिनों से बीमार थी। सूचना पर पहुंची सेवरही पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी है।


फरीदा खातून। (फाइल फोटो)

बताया जा रहा है कि सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरा अगरवा निवासी नियाज अहमद की 17 वर्षीय पुत्री फरीदा खातून की तबीयत कई दिनों से खराब थी। रविवार की रात उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी तो परिजन उसे सेवरही सीएचसी ले आए। यहां चिकित्साधिकारी डॉ. अमित जायसवाल ने प्राथमिक इलाज के बाद एंबुलेंस बुलवाकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही किशोरी की मौत हो गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो वहां डॉक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। परिजन रात में शव लेकर घर आ गए।

सुबह गांव के लोगों ने सेवरही पुलिस को सूचना दे दी। पिपराघाट पुलिस चौकी के इंचार्ज सुजीत कुमार भारती ने परिजनों से पूछताछ की। ग्राम प्रधान विरेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि करीब दो माह पूर्व किशोरी गांव के ही एक युवक के साथ कहीं चली गई थी। परिवारवालों के समझाने पर वह घर लौट आई थी। कुछ दिनों से वह बीमार चल रही थी। अचानक रविवार की रात में उसे सांस लेने में दिक्कत हो गई।

पोस्टमार्टम में भी उसकी टीबी से मौत की बात बताई जा रही है। एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पिपरा अगरवा गांव में किशोरी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की सूचना मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा। संवाद

# लापता छात्रा का नहीं लगा सुराग

## पुलिस नाकाम, आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पकवा इनार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से लापता छात्रा की गुत्थी घटना के चौथे दिन सोमवार को भी सुलझ नहीं पाई है। हालांकि पुलिस प्रभारी प्रधानाचार्य की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर तलाश करने की बात कह रही है। पुलिस लापता छात्रा के खोजबीन में किसी भी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है।

छात्रा के छात्रावास से लापता होने की घटना से उत्पन्न हुए सवाल व उससे जुड़े जिम्मेदारों के जवाब से ही कुछ हद तक सफलता मिल सकती है। लेकिन घटना के चार दिन बीत चुके हैं, अब तक न तो विद्यालय प्रशासन व न ही समाज कल्याण विभाग कुछ ठोस सफलता हासिल करने का संकेत दे रहा। पुलिस लापता छात्रा की तलाश व दर्ज केस के आधार पर क्या जांच कर रही है। किनसे-किनसे सुराग लगाने में मदद ले रही आदि की जानकारी भी पुलिस नहीं दे पा रही।

**जांच में छात्रा के गांव पहुंची पुलिसः** आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से लापता कक्षा नौवीं की छात्रा के गांव गोरखपुर के सहजनवा थाना क्षेत्र के गांव पाली में सोमवार को कुशीनगर पुलिस तहकीकात करने पहुंच गई। पुलिस ने छात्रा के घर से उसका नगर निगम गोरखपुर से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा आठवीं उत्तीर्ण विद्यालय से निर्गत अंकपत्र, पिता का आधार कार्ड, छात्रा के भाई का आधार कार्ड की छायाप्रति आदि साक्ष्य के तौर पर जुटाई। पिता ने बताया कि पुत्री के स्वभाव के बारे में जानकारी पुलिस ने प्राप्त कर शाम करीब साढ़े पांच बजे वापस लौट गई। पिता ने पुत्री के निर्गत जन्म प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि 11 फरवरी 2008 बताई है। पिता ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं। घटना के चार दिन बाद भी पुत्री का पता नहीं चल सका है। संभावित जगहों पर तलाश किया हूं, लेकिन पता नहीं चल सका है।

**जिम्मेदार मामले में नहीं कर रहे बातः** आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से कक्षा नौवीं की छात्रा लापता होने के मामले में कोई जिम्मेदार अधिकारी बात नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन शर्मा व डीपीओ विनय कुमार का है। सोमवार दोपहर बाद प्रधानाचार्य के नंबर पर संपर्क करने पर पहले काल रिसीव नहीं हुई। वह दूसरी बार किसी अन्य ने रिसीव किया। वे बातचीत में कुछ बताने में असमर्थता जताई। इसके अलावा डीपीओ के नंबर पर चार से पांच बार संपर्क किया गया, लेकिन एक भी बार रिसीव नहीं हुआ। उन्हें फिर व्हाट्सएप्प पर मैसेज कर जानकारी ली गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

### विद्यालय में प्रवेश रहा प्रतिबंधित, अंदर चल रही थी जांच

घटना के चौथे दिन सोमवार की दोपहर बाद करीब एक बजे डीपीओ/प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर पहुंचे। वहां विद्यालय में प्रभारी प्रधानाचार्य सुमन शर्मा से करीब एक घंटे तक बातचीत की। इस कक्ष में डीपीओ ने प्रधानाचार्य से घटना के किन-किन बिन्दुओं पर पूछताछ की। इसकी जानकारी किसी ने नहीं दिया। यही नहीं इस दौरान विद्यालय गेट पर पहुंचने वाले लोगों का अंदर प्रवेश नहीं होने दिया जा रहा था। यहां तक कि विद्यालय में पढने वाली छात्राओं को अंदर कोई सामान आदि भेजने के लिए भी काफी मशक्कत उठानी पड़ी। गेट पर तैनात गार्ड की सतर्कता व सजगता अधिक थी। प्रवेश किसका होगा या नहीं, वह गेट पर उस व्यक्ति का नाम जानकर अंदर प्रधानाचार्य से पूछकर आता था, अनुमति मिलने पर ही कोई प्रवेश कर पा रहा था। सवाल यह है कि गार्ड की सक्रियता व सजगता व विद्यालय प्रशासन की कड़ाई पूर्व में रही होती तो यह स्थिति न उत्पन्न हुई होती।

### दोपहिया से विद्यालय पहुंचे थे डीपीओ

डीपीओ/प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर में चार दिन पूर्व बीते शुक्रवार देर शाम को लापता कक्षा नौवीं की छात्रा के बारे में जांच करने चारपहिया नहीं दो पहिया से पहुंचे थे। डीपीओ एक घंटे तक विद्यालय के अंदर किस-किस से पूछताछ किए क्या उन्हें फीडबैक मिला। एक घंटे बाद करीब दोपहर दो बजे बाइक पर पीछे बैठकर तेजी से गेट से निकल गए।

# पत्नी से नाराज युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

रामकोला। थाना क्षेत्र के धनौजी माफी गांव में सोमवार को 40 वर्षीय युवक ने घर के बरामदे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। मिली जानकारी के अनुसार, रामकोला थाना क्षेत्र के धनौजी माफी गांव के निवासी भोला प्रसाद का किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया था।

इससे नाराज होकर उन्होंने अपने घर में ही फंदा लगाकर जान दे दी। इसकी सूचना मिलते ही थाने के एसआई कन्हैया लाल यादव पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-05-09-2023

# नीदरलैंड के नागरिक को एक साल की सजा

- विदेशी विषयक मामले में दोषी पाए जाने पर सीजेएम ने सुनाई सजा
- कोर्ट ने आरोपी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

महराजगंज, निज संवाददाता। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव प्रथम की अदालत ने विदेशी विषयक अधिनियम में नीदरलैंड के नागरिक रोजबर्ट डेविट को दोषी करार देते हुए एक साल के साधारण कारावास व 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजी सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने पर एक साल का अतिरिक्त सजा भुगतना होगा।

पत्रावली के मुताबिक वादी मुकदमा एसएसबी के निरीक्षक जयंता घोष ने सोनौली कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बीते 23 मार्च को वह मुख्य आरक्षी बसंतराम हरीराम के साथ बार्डर की निगरानी के लिए ड्यूटी पर मुस्तैद थे। उसी दौरान एक 51 वर्षीय विदेशी भारतीय सीमा से नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। उसे पूछताछ के लिए एसएसबी के सोनौली सीमा चौकी पर लाया गया। इमीग्रेशन, आईबी, एसआईबी के अधिकारियों ने भी पूछताछ की। इसमें आरोपित ने अपना नाम रोजबर्ट डेविट बताया। वह नीदरलैंड का निवासी है। अवैध सीमा प्रवेश करने पर एसएसबी के निरीक्षक ने सोनौली कोतवाली में 14 विदेशी विषयक अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया। एसओ अभिषेक सिंह के पर्यवेक्षण में एसआई अंकित सिंह ने विवेचना कर चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया। विचारण के दौरान कोर्ट में पुलिस की तरफ से प्रभावी पैरवी की गई।

साक्ष्य उपलब्ध कराए गए। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रमेश चंद ने गवाहों की गवाही कराकर बहस की। कोर्ट से सजा की मांग की। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य, सबूत व गवाहों की गवाही के आधार पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव प्रथम ने नीदरलैंड के नागरिक के खिलाफ सजा सुनाई।

## यूरिया तस्करी का वीडियो वायरल

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहानी में एक उर्वरक की दुकान का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में शटर रात में खोलकर यूरिया की तस्करी की जा रही है। एक व्यक्ति के द्वारा पूछा जा रहा है कि इतनी रात में दुकान क्यों खुला हुआ है। प्रोपराइटर उसको बताता है कि किसी के बुलाने पर दुकान को खोलकर खाद की बिक्री कर रहा हूं। जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। संवाद

## 30 बोरी चावल बरामद

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम पंचायत झिंगटी के पास सोमवार को लावारिस 30 बोरी चावल को कब्जे में लेकर कर नौतनवा कस्टम को सौंप दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष सुधाकर प्रसाद ने दी। संवाद

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम सत्येंद्र कुमार( बाएं से दूसरे) ● जागरण

जासं, महराजगंजः जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम के त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्वक मनाये जाने के लिए जिले के धर्मगुरुओं तथा सभ्रांत व्यक्तियों व विभागों के अधिकारीगण के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी घटना को कभी भी छोटा न समझे, क्योंकि छोटी-छोटी घटनाएं ही बड़ी बन जाती हैं। इसलिए सतर्क रहना अति आवश्यक है। सभी अधिकारी अपनी कार्य योजना को तैयार कर लें। जुलूस के रूट भी अलग-अलग कर लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि तीज व्रत भी जिसमें महिलाएं तालाबों पर पूजा-पाठ के लिए जाती हैं, उसकी निगरानी की जाए। अधिशासी अधिकारी नगरपालिका व नगर पंचायतों से कहा कि साफ-सफाई की वहां पर बेहतर व्यवस्था करें।

पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने कहा कि त्योहार हमें आपस में जोड़ने व अखंडता को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि जो असमाजिक तत्व देश व समाज को जोड़ने के बजाय खंडन हेतु कार्य करता है, उसके प्रति कार्रवाई सुनिश्चित होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी डा.पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम सदर दिनेश मिश्रा, नौतनवा मुकेश कुमार सिंह, निचलौल सत्यप्रकाश मिश्रा, फरेंदा रमेश कुमार, सदर सीओ अजय सिंह चौहान सहित समस्त सीओ, थानाध्यक्ष, नपं के ईओ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवती को झांसा देने वाले के खिलाफ केस

सिन्दुरिया। सिन्दुरिया क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को शादी का झांसा देकर भगाने के मामले में पुलिस ने आरोपित सुल्तान नाम के युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को तहरीर देकर पीड़िता की मां बताया कि हरखोड़ा गांव का रहने वाला आरोपित उसकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। इस प्रकरण को लेकर किशोरी नहर में भी कूदी थी। एसओ कंचन राय ने बताया कि हरखोड़ा निवासी सुल्तान एवं एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# अभद्र व्यवहार करने का आरोप

परतावल। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने ग्राम प्रधान के पति पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने कहा कि प्रधान पति उसकी पट्टे की जीमन पर जबरन कब्जा का प्रयास कर रहा है। महिला ने शोर मचाया तो वह खिसक गया। एसओ धर्मेन्द्रसिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# जिला अस्पताल में मरीज से मारपीट का वीडियो वायरल




- जिला अस्पताल में एक मरीज ने डॉक्टर के सहयोगी पर मारपीट का लगाया आरोप
- बच्चे को लेकर आया था अस्पताल, इलाज के लिए बोलने पर गला दबाया गया
- मामले को लेकर मरीज के तीमारदारों और स्टाफ से पूछताछ शुरू

महराजगंज, निज संवाददाता। जिला अस्पताल में एक डॉक्टर के सहयोगी और परिजन में मारपीट व झड़प का वीडियो खूब वायरल हो रहा हैं। वीडियो शनिवार की शाम का बताया जा रहा है। नवजात पीड़ित का तीमारदार बच्चे को ठीक से देखने व बेड से अधिक नवजात को भर्ती करने की बात कही जिसको लेकर मारपीट की नौबत आ गई। हालांकि हिन्दुस्तान इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

1.18 मिनट के वायरल वीडियो में भिटौली क्षेत्र के भिस्वा निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसके नवजात की हालत ठीक नहीं थी। डॉक्टर से उसने ठीक से देखने को कहा। डॉक्टर ठीक से देखने की बात कहकर एसएनसीयू वार्ड में नवजात में जाने लगे। इसी बीच परिजन बोल देता 27 बेड पर 70 नवजात भर्ती हैं तो कैसे ठीक से इलाज होगा? पीड़ित के अनुसार यह बात सुन डॉक्टर के

> 26 बेड वाले एसएनसीयू में अधिक संख्या में बीमार नवजात पहुंच रहे हैं। त्वरित इलाज देने के चक्कर में डॉक्टर नवजात को भर्ती कर रहे हैं। ऐसे में बेड से अधिक नवजात भर्ती हो जा रहे हैं। इससे वार्ड में भीड़ हो रही हैं। इस मामले को दिखवाया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो जांच टीम गठित कर जांच कराई जाएगी।
>
> डॉ. एपी भार्गव, सीएमएस

में तीमारदार डॉक्टर के सहयोगी पर गला दबाने का आरोप लगा रहा है। डॉक्टर के हस्तक्षेप से मामला शान्त हुआ। सोमवार को मामला अस्पताल प्रशासन के पास पहुंच गया। अस्पताल

# गोदाम पर सिलेंडर लदा ट्रक लेकर जा रहे शख्स को पकड़ा

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम दमकी स्थित गैस गोदाम पर खाली सिलेंडर लदे ट्रक को एक शख्स रविवार की रात में चलाकर ले जा रहा था। उसे गैस गोदाम के कर्मचारियों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

निचलौल में संचालित गैस एजेंसी का गोदाम महराजगंज मार्ग पर दमकी गांव के सामने है। गोदाम पर खाली सिलेंडर लदे ट्रक को खड़ा करके इसका चालक रात में गोदाम से आगे एक ढाबा पर भोजन करने चला गया। इस बीच एक शख्स ट्रक को स्टार्ट कर ले जाने लगा। ढाबा के सामने ट्रक को आते देखकर इसका चालक और सहयोगी ट्रक को रोकवा दिए। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि गैस गोदाम से ट्रक लेकर जाने वाला व्यक्ति अर्ध विक्षिप्त था। वह अपना नाम और पता भी नहीं बता पा रहा था। उससे पूछताछ की गई है।

# प्रेमी के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा, तलाश जारी

- नाबालिग प्रेमिका के तालाब में छलांग लगाने का मामला
- पुलिस ने दर्ज किया पीड़िता के 161 का बयान

जासं, सिंदुरिया: प्रेमी के घर पर रात भर बैठने के बाद रविवार को गांव के ही तालाब में प्रेमिका द्वारा छलांग लगाने के मामले में पुलिस ने सोमवार को प्रेमी सुल्तान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस मामले में प्रेमिका की मां ने तहरीर में किशोरी के अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुट गई है। इधर सोमवार को पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कराकर उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया है।

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी का बगल के गांव निवासी दूसरे समुदाय के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच पिछले दिनों वह गर्भवती हो गई। बताया जा रहा है कि शनिवार को वह आरोपित प्रेमी के घर पहुंच गई और रहने की जिद करने लगी, लेकिन प्रेमी के घर वालों ने उसे घर पर रखने से इनकार कर दिया। जिसके बाद रविवार की दोपहर बाद उसने गांव के ही तालाब में छलांग लगा दिया। जिसके बाद मामला थाने पहुंच गया। पुलिस पीड़िता को थाने उठा लाई।

बाद में उसकी मां ने आरोपित के विरुद्ध उसकी लड़की को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाने के मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

सिंदुरिया थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि पीड़िता की मां के तहरीर पर आरोपित सुल्तान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का बयान दर्ज उसका मेडिकल परीक्षण आदि कराया जा रहा है। विवेचना में अन्य धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया जाएगा।

# थानेदारों को दायित्व के प्रति सजग रहने की नसीहत

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सोमवार को कार्यालय सभागार में अपराध नियंत्रण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने थानेदारों को दायित्व के प्रति सजग रहने की चेतावनी देते हुए रात्रि गश्त तेज करने का निर्देश दिया।

एसपी ने कहा कि मामलों का पदार्फाश करने में तेजी लाएं। थानों पर लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिकायतों के फीडबैक में सुधार होना चाहिए। शिकायतकर्ता को निष्पक्ष जांच के जरिए संतुष्ट करें। 10 वर्षीय अपराधियों के सत्यापन एवं उनके डोजियर तैयार करें। आई रेड ऐप पर सड़क दुर्घटनाओं की फीडिंग करें। लंबित चरित्र सत्यापन में लापरवाही न करें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑपरेशन चीयर्स के जरिए त्वरित कार्रवाई करें। संवाद

## नीदरलैंड के नागरिक को एक साल की सजा

**महराजगंज।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अभियोजन विभाग से समन्वय बनाकर पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। न्यायालय ने नीदरलैंड के नागरिक रियोगबर्ट डेविड को एक साल साधारण कारावास की सजा दी है। 25000 रुपये अर्थ दंड से दंडित भी किया है। अर्थ दंड न देने की दशा में एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। सोनौली थानाध्यक्ष सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि न्यायालय में प्रभावी ढंग से पैरवी के कारण ही अभियुक्त को सजा दिलाने में मदद मिली है। संवाद

# छोटी घटनाओं को लेकर भी सतर्क रहें लोग : जिलाधिकारी

संवाद न्यूज एजेंसी



बैठक को संबोधित करते डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ। संवाद

**महराजगंज।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि जिले में मनाए जाने वाले चेहल्लुम व जन्माष्टमी के पर्व पर छोटी घटनाओं को लेकर भी सतर्क रहा जाए। विभागीय अधिकारी व पुलिसकर्मी त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर लें। इसमें ढिलाई न बरती जाए।

जिलाधिकारी सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में चेहल्लूम व जन्माष्टमी पर्व को लेकर हुए शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि तीज व्रत में महिलाएं व्रत करती हैं, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत राज अधिकारी व शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी सफाई पर विशेष ध्यान दें। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि कुछ घटनाएं समाज व देश को तोड़ने का कार्य करती हैं, उनसे सभी को सतर्क रहना होगा।

त्योहार हमें आपस में जोड़ता है, ऐसे में सभी का धर्म है कि वे एक-दूसरे के साथ सामंजस्य भाव से काम करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी दिनेश मिश्रा, मुकेश सिंह, रमेश कुमार समेत जिले के गणमान्य लोग व थाना के प्रभारी मौजूद रहे।

# छोटी बेटी को छेड़ा, बड़ी से किया दुष्कर्म सदमे में पिता ने कर ली थी आत्महत्या

## डर से सप्ताह भर मौन रही पीड़िता, अब हिम्मत जुटा पहुंची कोतवाली, दी तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** छोटी बहन से छेड़छाड़, खुद के साथ दुष्कर्म और सदमे में पिता के खुदकुशी कर लेने के बाद डर से एक सप्ताह तक चुप्पी साधने के बाद हिम्मत जुटाकर पीड़िता सोमवार को कोतवाली पहुंची। उसने पुलिस को विस्तार से अपने और अपने परिवार के ऊपर हुए जुल्म की कहानी सुनाई और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पीड़िता ने कहा कि उसके आबरू से खेलने वाला व्यक्ति उसका मकान मालिक है। वह दबंग किस्म का है और सत्ता में भी उसकी पकड़ है। उसने मुंह खोलने पर बुरे परिणाम की धमकी दी थी। इसलिए अब तक चुप थी, लेकिन अब जीने की लालसा खत्म हो गई है। बस उसे सजा भुगतते हुए देखना चाहती हूं।

तहरीर में पीड़िता ने बताया है कि उसका परिवार पिछले पांच साल से शहर के एक मुहल्ले में किराए के मकान में रहता है। परिवार में चार बहनें और एक भाई के अलावा पिता थे। उसके पिता 28 अगस्त को इस दुनिया को छोड़ गए। कहने को तो उन्होंने खुदकुशी कर ली। उनकी कार्बाइड खाने से मौत की बात सामने आई थी, लेकिन हकीकत कुछ और है। दरअसल, मकान मालिक ने पहले उसकी छोटी बहन से छेड़छाड़ की और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पिता को इसकी जानकारी हुई तो सदमे में आ गए। उस दबंग से लड़ने की उनमें न तो हिम्मत थी और न ही सामर्थ्य। आखिर में उन्होंने मौत की राह चुन ली। दबंग ने खामोशी तोड़ने पर बुरे परिणाम की धमकी दी थी। ऐसे में उसे समझ नहीं आ रहा था कि भाई-बहनों को खतरे में डालकर मुंह खोलू या नहीं। पिता के जाने के बाद अब जीने की चाह नहीं रही। अब इच्छा है तो बस आरोपी को सजा भोगते हुए देखने की।

### पुलिस बोली-तहरीर स्पष्ट नहीं, दोबारा तहरीर देने पर दर्ज किया जाएगा केस

सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, लेकिन सारी बातें स्पष्ट नहीं होने के कारण फिर से तहरीर लेकर आने के लिए कहा गया है। मंगलवार को पीड़िता फिर तहरीर लेकर आएगी तो केस दर्ज किया जाएगा।

**आहत पिता ने दे दी जान :** पीड़िता का कहना है कि बेटियों का शोषण होने से दुखी पिता दबंग व्यक्ति के खिलाफ कुछ न कर पाने से काफी आहत थे। इसी सदमे में उन्होंने जहर खा लिया और उनकी मौत हो गई। उसने कहा कि दबंग पर हत्या की धारा के तहत केस दर्ज होना चाहिए। यह भी कहा कि आरोपी पुलिस से साठगांठ कर बचने की कोशिश कर रहा है।

**आसपास के लोग भी दबंग की हरकत से हैं नाराज :** मुहल्ले की एक महिला ने कहा कि गरीब की सुनने वाला कोई नहीं है। दबंग व्यक्ति मामले को रफा दफा कराने की कोशिश में लगा है।

बेटियों की गरीबी का फायदा उठाकर उसने उनकी आबरू से खेला है। दबंग को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

**पीड़िता बोली, कराया जाए मेडिकल परीक्षण :** दबंग की गंदी से हरकत की शिकार पीड़िता का कहना है कि वह मेडिकल परीक्षण के लिए तैयार है। जांच में सब कुछ सामने आ जाएगा। पुलिस मेडिकल परीक्षण कराना तो दूर केस लिखने के लिए भी तैयार नहीं है।

### पीड़िता के छोटे भाई ने किया विरोध तो कर दी पिटाई

**पीड़िता** ने तहरीर में यह भी बताया है कि उनके शोषण की जानकारी जब उसके छोटे भाई को हुई तो उसने विरोध किया था। इस पर दबंग ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। इस पर छोटे भाई ने सारी बाते पिता को बता दी। इसके बाद दबंग ने मुंह बंद रखने की धमकी देते हुए कहा कि अगर किसी को बताया तो कहीं का नहीं छोडूंगा।

### लेटलतीफी कोतवाली पुलिस की आदत

दुष्कर्म जैसे गंभीर मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा लेटलतीफी कोई नहीं बात नहीं है। इससे पहले दुष्कर्म के आरोपी सब रजिस्ट्रार के मामले में भी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की थी। मामले की पीड़िता की माने तो पुलिस ने किसी तरह से केस दर्ज किया, लेकिन गिरफ्तारी में रुचि नहीं ली। इस बीच मौके का लाभ उठाकर सब रजिस्ट्रार ने हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे ले लिया।

### छह दिन बाद चार आरोपियों पर दर्ज हुआ था केस

कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में 27 अगस्त को गांव के चौराहे पर कुछ मनबढ़ों ने एक युवती के कपड़े फाड़ कर बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी थी। मामले में पीड़ित युवती ने परिजनों के साथ कोठीभार थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के बजाय मेहरबान बनी रही। छह दिन बाद चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज हुआ।

# दुष्कर्म के आरोपी युवक को भेजा जेल, दे रहा था धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। दो साल पहले किशोरा अवस्था में दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ युवती ने शादी के बाद केस दर्ज कराया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

किशोरी से युवक ने दो साल पहले दुष्कर्म किया था। किशोरी के पिता ने लोकलाज के डर से खामोश रहना मुनासिब समझा। बालिग होने पर उसकी शादी कर दी। शादी के बाद युवक ने उसे धमकी देना शुरू कर दिया।

## युवती पर बना रहा था अनैतिक कार्य का दबाव

पुलिस के अनुसार, दो वर्ष पहले थाना क्षेत्र के एक युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया था। जिसमें पीड़िता की तरफ से उस दौरान आरोपी युवक के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई थी। कुछ दिन बाद पिता ने बेटी की विवाह कर दिया। शादी होने के बाद वह अपने पति के साथ रहने लगी।

एक सितंबर 2023 को आरोपी युवक ने लड़की के पास फोन करके अनैतिक कार्य के लिए दबाव बनाने लगा। धमकी दी कि ऐसा नहीं करने पर शिकायत तुम्हारे पति से कर दूंगा। युवती ने अपने पति को घटना की सारी जानकारी दी। उसने इसकी सूचना अपने ससुर को दी। युवती के पिता ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। इस प्रकरण की सीओ व थानाध्यक्ष ने जांच पड़ताल की।

पनियरा थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# नहर में मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

महराजगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरदेउरा नहर के एक व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर नगर चौकी इंचार्ज प्रवीण सिंह व कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज दुर्गेश सिंह टीम के साथ पहुंचे।

शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने सोशल मीडिया पर व्यक्ति के शव की पहचान के लिए पोस्टर जारी किया गया है। व्यक्ति के गले में एक रुद्राक्ष की माला है। नगर चौकी इंचार्ज प्रवीण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता लग पाएगा। अभी व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। संवाद

# मारपीट की घटना में चार दोषी करार दिए गए हैं

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली प्रथम मारपीट के मामले में अभियुक्त राजेंद्र, परशुराम, काशी व रंगी यादव निवासी हरखपुरा, टोला हरतोड़हिया, थाना घुघली को दोषी करार दिया है। अभियुक्तों को दो साल बाद सद्भाव बनाए रखने का आदेश दिया है। जमीनी रंजिश को लेकर 25 वर्ष पहले मारपीट हुई थी, इसमें उक्त लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। रामराज वर्मा ने थाना घुघली में केस दर्ज कर कराया था।

रिपोर्ट के अनुसार, 27 फरवरी 1997 को राजाराम वर्मा अपनी जमीन में पिता बुद्ध एवं भाई रामानंद के साथ मिलकर दीवार का निर्माण कर रहे थे। शाम करीब 05.00 बजे

## 25 साल पुराना है मामला, दो साल तक सद्भाव बनाकर रहने का आदेश

उनके गांव के ही राजेंद्र, परशुराम, काशी व रंगी यादव लाठी-डंडों से लैस होकर दीवार तोड़कर मारपीट की। सहायक अभियोजन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अभियुक्तों को दोषी पाया। इस मामले में अभियुक्त वर्तमान में वृद्ध एवं बीमार होने, उनके छोटे-छोटे बच्चे होने एवं घर पर देखभाल करने वाला कोई नहीं होने, यह प्रथम अपराध होने के आधार पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सुधरने के लिए अवसर प्रदान करते हुए दो वर्ष के सदाचरण की परिवीक्षा का आदेश दिया गया।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-09-2023

# दलित उत्पीडन में पांच नामजद

**बभनान(एसएनबी)**। पैकोलिया थाना क्षेत्र के आमभारी गांव में एक दलित को गाली-गुप्ता देने व मारने-पीटने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरूद्ध दलित उत्पीडन का मुकदमा दर्ज किया है। घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया जबकि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

आमभारी निवासी रामचरित्र पुत्र शोभनाथ ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के कृष्ण प्रसाद व तेज प्रताप पुत्रगण पंडोही शोभा देवी पत्नी कृष्णा प्रसाद, कृष्णावती पत्नी तेजप्रताप तथा दीपक पुत्र कृष्ण प्रसाद सोमवार की प्रातः लाठी-डंडा लेकर उन्हें मारने-पीटने लगे। उक्त लोगों ने गाली-गुप्ता देते हुए जाति सूचक शब्दो का भी प्रयोग किया। आरोप है कि उनकी पत्नी शारदा तथा पुत्री अर्चना व अंतिमा को मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद मुकदमा पंजीकृत करते हुए घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर भेज दिया। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# प्रेमी-प्रेमिका को कटरिया चांदपुर तटबंध से पकड़ा

**दुबौलिया(एसएनबी)।** जिले का अति संवेदनशील कटरिया-चांदपुर तटबंध इन दिनों प्रेमी-प्रेमिकाओं के लिए मुफीद स्थान शाबित हो रहा है। शाम होते ही बाइक व चार पहिया वाहनों की धमाचौकडी शुरू हो जाती है। पुलिस ने पूर्व में 6 लोगों को पकड कर हिदायत देते हुए छोडा भी था। रविवार को पुनः पुलिस ने दो जोडे को पकडा था जिन्हे परिजनों के सुपुर्द कर दिया था।

रविवार की देर शाम एक स्वीफ्ट डिजायर कार पर दो प्रेमी जोडे तटबंध पर पहुंचे। ग्रामीण काफी दिनों से उनपर नजर जमाए थे। उनके पहुंचते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दिया। पुलिस ने रामजानकी मार्ग एडी एकेडमी स्कूल के पास से चारों को पकड कर थाने ले गई। हालांकि बाद में मामला रफा-दफा कर दिया गया। सूत्रों की माने तो एक पखवारा पूर्व ठोकर नंबर एक के पास से पुलिस ने रात में बोलेरो सवार प्रेमी जोडे को पकडा था। बालिका को पुलिस ने परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया जबकि प्रेमी और वाहन सहित थाने पर ले गई थी। बाद में उसे भी निपटा दिया गया। एक तरफ जहां तटबंध प्रेमी जोडो के लिए मुफीद अड्डा है वहीं पियक्कडों के लिए भी सुरक्षित स्थान बन गया है। थानाध्यक्ष इन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि चार लोगों को पकडा गया था। पूछताछ के बाद उन्हे परिजनों के सुपुर्द कर दिया था।

# ट्रैफिक पोल से होगी अवैध वाहनों व नो एण्ट्री की निगरानी

**बड़ेवन चौराहा पर 24 घण्टे तैनात रहेगी ट्रैफिक पुलिस**

**बस्ती (एसएनबी)।** लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन स्थित बस्ती के बड़ेवन चौराहे को अब और बेहतर तरीके से सजाया गया है। दूसरी तरफ सड़क सुरक्षा व सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर भी अन्य संसाधन स्थापित किए जाएंगे। यहां ट्रैफिक पोल स्थापित कर 24 घंटे सिपाही तैनात किए जा रहे हैं और शहर से होकर या फिर शहर के अंदर आने वाले वाहनों की नियमित निगरानी हो सकेगी।

बड़ेवन चौराहा मंडल मुख्यालय पर पहुंचने का प्रमुख प्रवेश द्वार कहा जाता है। कारण यह है कि फोरलेन के फ्लाईओवर के नीचे से होकर जहां सिद्धार्थनगर, नेपाल, पीलीभीत, बहराइच व गोंडा से आने वाले वाहनों का आवागमन होता है, वहीं फ्लाईओवर के सर्विस रोड से लखनऊ व गोरखपुर से वाहनों की आवाजाही होती रहती है। शहर के अन्दर की यातायात व्यवस्था जब कभी लड़खड़ा जाती है तो इसी चौराहे पर स्थापित पुलिस व यातायात पुलिस चौकी के जवान मुस्तैद हो जाते हैं और आवागमन बहाल करते हैं। यहां यातायात पुलिस चौकी ने जहां राहगीरों व फरियादियों के लिए वाटर कूलर, यातायात पार्क व कुर्सियों का इंतजाम कर रखा है। वहीं अन्य संसाधन भी जुटाने शुरू कर दिए हैं। यहां बीच चौराहे पर ट्रैफिक पोल न होने से पुलिस के जवान असुरक्षित हो कर वाहनों का आवागमन सुचारु करते थे। इस समस्या को देखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक पोल स्थापित करवा दिया है। जहां शिफ्टवार सिपाही की तैनाती कर 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ने बताया कि बहुत जल्द ही जिला अस्पताल व रोडवेज चौराहा पर ट्रैफिक पोल स्थापित कर दिया जाएगा और अन्य संसाधनों से लैस कर दिया जाएगा। बताया कि इन चौराहों पर ट्रैफिक लोड अधिक होने के कारण जाम की स्थिति हो जाती है।




बस्तीः बड़ेवन स्थित ट्रैफिक पोस्ट। फोटो : एसएनबी



महामहिम को गार्डआफ आनर देते पुलिस के जवान। फोटो : एसएनबी

# गांव की परियोजनाओं में शत प्रतिशत व्यय हो : राज्यपाल

**बस्ती (एसएनबी)।** प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे गांव का औचक निरीक्षण करें। वहां संचालित हो रही सभी योजनाओं का सत्यापन करें। ग्रामीणों से बात करके उनकी समस्याओं का निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रायः अधिकारी गांव में जाकर अपनी विभागीय योजनाओं का सत्यापन करके चले आते हैं, जो की उचित नहीं है। सभी योजनाओं का सत्यापन करके एवं

## राज्यपाल ने की कानून व्यवस्था व विकास की समीक्षा

ग्रामीणों की समस्याओं का विवरण तैयार कर जिलाधिकारी एवं सीडीओ को प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन एवं ग्राम स्तरीय कर्मचारी की उपस्थिति एवं क्रियाकलापों के बारे में ग्रामीण सही-सही जानकारी देते हैं जो हमारे लिए उपयोगी होता है। राज्यपाल जिले के विकास व कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रही थी।

उन्होंने निर्देश दिया कि केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग में कुल 100 करोड़ से अधिक की धनराशि उपलब्ध है। इसको प्राथमिकता पर गांव की परियोजनाओं के लिए शत प्रतिशत व्यय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार गांव के विकास के लिए धनराशि भेजती है। जिसका सदुपयोग गांव के विकास के लिए किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा महामहिम को एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत निर्मित लकड़ी का बक्स एवं ट्रे भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि लेदवा ग्राम पंचायत में अच्छा अमृतसरोवर बनाया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी गांव में एक अमृत सरोवर अवश्य बनाया जाए तथा इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल योजना में सभी घरों में मार्च 2024 तक पेयजल पहुंचाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि एप बनाकर निर्माण परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए ताकि समय पर कार्य पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है इसलिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में इन समूह को अधिकाअधिक लोन दिलाया जाए। महामहिम ने निर्देश दिया कि गोल्डन कार्ड से वंचित प्रत्येक परिवार को एक गोल्डन कार्ड अवश्य उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जननी सुरक्षा योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में दी जा रही 14 सौ रुपए की धनराशि पौष्टिक आहार हेतु पासबुक से निकल गई। धनराशि का




बस्ती : समीक्षा बैठक करती राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल। फोटो : एसएनबी

आशा के माध्यम से सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना में स्थानीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के माध्यम से योजना का क्रियान्वयन कराया जाए। उन्होंने क्षय रोग से मुक्त कराए गए रोगियों के बारे में जानकारी लिया। बेसिक शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि आउट आफ स्कूल बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की जाए और उन्हें स्कूल में दाखिल कराया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, प्रधानमंत्री स्वनिधि, एमएसएमई, बाल पुष्टाहार, कृषि विज्ञान केंद्र के संबंध में समीक्षा किया। निवर्तमान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने जिले में कराए गए नवाचार 518 स्कूलों की बाउंड्री, मनोरमा नदी का जीर्णोद्धार, कनेथू बुजुर्ग एवं पंचवस झील का पुनरुद्धार आदि की जानकारी दिया। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महामहिम को विश्वास दिलाया कि उनके निर्देशानुसार अधिकारी गण जिले में विकास कार्यो का संचालन करेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह, कप्तानगंज के अतुल चौधरी, महादेवा के दूधराम तथा रुधौली के राजेंद्र प्रसाद चौधरी, जिलाध्यक्ष महेश शुक्ला, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आइजी आरके भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, डीएफओ नवीन कुमार शाक्य, सीएमओ डा. आरपी मिश्रा, एडीएम कमलेश चंद, सीआरओ ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी तथा विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक के पश्चात महामहिम ने कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न, रेशम, एक जनपद एक उत्पाद, ग्राम उद्योग, उद्यान, पराग दुग्ध डेयरी, तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया। केंद्रीय योजना इस्माइल के प्रेरणा से ट्रांसजेंडर समुदाय के कौशल विकास और आजीविका के लिए चलाए जा रहे हुनरमंद किन्नर कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रशिक्षु काजल किन्नर को सिलाई मशीन और प्रशिक्षु रेखा किन्नर को ब्यूटी किट स्टाल निरीक्षण में दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में ट्रांसजेंडरों पर संस्था द्वारा एक लघु फिल्म का प्रसारण किया गया और सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा ट्रांसजेंडर काजल किन्नर को प्रतीकात्मक ट्रांसजेंडर पंजीकरण कार्ड दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में संस्था के सीईओ अजय कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

# 2025 तक टीबी से मुक्त हो भारत

**बस्ती (एसएनबी)।** ओपेक चिकित्सालय कैली मेंटीबी मरीजोंमें पोषण पोटली का वितरण करने के दौरान राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया है कि वर्ष 2025 तक भारत कोपू री तरह से टीबी रोग से मुक्त करनेका लक्ष्य निर्धारित करें। इसकेलिए तमाम लोगों कोआगे आना होगा औरसमाज के साथ-साथ स्वयं से भी संगठन तथा निजी चिकित्सालय भी इस अभियान के भागीदार बनें। मरीजों को पोषण आहार पोटली देना सबकी जिम्मेदारी है। इसका निर्वहन सशक्त राष्ट्र के लिए सभी को करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण आहार पोटली देने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि हमें जरूरतमंदो की मदद करनी चाहिये। उन्होंने एक उदाहरण देते हुये कहा कि राजभवन में हम सब्जी उगाते हैं व सोमवार को उसकी पोटली बनाकर आने वाले जरूरतमंद को देते हैं। होम्योपैथिक के साथ आयुष विभाग का होना जरूरी है। छोटे बच्चों के जब दांत आते हैं तो होम्योपैथिक की दवा दी जाती है, जो बहुत कारगर है। उन्होंने कहा कि हमारे पास जब कोई मरीज आये तो उसकी अंगुली पकड़कर उसको जहां जाना है, वहां पहुंचाया जाये यह हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर महामहिम द्वारा 20 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित किया गया। गोद लेने वाली 13 संस्थाओं/व्यक्तियों को सम्मानित किया।

इसी क्रम में आयुष्मान लाभार्थियों को हेल्थ कार्ड वितरित किया गया। जनपद में आयुष्मान कार्ड धारकों को स्वास्थ्य सेवा देने वाले सर्वोत्तम 10 निजी चिकित्सालयों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महामहिम द्वारा रेडक्रास सोसायटी के प्रतिनिधियों से संवाद किया गया। इस अवसर पर सांसद हरीश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक हरैंया अजय सिंह, मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, आईजी आरके भारद्वाज, निवर्तमान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, सीएमओ आरपी मिश्रा, सीएमएस एएन प्रसाद सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




बस्ती : पोषण पोटली वितरण समारोह को संबोधित करती राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल। फोटो : एसएनबी



कार्यक्रम के दौरान आईजी का स्वागत करते मेडिकल डायरेक्टर डा. आशुतोष पांडेय।

# दो किशोरियां व एक किशोर लापता

बस्ती। रहस्यमय ढंग से दो किशोरियां व एक किशोर के लापता होने के मामले में गौर व सोनहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाने के एक गांव की महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि शनिवार रात करीब 12 बजे उनकी लड़की जरूरी काम बताकर बिस्तर से उठकर गई। काफी समय बीतने के वापस नहीं लौटी। खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा।

गौर थानाक्षेत्र के एक गांव के 15 वर्षीय किशोरी के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कस्बे के एक विद्यालय में पढ़ने वाली उनकी भतीजी शुक्रवार को स्कूल गई थी। दोपहर ढाई बजे छुट्टी होने के बाद वह घर नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चला। इसके बाद थाने पर तहरीर दी। वहीं सोनहा थानाक्षेत्र के बड़ोखर से 13 वर्षीय किशोर शनिवार से लापता है।

### विकास खंड सल्टौआ के प्राथमिक विद्यालय लेदवा का किया निरीक्षण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन व श्रीअन्न किट बांटा

# छात्रों के बीच पहुंच शिक्षक बन गईं आनंदीबेन

**राज्यपाल का दौरा**

सल्टौआ/बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल विकास खंड सल्टौआ के प्राथमिक विद्यालय लेदवा पहुंचकर बच्चों से सीधा संवाद किया। शिक्षक बन उन्हें जानकारी दी तो सवाल पूछकर उनकी मेधा को पहचानने का काम किया। बच्चे बेझिझक राज्यपाल के सवालों का जवाब दिए तो उन्हें शाबासी मिली। प्रशासनिक अमले के साथ लेदवा गांव पहुंची राज्यपाल ने स्कूल, आंगनबाड़ी, अमृत सरोवर, अमृत उद्यान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल प्राथमिक विद्यालय की कक्षा में निवर्तमान डीएम प्रियंका निरंजन, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति के साथ पहुंची। दीवारों पर मात्रा, अक्षर आदि की चित्रकारी देखी तो प्रधानाध्यापक से गिनती और पहाड़ा भी दीवार पर लिखवाने का निर्देश दिया। रसोईघर में जाकर आलू, टमाटर और सोयाबीन की सब्जी एवं दोपहर के भोजन का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने लेदवा का आंगनबाड़ी केंद्र देखा। वहां पर बच्चों को खिलौने और मिठाई दिया। इसके पूर्व राज्यपाल ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रगान, स्वागत गान के साथ छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांसद हरीश द्विवेदी ने मुख्य अतिथि राज्यपाल व अन्य अतिथियों के प्रति आभार जताया। इसके बाद उन्होंने लेदवां पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उसके बाद अमृत उद्यान पहुंच कर रूद्राक्ष का पौधा लगाया। अमृत सरोवर में मछलियों का बीज डाला।

**प्रदर्शनी की किया निरीक्षण :** राज्यपाल ने स्वास्थ्य, एनआरएलएम, कौशल विकास, बेसिक शिक्षा, बाल विकास, कृषि, आयुष विभागों की प्रदर्शनी के स्टाल पर पहुंची और एक-एक सामानों व योजनाओं की जानकारी ली। इसके बाद कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्ड और किट बांटा। वीरमाता एवं प्रभावती को आयुष्मान कार्ड, गुड़िया एवं शांति को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, मीरा पांडेय एवं रामउग्रह पांडेय को तिलहन किट, राजमती को सोलर पैनल, अनिल कुमार को कृषि यंत्र, दुर्गावती एवं मीणा को लखपति महिला, चांदनी एवं नेहा को बीसी सखी, वीर पांडेय एवं हर्षित को सुपोषण किट, गायत्री एवं अनिता को विद्युत सखी प्रमाण-पत्र, बबीता एवं प्रमिला को सीसीएल का चेक प्रदान किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री उमा त्रिपाठी एवं रानी सिंह सहित 75 केन्द्रों के लिए खेल सामग्री दी। कौशल विकास से प्रशिक्षित आंचल एवं नसरीन को ब्यूटी किट बांटा। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह, मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आईजी आरके भारद्वाज, निवर्तमान डीएम श्रीमती प्रियंका निरंजन, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल, एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी, डीएफओ नवीन शाक्य, एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीएमओ आरपी मिश्र, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, डीआईओएस जगदीश शुक्ल, बीएसए अनूप, एसडीएम आशुतोष तिवारी, गिरीश झा, सीओ प्रीती खरखार आदि उपस्थित रहीं।



विकास खंड सल्टौआ के लेदवा में राज्यपाल ने ग्रामीणों को किया संबोधित।

## बेटा-बेटी में भेदभाव न करें : राज्यपाल

बस्ती। ग्राम पंचायत चौकवा के राजस्व गांव लेदवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कि कि लेदवा गांव में एक स्थान पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन एक साथ देखने को मिल रहा है। यह मेरे लिए खुशी का विषय है। राज्यपाल ने महिलाओं का आह्वान किया कि वे संतान को संस्कारित बनाएं, बेटा-बेटी में कोई भेदभाव न करें। सभी को पढ़ने का समान अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लड़कियां पढ़-लिखकर काबिल बनें। दहेजलोभी लड़कों और परिवार को रिजेक्ट करें।


लेदवा में राज्यपाल के कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां। • हिन्दुस्तान

## ... तब जाकर महिला प्रधान को मंच पर मिली जगह

ग्राम पंचायत चौकवा में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुदामा देवी लाभार्थियों की दीर्घा में बैठी थी। इसी दौरान किसी ने उनकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कमेंट किया कि महिलाओं के 80 प्रतिशत भागीदारी की बात होने के बाद भी गांव में अपने हस्ताक्षर से विकास कार्य को कराने वाली ग्राम प्रधान को मंच पर जगह नहीं मिली। फोटो वायरल होते ही निवर्तमान डीएम प्रियंका निरंजन ने ग्राम प्रधान सुदामा देवी को मंच पर बुलाकर बैठाया और वह खुद पीछे बैठ गईं।

# कार सवारों को पुलिस ने हिरासत में लिया

दुबौलिया। अतिसंवेदनशील तटबंध कटरिया चांदपुर तटबंध पर कुछ संदिग्ध लोगों के कार से पहुंचने की सूचना पर दुबौलिया पुलिस सक्रिय हो गई। रामजानकी मार्ग पर एक स्कूल के पास से कार सवार चार लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पूछताछ के बाद सभी को जाने दिया गया। थानाध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह ने बताया कि तटबंध पर आवाजाही बनी रहती है। रविवार को सूचना के आधार पर एक सवार दो लड़के व दो लड़कियों को पकड़ा गया था। पूछताछ के बाद उनके परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया।

# सेक्टर संयोजक सहित तीन को थाने पर बैठाया

बस्ती। राज्यपाल के लेदवा आगमन से चार घंटे पहले सोमवार सुबह करीब सात सोनहा पुलिस ने लेदवा निवासी भाजपा के सेक्टर संयोजक बृजेश पांडेय व उनके भाई योगेश सहित एक अन्य को उठाकर थाने लाई। इन तीनों लोगों को राज्यपाल के जाने के बाद घर जाने दिया गया। बताया जा रहा है कि भाजपा कार्यकर्ता कई बार ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों के अनियमितता की शिकायत किए थे। आशंका थी कि वह कार्यक्रम के दौरान गांव में हुए विकास कार्यों की शिकायत राज्यपाल से कर सकते हैं। इस आशंका के चलते पुलिस ने उन्हें थाने पर बैठा लिया।

# संतकबीरनगर की युवती का बस्ती जिले में मिला शव

सोनूपार (बस्ती)। शहर कोतवाली क्षेत्र के सोनूपार चौकी के भदेश्वरनाथ रोड पर काशीराम आवास के आगे चांदमारी बाग में बने पुल के नीचे एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी। प्रधान भैसहिया विक्की उपाध्याय ने फोन कर कोतवाली में जानकारी दी। थोड़ी देर में मौके पर कोतवाल विनय कुमार पाठक मौके पर पहुंच गए। पुल के नीचे जमा पानी में उतराती मिली मिले शव को पुलिस ने बाहर निकलवा कर कब्जे में ले लिया।

सूचना पाकर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई और साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र करीब 25 साल आंकी जा रही है। दाहिने हाथ में फूल कुमारी का गोदना है और बाएं हाथ में बिच्छू बना हुआ है। शव की शिनाख्त संतकबीरनगर जिले के महुली थाने के बंधूपुर निवासी फूलकुमारी के रूप में हुई। उसकी शादी सीतापुर में हुई थी। लेकिन पिछले छह महीने से वह मायके में रह रही थी। एक सितंबर को घर से निकली थी। परिवार के लोगों ने महुली थाने में गुमशुदगी की तहरीर दे रखा है। पुलिस के मुताबिक शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम बाद स्थिति साफ होगी।

# पिटाई से विवाहिता की मौत पति पर हत्या का केस

- हरैंया के त्रिगनौता की घटना, संदिग्ध हाल में मिला खुशबू का शव
- दहेज में बाइक की डिमांड को लेकर उत्पीड़न कर हत्या का आरोप

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के हरैंया थानांतर्गत त्रिगनौता (मुर्दहवा घाट) गांव में विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का केस उसके पति के खिलाफ दर्ज किया है। आरोप है कि दहेज में बाइक की डिमांड को लेकर 15 वर्ष से मृतका खुशबू को प्रताड़ित किया गया। एक सितंबर को पति की पिटाई से उसकी मौत हो गई। एसएचओ राणा देवेन्द्र प्रताप ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में पिटाई से मौत की पुष्टि हुई है। मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी धनई निषाद के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

हरैंया थानाक्षेत्र के त्रिगुनौता निवासी धनई निषाद ने मुर्दहवा चौराहे पर मकान बना रखा है, जहां वह परिवार संग रहता है। शुक्रवार की दोपहर उसकी पत्नी खुशबू का शव घर में संदिग्ध हालत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मायके वालों को सूचना दी। खुशबू के पिता लहुरी निषाद निवासी उभाई थाना दुबौलिया ने तहरीर देकर बताया है कि बेटी खुशबू की शादी 15 वर्ष पहले त्रिगनौता निवासी धनई निषाद से किया था। शादी के बाद से ही धनई बाइक नहीं देने की बात को लेकर खुशबू को प्रताड़ित करता था। अक्सर इसी बात को लेकर वह मारता-पीटता था। आरोप है कि एक सितंबर को भी दोपहर करीब तीन बजे उसे मारापीटा, जिससे उसकी घर में ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट में पिटाई से मौत की पुष्टि हो गई। इसके बाद पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर धनई के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी धनई की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है।



सोमवार को सोनूपार तिराहे पर जाम के कारण परेशान रहे राहगीर। • हिन्दुस्तान

# जाम से जूझता रहा शहर स्कूली बच्चे हुए हलकान

**परेशानी**

**बस्ती, निज संवाददाता।** राज्यपाल के आगमन और सड़क निर्माण के चलते शहर में कई हिस्सों में जाम लग गया। जाम के कारण दो-तीन घंटे तक राहगीर फंसे रहे। राज्यपाल के आगमन को लेकर सोनूपार में वाहन रोके गए, इस वजह से जाम लग गया। वहीं, अस्पताल से कांटे रोड पर टीबी अस्पताल के पास सुबह से दोपहर बाद पांच बजे तक जाम की स्थिति बनी रही।

राज्यपाल के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन ने डायवर्जन लागू किया था। राज्यपाल सोनूपार स्थित कैंसर अस्पताल पहुंची। उसके बाद ओपेक चिकित्सालय कैली पहुंची। सोनूपार में वाहनों की आवाजाही रोक दिया गया था। सोनूपार चौराहे पर महादेवा की तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। राज्यपाल के जाने के बाद रास्ता खोला गया। इसके चलते रोड पर वाहनों का काफी देर तक जाम लगा रहा। जिला अस्पताल से टीबी अस्पताल की तरफ जाने वाला रास्ता वनवे है। यहां पर सड़क की दूसरी लेन सीसी बन रही है। केवल एक लेन से वाहनों की आवाजाही थी। कोई भी चार पहिया वाहन आने पर दूसरी तरफ की आवाजाही बंद हो रही थी। इस कारण यहां पर वाहनों की बड़ी लंबी कतार लग गई। सुबह के समय स्कूल जाने वाले वाहनों के चलते काफी देर तक लोगों को जाम में फंसे रहना पड़ा। कई स्कूलों की बसें निर्धारित समय से देर से पहुंची। यहां पर लगा जाम दो से तीन घंटे तक की देरी में बदल गया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बना कार्यक्रम

बस्ती। पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की माग को लेकर जागरूकता अभियान का सिलसिला जारी है। सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र में पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय संयुक्त मंच के आवाहन पर बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारी न जागे तो पुरानी पेंशन लागू नहीं हो पाएगी। उन्होंने बताया कि जागरूकता के लिए विकास क्षेत्रवार तिथि घोषित कर दी गई है। इसके तहत 8 सितम्बर को कुदरहा, 9 को दुबौलिया, 11 को सल्टौआ, 12 बस्ती सदर, 14 विक्रमजोत, 15 रुधौली, 16 कप्तानगंज, 18 बनकटी, 19 सितम्बर को बहादुरपुर के बीआरसी केन्द्रों पर शिक्षकों की बैठक आयोजित किया गया है।

# ऑटो चालक की मौत मामले में केस

टिनिच। गौर थानाक्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के पास दो सितंबर को ट्रक की ठोकर से ऑटो चालक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मृतक सोनू के चाचा रंगीलाल निवासी ऊंचवा मोहल्ला थाना पुरानी बस्ती ने तहरीर देकर बताया है कि सोनू बस्ती मंडी से सब्जी लाद कर बभनान जा रहा था। तभी दूसरी तरफ से सीमेंट लोड कर आ रहे ट्रक ने सुल्तानपुर गांव के पास टेंपो को ठोकर मार दी थी। पुलिस ने ट्रक चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

# रंगरेलियां मनाते प्रेमी जोड़े को दुबौलिया पुलिस ने पकड़ा

- बाद में परिवारीजनों को बुलाकर किया गया सिपुर्द
- नदी किनारे तटबंध पर आनंद लेने के लिए आते हैं प्रेमी-प्रेमिका

**जागरण संवाददाता, दुबौलिया, बस्ती:** कटरिया चांदपुर तटबंध के चांदपुर और खलवा गांव के बीच बने ठोकर के निकट रविवार की देर शाम एक कार से दो युवती एवं दो युवक घूमते नजर आए। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी।

मौके पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो वह गाड़ी लेकर भागने लगे। राम जानकी मार्ग पर पहुंचते चालक गाड़ी खड़ी कर भाग गया। पुलिस ने कार से एक युवक और दो युवतियों को पकड़ लिया और पूछताछ के लिए थाने ले आई और उनके परिवारीजनों को बुलाकर उन्हें सिपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष इंद्र भूषण सिंह ने बताया पूछताछ के बाद दोनों के परिवारीजनों को बुलाकर चेतावनी देते हुए उन्हें सिपुर्द कर दिया गया।

**रंगरेलियां मनाने का अड्डा बनता जा रहा है तटबंध:** जिले के सबसे अतिसंवेदनशील तटबंध में से एक कटरिया चांदपुर अक्सर प्रेमी प्रेमिकाओं के लिए रंगरेलियां मनाने का अड्डा बनता जा रहा है। नदी किनारे तटबंध पर ठोकरों पर जुहू चौपाटी जैसा आनंद लेने के लिए अक्सर प्रेमी प्रेमिका रंगरेलिया मनाते नजर आते हैं। कभी कभार तटबंध पर गस्त करती पुलिस इन्हें पकड़ कर थाने ले लाती है, लेकिन पूछताछ के बाद छोड़ दिया जाता है।

रविवार की शाम को एक कार से चार लोग तटबंध पर पहुंचे। स्थानीय लोग इन लोगों पर नजर रखे हुए थे। पुलिस भी इन को पकड़ने का प्रयास पहले कर चुकी थी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

रविवार को जैसे ही तटबंध पर वे कार से पहुंचे, लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने कार सवारों में से एक युवक व दो युवतियों को रामजानकी मार्ग पर एडी एकेडमी स्कूल के पास पकड़ लिया। पिछले दिनों कटरिया गांव के निकट ठोकर नंबर एक के पास से पुलिस ने बोलेरो में एक प्रेमी युगल को आधी रात पकड़ा था। लेकिन बाद में पूछताछ कर छोड़ दिया था।

## किशोरियों को वहला फुसलाकर भगाने के मामले में मुकदमा

बस्ती : जिले के दो थानो की पुलिस ने किशोरियों को बहला फुसलकार भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पहली सितंबर को उनकी 14 वर्षीय पुत्री को सूरज निवासी अज्ञात, बहला फुसला कर शादी करने की नीयत से अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोनो की तलाश शुरू कर दी है। इसी प्रकार दुबौलिया थाने के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पहली सितंबर को उनकी 16 वर्षीय बेटी को किसी ने बहला फुसला कर व शादी करने का झांसा देकर भगा लिया। पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# बैठक में पुरानी पेंशन बहाली के लिए बनाई संघर्ष की रणनीति

**जासं, बस्ती:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सोमवार को कटेश्वर पार्क के पास बैठक हुई। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्ष की रणनीति तय की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक व कर्मचारी न जागे तो पुरानी पेंशन लागू नहीं हो पायेगी। इसके लिये एकजुट होकर संघर्ष की धार को बनाये रखना होगा।

विकास क्षेत्र वार तिथि घोषित करते हुये बताया कि 8 सितंबर को कुदरहा, 9 को दुबौलिया, 11 को सल्टौआ, 12 बस्ती सदर, 14 विक्रमजोत, 15 रुधौली, 16 कप्तानगंज, 18 बनकटी, 19 सितंबर को बहादुरपुर के बीआरसी केंद्रों पर शिक्षकों की बैठक होगी। जिला मंत्री राघवेंद्र प्रताप ने कहा कि 21 सितंबर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि उनके नगर क्षेत्र के समस्त शिक्षक अपना विद्यालय बंद कर 21 सितंबर के आंदोलन में हिस्सा लेंगे। जिला प्रवक्ता सूर्यप्रकाश शुक्ल, महमूद आलम, सरिता त्रिपाठी, किरण सिंह, जावेद मुस्तफा, अशरफ अंसारी , अहसानुर रहमान, शालिनी, रानी, कल्पना सिंह, माधवी शुक्ला, नाहिद अख्तर, संतोष श्रीवास्तव, किरण ओझा, चिंतामणि, गरिमा त्रिपाठी, संध्या वर्मा मंजुला श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में मौत मामले में कार चालक पर मुकदमा

**जासं, गोटवा, बस्ती**: नगर थानाक्षेत्र के बसहवा गांव के पास सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले मे पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली बस्ती के जामडीह निवासी राम प्रकाश ने नगर थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनका भांजा दिनेश कुमार निवासी कुसमौर थाना नगर,उनके पुत्र जितेन्द्र कुमार को बाइक के पीछे बैठाकर रिश्तेदारी में महुलानी जा रहा था। अभी दोनो हाईवे पर नगर थाना क्षेत्र के बसहवा ओवरब्रिज के पास पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी। दुर्घटना में बाइक चला रहा दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि पीछे बैठे उनके पुत्र जितेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# लापता युवती का डारीडीहा भद्रेश्वरनाथ के पास मिला शव

**बस्ती।** कोतवाली थाना क्षेत्र के डारीडीहा भदेश्वरनाथ रोड पर चांदमारी बाग में बने पुल के नीचे युवती का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। जिसकी शिनाख्त संतकबीरनगर जिले के महुली थाने के बंधूपुर निवासी फूलकुमारी के रूप में हुई। उसकी शादी सीतापुर में हुई थी लेकिन पिछले छह महीने से वह मायके में रह रही थी। एक सितंबर को घर से निकली थी। परिवार के लोगों ने महुली थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी है।

कोतवाल विनय कुमार पाठक ने बताया कि शव पुल के नीचे भरे पानी में उतराया मिला। उसके कपड़े दुरुस्त हैं और शरीर पर किसी चोट के निशान नहीं हैं। चेहरे पर खरोंच के निशान हैं लेकिन शव दो दिन पुराना लग रहा है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। संवाद

# अलग-अलग क्षेत्र से दो किशोरियां लापता

**बस्ती।** अलग-अलग थानाक्षेत्र की दो किशोरियां लापता हो गईं। इनमें एक स्कूल से गायब हुई जबकि दूसरी घर से जरूरी काम से बाहर जाने के बहाने गायब हो गई। पुलिस दोनों मामलों में केस दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

गौर थानाक्षेत्र के एक गांव के 15 वर्षीय किशोरी के चाचा ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें बताया कि कस्बे के एक विद्यालय में पढ़ने वाली उनकी भतीजी शुक्रवार को स्कूल गई थी। दोपहर ढाई बजे छुट्टी होने के बाद वह घर नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चला।

उधर, सोनहा थाने के एक गांव की महिला ने थाने में तहरीर दी कि शनिवार रात करीब 12 बजे उसकी लड़की जरूरी काम बताकर गई। काफी समय बीतने के बावजूद वापस नहीं लौटी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। तब पुलिस केस दर्ज कर खोजबीन में जुटी है। संवाद

# भाजपा सेक्टर संयोजक सहित तीन को उठाया

**सल्टौआ।** राज्यपाल आंनदी बेन पटेल के लेदवा आगमन के चार घंटे पहले सुबह करीब सात बजे सोनहा पुलिस ने लेदवा गांव के भाजपा सेक्टर संयोजक बृजेश पांडेय व उनके भाई योगेश सहित एक अन्य को उठाकर थाने ले आई। राज्यपाल के जाने के पश्चात एक को छोड़ दिया गया। मगर देर शाम तक भाजपा कार्यकर्ता व उनके भाई को बैठाए रखा गया। बताया जा रहा है कि भाजपा कार्यकर्ता कई बार ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों की अनियमितता की शिकायत की थी। इसकी शिकायत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से करने वाले थे। प्रशासन को जानकारी मिलते ही पुलिस ने पकड़ लिया। संवाद

# ऑटो चालक की मौत मामले में केस दर्ज

**बस्ती।** गौर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के पास दो सितंबर को ट्रक की ठोकर से ऑटो चालक की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। मृतक सोनू के चाचा रंगीलाल निवासी ऊंचवा मुहल्ला थाना पुरानी बस्ती ने तहरीर देकर बताया है कि सोनू बस्ती मंडी से सब्जी लोड कर बभनान जा रहा था। तभी दूसरी तरफ से सीमेंट लोड कर आ रहे ट्रक ने सुल्तानपुर गांव के पास टेंपो को ठोकर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल सोनू की जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने ट्रक चालक पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# 13 वर्षीय किशोर तीन दिनों से लापता

**बस्ती।** सोनहा थानाक्षेत्र के बड़ोखर से 13 वर्षीय किशोर शनिवार से गायब हो गया है। इसी थानाक्षेत्र के बेलवना उर्फ करमहिया निवासी साहबुद्दीन ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि बड़ोखर स्थित दुकान से दो सितंबर को सुबह आठ बजे उनका लड़का इरफान घर जाने के लिए निकला था। तभी से उसका पता नहीं है। काफी खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। एसएचओ शैलेश सिंह के अनुसार केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। संवाद

# सोशल मीडिया के सहारे युवती के शव की हो रही शिनाख्त

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। दुबौलिया थाने के गोकुलपुर के पास सरयू नहर में बोरे में मिले युवती के शव की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने अब इसकी पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है।

पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक और ट्विटर के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। साथ ही आसपास के गोंडा, अयोध्या, आंबेडकरनगर जिलों की पुलिस से संपर्क किया है। वहां किसी युवती की गुमशुदगी के बारे में भी जानकारी ली जा रही है।

दुबौलिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव के निकट रविवार सुबह सरयू नहर की पुलिया के नीचे झाड़ में फंसे बोरे में युवती का शव मिला था। ऐसा लगता है कि उसके साथ

## रविवार को दुबौलिया के गोकुलपुर गांव के पास सरयू नहर में मिला था शव

दरिंदगी की गई है। थाने से करीब छह सौ मीटर दूर से मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरी को खोलवाकर देखा तो हाथ पैर कपड़े की पतली पट्टी से बंधा युवती का शव मिला। युवती की उम्र लगभग 24-25 वर्ष है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल चौधरी ने भी दोपहर में मौके पर पहुंच कर पुलिस से जानकारी ली। युवती के शरीर पर लाल रंग की समीज व सफेद रंग की लैगी पहनी हुई थी। दुबौलिया पुलिस ने काफी प्रयास की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस भी 72 घंटे बीतने का इंतजार कर रही है। ताकि स्पष्ट हो सके कि युवती के साथ किस तरह की दरिंदगी की गई है।

# महिलाओं को मारने-पीटने के पांच आरोपियों पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

### पैकोलिया थानाक्षेत्र के आमभारी गांव की घटना

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के आमभारी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर महिलाओं को मारने पीटने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया है।

पैकोलिया थानाक्षेत्र के आमभारी गांव निवासी रामचरित्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कृष्णा प्रसाद यादव उनके भाई तेज प्रताप यादव की पत्नी शोभा देवी, भाई की पत्नी किशलावती और पुत्र दीपक सुबह लगभग साढ़े आठ बजे लाठी डंडा लेकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मेरी पत्नी व बेटियों को मारने पीटने लगे। उक्त लोगों के मारने पीटने से मेरी पत्नी शारदा पुत्री अर्चना और अंतिमा को चोटें आई हैं।

थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि उक्त आरोपियों पर मारपीट, एससीएसटी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी हर्रैया के पास भेजी गई है।

चोटिल तीनों महिलाओं को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर भेजा गया है।

# दीवार तोड़कर मिठाई की दुकान में घुसा डंपर, पांच घायल

### गायघाट के पूरब तिराहे पर हुआ हादसा, पांच घायल

**गायघाट, बस्ती।** कलवारी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गायघाट के पूरब तिराहे पर कुदरहा की तरफ से आ रहे डंपर की चपेट में आने से पांच लोग घायल हो गए। अनियंत्रित डंपर की चपेट में सड़क किनारे ठेला लगाने वाले चार लोगों को लिया। इसके बाद निकट स्थित मिठाई की दुकान की दीवार तोड़ते हुए घर में घुस गया। यहां दुकान मालकिन भी उसकी चपेट में आ गई, जिससे वह भी घायल हो गई। यहां दो लोगो को डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

सोमवार की शाम साढ़े सात बजे गायघाट पूरब चौराहे पर ठेले पर फल बेचने वाले ज्ञानू, सूरज, नीरज और शंकरघर जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि अचानक धनघटा की तरफ से रहे अनियंत्रित डंपर की चपेट में आ गए। डंपर चारो को चपेट में लेते हुए सड़क के किनारे स्थित श्री श्याम स्वीट हाउस की दीवाल तोड़कर दुकान के अंदर घुस गया। यहां गीता को भी चपेट में ले लिया। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-09-2023

# टॉप टेन अपराधियों को सजा दिलाने में सिद्धार्थनगर को यूपी में पहला स्थान

मानीटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी की बदौलत 2 माह में 94 अभियुक्त के दिलाया गया सजा

सिद्धार्थ नगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर मानीटरिंग सेल के प्रभारी जय प्रकाश दुबे के प्रभावी पैरवी की बदौलत सिद्धार्थ नगर टाप टेन अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले में टाप टेन अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें सजा दिलाने के लिए मानीटरिंग सेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मानीटरिंग सेल भी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन से निर्वहन कर रहा है। मानीटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के कारण अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में सिद्धार्थ नगर ने यूपी में पहला स्थान प्राप्त किया है।



बोलते एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल।

मानीटरिंग सेल के प्रभारी जय प्रकाश दुबे ने बताया कि जिले में चिन्हित किए गए टाप टेन अपराधियों को 2 माह में 94 अपराधियों को सजा दिलाया गया। जिन अपराधियों को सजा दिलाया गया है उनमें से हत्या के 4, बलात्कार के 3, दहेज हत्या के 2, एनडीपीएस एक्ट के 2, पाक्सो एक्ट के 3 तथा गैंगस्टर एक्ट के 1 अभियोग सहित कुल 43 अभियोग में 94 अभियुक्तों को सजा दिलाया गया है।

# अपराधियों को सजा दिलाने में जिला अव्वल

सिद्धार्थनगर। जिले की पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सात टॉप टेन अपराधियों को सजा दिलाने का काम किया। ऐसा करने वाली जिले की पुलिस प्रदेश में अव्वल रही। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश की ओर से चलाए जा रहे आपरेशन कनविक्शन के क्रम में दो माह के दौरान 94 आरोपियों को प्रभावी पैरवी कर सजा दिलवाई गई। उनमें से टॉप टेन के सात आरोपी शामिल हैं। यह जानकारी एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने दी।

# मादक पदार्थ का तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे



बानगंगा( एसएनबी)। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे सोमवार को नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले तस्कर को साप्ताहिक बाजार खुनुवा से 72 टेबलेट प्रक्सीवान के साथ चौकी प्रभारी खुनुवा बृजेश सिंह ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शोहरतगढ़ पर मु.अ.सं. 312/2023 धारा 8/22/23 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर गिरफ्तार अभियुक्त राहुल अग्रहरी पुत्र सुबास अग्रहरी साकिन वार्ड नम्बर 7 सोनारी मोहल्ला कस्बा व थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय भेजा गया। इस दौरान चौकी प्रभारी खुनुवा बृजेश सिंह,का. मनोज द्विवेदी, का. अंगद सिंह,का. निशान्त कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र में बैट्री चोर हुए सक्रिय,इण्टरलाकिंग प्लान्ट में चोरी

खुनुवा (एसएनबी)। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत बैट्री चोर ताबड़तोड़ चोरी करने में सक्रिय है। जिसका फुटेज सीसी टीवी कैमरा मे कैद है। शोहरतगढ़ खुनुवा रोड पर लुचुइया तिराहे के पास इण्टरलाकिंग प्लान्ट पी पी कंस्ट्रक्शन पर फिर एक बार चोर बैट्री चोरी करने मे सफल रहा। प्लान्ट पर बैट्री चोरी का लगातार ये दूसरा दिन है जबकि दोनो चोरी देर रात मे हुआ है और दोनो दिन का बीडियो फुटेज कैमरे मे कैद है। पी पी कंस्ट्रक्शन के मालिक प्रीतम पटेल ने बताया कि शनिवार की रात चोर ने प्लान्ट पर खड़ी ट्रैक्टर, लोडर, टैम्पू का बैट्री खोलने के साथ जनरेटर का मोटर खोल ले गये। जिसका फुटेज सीसी टीवी कैमरे मे कैद है।चोरी के घटना का तहरीर रविवार को शोहरतगढ थानाध्यक्ष पंकज कुमार पाण्डेय को दिया गया था। दरोगा साहब ने चोर को पकड़ने का अश्वासन भी दिये थे। लेकिन दूसरे दिन रविवार को देर रात करीब ढाई बजे से लेकर तीन बजे के बीच फिर एक बचे हुए ट्रैक्टर से बैट्री खोल कर चोर फरार हो गया जिसका 18 मिनट के बीडियो फुटेज मे चोर का चित्र कैमरे मे कैद हो गया। लगातार एक ही जगह पर दो बार चोरी होने से क्षेत्र मे चर्चा का विषय बन गया है। प्रीतम पटेल ने बताया कि मेरे प्लान्ट पर जितनी गाड़ी खड़ी थी कार को छोड़कर सभी का बैट्री चोरी हो गया।ज्ञातव्य हो कि मिट्टी के ठेकेदार अनुराग यादव की डम्पर जो बगहवा नहर के पास खड़ी है हाल ही मे डम्पर का बैट्री चोरी हुआ था फिर बगहवा के प्रधान का ट्रैक्टर बगहवा चौराहे पर खड़ी थी जिसका भी बैट्री चोरी हुआ है। क्षेत्र के लोगो का कहना है कि बैट्री चोर गिरोह क्षेत्र में सक्रिय है जो अभी पुलिस के चंगुल से दूर है जिससे क्षेत्रीय लोगो मे भय व्याप्त है।

# भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

बिस्कोहर। पुलिस चौकी बिस्कोहर के परिसर में सोमवार शाम आगामी त्योहार जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी से आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। इस अवसर पर चौकी प्रभारी राकेश कुमार त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी, अमित पांडेय, सुरेश पांडेय, मोईद खान, राजा अंसारी, सलाहुद्दीन खान, पशुपति प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाइक के साथ तीन बोरी यूरिया बरामद

बर्डपुर। मोहाना थाना क्षेत्र के लालपुर चौकी पुलिस ने एक युवक को बाइक पर लेकर जा रहे तीन बोरी यूरिया संग सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थानेदार वीरेंद्र कुमार कुंवर ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी विद्यासागर पुत्र शिव सागर नेपाल के तौलिहवा थाना के दोहनी गांव का निवासी है। आरोपी को व खाद के साथ कस्टम कार्यालय ककरहवा को सौंप दिया गया है।

# नशीली दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने नशीली दवा के साथ बढ़नीलाला गांव के पास से एक एक नेपाली व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी कोटिया अमित कुमार शाही ने बताया कि सूरज कुंवर पुत्र ओमबहादुर निवासी वरकुलपुर गोरूसिंघा नेपाल की रोक कर तलाशी ली गई तो उसके पास से नशीली दवाएं बरामद हुई। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। इटवा पुलिस ने सोमवार को चोरी के सामान के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के लक्ष्मीनगर निवासी शमसुद्दीन पुत्र हुकुम के रूप में हुई। उसके पास से चांदी की दो जोड़ी पायल,सोने की कील, सोने की एक जोडी कंगन व एक जोड़ी झुमका व 27 सौ रुपये नगद बरामद किया। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर संजय राय,एसआई मोतीलाल,हेड कांस्टेबल इनामुद्दीन, सत्यप्रकाश शामिल रहे।

# अपराधियों पर रियायत न बरते पुलिस: एसपी

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने अगस्त माह में जिले की पुलिस द्वारा की गई कार्रवाइयों का लेखाजोखा पेश किया। कहा कि पुलिस की तत्पराता से ही अपराध पर लगाम लग सकता है। आरोपियों पर कार्रवाई में रियायत नहीं बरतनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगस्त माह में चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया। छह आरोपी गिरफ्तार किए। थाना त्रिलोकपुर पुलिस ने चोरी के आरोपी मोहम्मद नसीम उर्फ चिनकू पुत्र स्व मोहम्मद उमर निवासी कुसहटा थाना डुमरियागंज, निजामुद्दीन उर्फ पिल्लू पुत्र स्व शकूर निवासी जाबजौवा थाना डुमरियागंज, कमलेश उर्फ बेटौवा पुत्र स्व रामलखन निवासी सोहना थाना त्रिलोकपुर, इरफान पुत्र जाफर निवासी फूलपुर लाला थाना त्रिलोकपुर को गिरफ्तार कर चोरी गयी सम्पत्ति कीमत करीब 10 लाख बरामद कर अनावरण किया। थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस ने नीरज पुत्र शिवधर निवासी बरगदवा थाना बांसी व सूरज पुत्र रामदयाल निवासी जमालपुर थाना लालगंज जनपद बस्ती को गिरफ्तार कर चारी की दो बाइक बरामद की।

**गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई:** पुलिस द्वारा माह अगस्त में गैंगेस्टर अधिनियम के तहत थाना चिल्हिया पर अतिउल्लाह उर्फ मुन्नू पुत्र रफीकुल्लाह निवासी भोलापरसा थाना चिल्हिया व जीशन उर्फ ऐजान पुत्र बकसुल्लाह निवासी पल्टादेवी टोला नरायनपुर थाना चिल्हिया के खिलाफ कार्रवाई की गई।

थाना बांसी पर रोहित यादव पुत्र नन्दलाल यादव निवासी हीरमपुर थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज, मुकेश भारती निवासी लालपुर दुबौलिया थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज, अम्बुद पाण्डेय पुत्र अनिल पाण्डेय निवासी करमहा थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज के खिलाफ कार्रवाई कर संपत्ति जब्ती के लिए चिन्हित की जा रही है।

## 19 आरोपियों की खोली हिस्ट्रीशीट

पुलिस ने अलग अलग थानों में 19 आरोपियों की खोली हिस्ट्रीशीट खोली है। शोहरतगढ़ थाना पर दो, डुमरियागंज थाना पर चार, मिश्रौलिया थाना पर दो, सिद्धार्थनगर थाना पर छह, त्रिलोकपुर थाना पर चार व शिवनगर डिडई थाना पर एक आरोपी की हिस्ट्रीशीट खोल कर उनकी निगरानी की जा रही है।

## 491 विवेचनाओं का किया निस्तारण

पुलिस ने अगस्त माह में विवेचनाओं के निस्तारिण में तेजीदिखाते हुए कुल का निस्तारण किया। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने सभी को निर्देशित किया है कि लंबित मामलों का समय से निस्तारण करें।

# जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल, तैयारियां जोरों पर

**उत्सव**



पुलिस लाइंस में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी में जुटा पुलिस महकमा • हिन्दुस्तान



शहर के एक दुकान पर कान्हा व लड्डू गोपाल के लिए ड्रेस आदि की खरीदारी करते ग्राहक।

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जिले में बुधवार को जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर सभी जगहों पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस लाइंस, थानों व अधिकांश घरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के मद्देनजर भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति भी बाजार में कई तरह की आ गई है। शहर समेत जिले के प्रमुख कस्बों में सज चुकी दुकानों पर भक्तों की भीड़ भी बढ़ने लगी है। छोटे बच्चों के लिए कान्हा के रूप में ड्रेस सजाने के लिए संबंधित दुकानों पर अभिभावक पहुंचने लगे हैं। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाने के लिए लगने वाली सामग्री की भी खरीदारी तेज हो गई है। शहर के सिद्धार्थ तिराहा पर दुकानदार बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए ग्राहकों का आना शुरू हो गया है। शहर के श्रीसिहेंश्वरी देवी मंदिर के संचालन समिति के सदस्य दिव्यांशु ने बताया कि छह सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाएगा। इस दौरान घरों को सजाया-संवारा जाता है और लोग अपने प्यारे कान्हा के जन्म को उत्सव की तरह मनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि सृष्टि के पालनहार श्रीहरि विष्णु ने धर्म की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण के रूप में आठवां अवतार लिया था। उन्होंने बताया कि इस दिन क्या बच्चे क्या बूढ़े सभी अपने आराध्य के जन्म की खुशी में दिनभर व्रत रखते हैं और कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हैं।

# भारतीय रुपये की नेपाल में हो रही तस्करी

## सामान सीमा पार कराने वाले कैरियर भारतीय मुद्रा नेपाल पहुंचा रहे, एक पखवारे में पकड़े जा चुके पांच लोग

तेज प्रकाश त्रिपाठी • सिद्धार्थनगर

भारत-नेपाल सीमा पर तस्करों का नया खेल सामने आया है। अब कैरियर का उपयोग सामान को सीमा पार कराने के लिए ही नहीं हो रहा, बल्कि इनसे भारतीय मुद्रा (रुपये) को नेपाल पहुंचाने का काम लिया जा रहा है। भारतीय तस्कर नेपाल जाकर कैरियर से भारतीय मुद्रा ले लेते हैं और इसी से वहां सोना, चांदी आदि खरीदते हैं। फिर उन्हीं कैरियर के माध्यम से तस्करी का सामान भारत भेजा जाता है। तस्करी पर अंकुश के लिए ही 25 हजार रुपये से अधिक के 500 के नोट बिना दस्तावेज के नेपाल ले जाने पर रोक है, इसके बावजूद तस्कर कैरियर के माध्यम से भारतीय मुद्रा को नेपाल पहुंचा रहे हैं। एक पखवारे में ही पांच लोग 5.96 लाख भारतीय रुपये के साथ बार्डर पर पकड़े जा चुके हैं।

नेपाल से सोना, चांदी, तंबाकू, कास्मेटिक उत्पाद की तस्करी भारत में हो रही है, तो भारतीय यूरिया को तस्कर नेपाल ले जाकर बेच रहे हैं। भारतीय 100 रुपये की कीमत नेपाली 162 रुपये होने की वजह से जो यूरिया भारत में 266.50 रुपये प्रतिबोरा है, तस्करी कर उसे नेपाल में बेचने पर 431 रुपये मिल जाते हैं। सोने की कीमतों में भले ही प्रति दस ग्राम 500 रुपये का अंतर हो लेकिन नेपाली सोने में सौ फीसद शुद्धता के चलते वहां से बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी हो रही है। नेपाल में भारत के मुकाबले चांदी लगभग 4000 रुपये प्रति किलो सस्ती है। सामान की तस्करी के लिए दोनों तरफ भारतीय मुद्रा की जरूरत पड़ती है, जिसके चलते धंधेबाज कैरियर के माध्यम से भारतीय मुद्रा को इधर-उधर पहुंचाते हैं। पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के नेपाल के रास्ते अवैध तरीके से भारत में प्रवेश के बाद बार्डर पर सख्ती बढ़ी तो भारतीय मुद्रा की तस्करी के कई मामले पकड़ में आए। एसएसबी ने सिद्धार्थनगर के रहमत अली, सफीना खातून, उर्मिला के अलावा नेपाल के नरायण प्रसाद, सुशीला पासी को बार्डर पर अवैध रूप से भारतीय मुद्रा के साथ पकड़ा था। इन सभी की गिरफ्तारी ककरहवा, अलीगढ़वा बार्डर पर हुई थी। इनके पास से 5.96 लाख रुपये मिले थे।

**4,000**

रुपये प्रति किलो लगभग सस्ती है नेपाल में भारत के मुकाबले चांदी



सीमा पर आवाजाही करने वाले लोगों की जांच की जाती है। संदेह होने पर जवान कुछ लोगों की तलाशी भी लेते हैं। एक पखवारे के भीतर पांच लोग पकड़े गए हैं, जिनके पास से भारतीय व नेपाली मुद्रा बरामद हुई है।

शक्ति सिंह, कमांडिंग अधिकारी 43वीं वाहिनी एसएसबी



अलीगढ़वा बार्डर पर भारतीय मुद्रा के साथ पकड़ी गई महिला (फाइल फोटो) सौ. एसएसबी

# नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोप

लोटन : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को बहलाकर भगा ले जाने जाने पर रविवार को दो युवकों पर मुकदमा दर्ज किया है। इनके नाम रमवापुर निवासी रियाज अहमद पुत्र कमरुद्दीन व युसुफ पुत्र खलील है। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# संयुक्त टीम ने मादक दवा के साथ दो को किया गिरफ्तार

जासं, शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने बढ़नी लाला नेपाल भारत सीमा पर 300 टेबलेट अल्प्राजोलम के साथ एक नेपाली को गिरफ्तार किया है। उसका नाम सूरज वरकलपुर वार्ड दो थाना गोरूसिघा जनपद कपिलवस्तु है। दूसरी तरफ पुलिस व एसएसबी की टीम ने खुनुवा से एक व्यक्ति के पास से 72 प्राक्सिको स्पा व 75 टैबलेट नाइट्रावेट शामिल है।

# पुलिस ने गिनाया गुडवर्क, बोली पांच घटनाओं का पर्दाफाश

## जिले के विभिन्न थानों में हुई कार्रवाई के बारे में दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। अपराध एवं अपराधियों पर होने वाली कार्रवाई का पुलिस ने आंकड़ा पेश किया कि एक माह में उसने कितना गुडवर्क किया है। इसमें कई घटनाओं को पर्दाफाश करने के साथ ही गुंडा और गैंगस्टर की कार्रवाई करने जैसे मामले में शामिल हैं।

पुलिस की ओर से दिए गए आंकड़ों के मुताबिक चोरी की घटनाओं का अनावरण जनपदीय पुलिस द्वारा अगस्त माह में 5 चोरी के का सफल अनावरण करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की करीब 10 लाख की संपत्ति बरामद की गई।

इसमें थाना त्रिलोकपुर, थाना शिवनगर डिड़ई की पुलिस ने कार्रवाई की। इसी प्रकार गैंगस्टर एक्ट के तहत अगस्त माह में गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 3 मुकदमें, जिसमें थाना चिल्हिया अतिउल्लाह निवासी भोलापरसा थाना चिल्हिया, जीशन उर्फ ऐजान निवासी पल्टादेवी टोला नरायनपुर थाना चिल्हिया, थाना बांसी में रोहित यादव निवासी हीरमपुर थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज, मुकेश भारती निवासी लालपुर दुबौलिया थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज, अंबुद पांडेय निवासी करमहा थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज, थाना बांसी अनंत कुमार उर्फ बादशाह निवासी प्रतापपुर, अबु सैफ निवासी मोहल्ला टेकधर नगर थाना बांसी सहित कुल सात आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई।

### इन अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

अगस्त माह में जनपद पुलिस ने 19 अभ्यस्त अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली। जिसमें 14 गोवध अधिनियम के हैं। इसमें थाना शोहरतगढ़ ने शहाबुद्दीन निवासी परसोइया नानकार, निसार अली निवासी रोहुडा थाना शोहरतगढ़, थाना डुमरियागंज में कल्लू निवासी जबजौआ, रमजान अली निवासी हल्लौर थाना डुमरियागंज, पिल्लू उर्फ निजामुद्दीन निवासी जबजौवा थाना डुमरियागंज, मोहम्मद आसिफ कुरैसी उर्फ अनिस निवासी हल्लौर थाना डुमरियागंज, थाना मिश्रौलिया में अब्दुल हकीम निवाली गौरडीह टोला ऊंचडीह, नूरुलहुदा निवासी गौरडीह टोला ऊंचडीह थाना मिश्रौलिया, सफीक अहमद उर्फ भग्गन निवासी बर्डपुर नंबर 11 टोला मोहम्मदपुर थाना सिद्धार्थनगर, भक्कूर उर्फ नूरुद्दीन निवासी आजाद नगर, इरफान निवासी परसा महापात्र, अब्दुल यासीन निवासी कोडऱा ग्रांट टोला इस्लाम नगर, अद्ध बब्लू उर्फ अब्दुल सलाम निवासी कोडरा ग्रांट टोला इस्लाम नगर, नियाज अहमद निवासी बर्डपुर नंबर 11 टोला मोहम्मद नगर थाना सिद्धार्थनगर की हिस्ट्रीशीट खोली गई। महिला संबंधी अपराध मे थाना त्रिलोकपुर में दुर्गेश सिंह निवासी सिकरा बुजुर्ग, बलवा के मामले में नुरुल हसन निवासी छगड़िहवा आदि पर कार्रवाई की गई। विवेचना के निस्तारण में एक माह में 491 विवेचना का निस्तारण किया गया। वहीं, ऑपरेशन दृष्टि माह अगस्त में कुल 690 स्थानों पर 1292 सीसी कैमरे लगवाए गए। अभियान के तहत कुल 679 स्थानों पर 1891 सीसीटीवी कैमरे जोड़े गए हैं। इसके अलावा कार्रवाई की गई।

# दो सभासद सहित 23 लोगों पर केस दर्ज

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना पुलिस ने बलवा व घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में दो पक्षों के 23 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। इसमें एक तरफ 12 लोगों को आरोपित बनाया गया है तो दूसरे पक्ष से 11 लोगों को आरोपित बनाया गया है। घटना बीते 25 अगस्त की है। दोनों पक्षों में दो सभासदों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया। तहरीर में पूरब पड़ाव मुहल्ला निवासी सभासद अमित सिंह ने कहा कि मोहल्ला निवासी मोहम्मद अहजम पुत्र फिरोज कमार व उनकी पत्नी सलमा परवीन से बीते 23 अगस्त को इंद्रानगर मुहल्ले में स्थित उनके मकान का बैनामा कराया। 25 अगस्त को मकान की साफ-सफाई में जुटे हुए थे कि इसी दौरान राकेश सिंह, राघवेंद्र सिंह उर्फ नन्हें सिंह, मानवेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, सभासद फतेह बहादुर सिंह, आदर्श सिंह, वैभव सिंह समेत 12 लोगों ने उनके मकान पर असलहा के साथ आए और मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर गाली-गलौज किया। दूसरे पक्ष के राकेश सिंह ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि वह पिछले 17-18 वर्षों से फिरोज कमाल निवासी गोबरहवा के मकान में रहते हैं। संवाद

# टॉप-10 अपराधियों को सजा दिलाने में जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** हत्या, लूट सहित अन्य मामलों में न्यायालय में पैरवी करके और गवाहों का बयान दिलाकर सजा दिलाने के मामले में पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। दो माह में पुलिस ने 94 अपराधियों को सजा दिलाने का कार्य किया है।

डीजीपी की ओर से चलाये जा रहे आपरेशन कनविक्शन अभियान के क्रम में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने का कार्य किया जा रहा है। इसमें

## दो माह में पुलिस ने पैरवी कर दिलाई 94 लोगों को सजा

हत्या, लूट, बलात्कार, एनडीपीएस एक्ट, दहेज हत्या जैसे जघन्य अपराधों को चिह्नित कर अभियोजन विभाग के समन्वय से सजा दिलवाया जाता है। इसमें मॉनिटरिंग सेल प्रभारी की ओर से लगातार केस पर नजर रखी जाती है। न्यायालय में पैरवी करने के साथ ही गवाहों को न्यायालय तक पहुंचाया जाता है।

उसका नतीजा रहा है कि हत्या के 4, बलात्कार के 3, दहेज हत्या के 2, एनडीपीएस एक्ट के 2, पॉक्सो एक्ट के 3, गैंगस्टर एक्ट के एक मुकदमे सहित कुल 43 मुकदमों में 94 अभियुक्तों को विगत दो माह में सजा दंडित कराया गया। पुलिस व अभियोजन टीम को लगाकर मुकदमों में लगातार पैरवी करायी जा रही है। जिसका बेहतर परिमाम प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में जनपद के टॉप-10 अपराधियों को दोष सिद्ध कराए जाने में जनपद सिद्धार्थनगर को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। यह जानकारी एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने दी है।

# जन्माष्टमी व चहल्लुम पर पुलिस चौकी में बैठक

**बिस्कोहर।** पुलिस चौकी बिस्कोहर में सोमवार शाम आगामी त्योहार को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी को भी नई परंपरा शुरू करने की इजाजत नहीं है, किसी भी प्रकार के खुराफात बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी ने भी शांतिभंग करने की या किसी भी प्रकार के असामाजिक कार्य करने की कोशिश की तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाएं। इस दौरान राकेश कुमार त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी, अमित पांडेय, सुरेश पांडेय, मोईद खान, राजा अंसारी, सलाहुद्दीन खान, पशुपति प्रताप सिंह, शाहिद सिद्दीकी, रवि सिंह, मोना, मंतोश पाठक आदि मौजूद रहे। संवाद



बांसी नगर के आजाद चौक से अतिक्रमण हटाता बुलडोजर। संवाद

# सड़क से हटवाया अतिक्रमण

**बांसी।** कस्बे के आजाद चौक से सीओ कार्यालय तक सड़क के दोनों किनारे हुए अस्थायी अतिक्रमण को सोमवार की शाम प्रशासन ने हटवा दिया।

एसडीएम प्रमोद कुमार ,नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडेय, नगर पालिका के ईओ विंध्याचल नगर पालिका की टीम और पुलिस बल के साथ पहुंचकर सड़क के दोनों तरफ हुए अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि यह अभियान धानी रोड तिराहे तक चलेगा।

साथ ही उन्होंने नगर की सभी प्रमुख सड़कों पर हुए अतिक्रमण को लोगों से स्वेच्छा से हटाने को कहा है। संवाद

# बघेली गांव में लगा सीसीटीवी कैमरा

**सिद्धार्थनगर।** आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत बघेली गांव में थानाध्यक्ष लोटन चंदन कुमार की देखरेख में सोमवार को ग्राम प्रधान दिनेश कुमार ने आठ सीसी कैमरा लगवाया।

थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत में कैमरा लगाना जरूरी था।

कुछ बच्चे शरारती होते हैं। उन्हें इस सीसीटीवी फुटेज के जरिए पकड़ा जा सकता है। इस दौरान हेड कांस्टेबल मनोज कुमार विश्वकर्मा, अरुण कुमार पांडेय और अजीत कुमार आदि मौजूद थे। संवाद

# नशीली दवा की 300 गोली बरामद, एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी कोटिया और पुलिस के संयुक्त टीम ने सोमवार को सीमा पर स्थित पिलर संख्या 561 के पास से अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जा रहे 300 नशीली गोली के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान नाम सूरज कुंवर निवासी इमलिया वार्ड नंबर नौ नगर पालिका बुद्ध भूमि थाना गोरुसिंहा जनपद कपिलवस्तु नेपाल बताया। बरामद दवा सहित आरोपी को शोहरतगढ़ पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। यह जानकारी एसएसबी ४३वीं वाहिनी के कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने दी है। संवाद

# शादी का झांसा देकर किशोरी को भगा ले गया

सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को भगाने का मामला सामने आया है। लड़की के परिजनों की शिकायती पत्र पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है। इस संबंध में एसओ चंदन कुमार ने बताया कि पिता की ओर से मिले तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-09-2023

# डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद में छह पर दर्ज होगा केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## पीड़ित के आवेदन पत्र पर कोर्ट ने एसओ बखिरा को दिया आदेश

**संतकबीरनगर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन/ एसीजेएम चेतना त्यागी ने डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद के मामले में दंपती समेत समेत छह लोगों पर केस दर्ज करने का आदेश बखिरा पुलिस को दिया है।

अधिवक्ता राम अनुज राय ने बताया कि बखिरा क्षेत्र के बडगो निवासी अवध राज पुत्र तीजू ने कोर्ट में वाद दाखिल किया था जिसमें कहा गया है कि एक जून 2023 की रात करीब 10 बजे दीपक उसके नाती सोनू पुत्र बालकेश को जबरदस्ती डीजे पर नाचने के लिए खींचने लगा।

उसने नाचने से मना किया तो मारने लगा। जब मैं छुड़ाने पहुंचा तो दीपक ने मुझे हंसिया से प्रहार कर दिया। मेरा बाया हाथ का पंजा चोटहिल हो गया। पुनः दो जून 2023 को जब नाती सोनू मंदिर में बैठा था तो दीपक उसे लाठी से मारने लगा। उसके शोर पर प्रिंस छुड़ाने गया तो उसे भी लाठी से पीटा।

तीन जून 2023 को सुबह 6: 00 बजे जब प्रिंस गांव के बाहर जा रहा था तो दीपक व उसके पिता जोखन वह उसकी मां सुधा व दीपक की बहन सपना, मोटकी, व हफनी गोलबंद होकर उसे लात मुक्का से मारने-पीटने लगे।

अप शब्द कहने लगे। शोर सुनकर प्रिंस की माता आशा छुड़ाने पहुंची तो वे लोग उसे भी बुरी तरह मारे पीटे। जिससे आशा के दाहिने पैर के पंजे में सूजन व चोटे आई।

आरोपी जान से मार डालने की धमकी दिए। घटना को तमाम लोगों ने देखा। 112 नंबर पर फोन से सूचना दी। लिखित रूप से थाने पर व चौकी पर सूचना दी गई। पुलिस दो जून 23, व तीन जून 2023 को घटनास्थल पर आई और थाने पर दोनों पक्षों को बुलाकर चली गई।

पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया,उल्टे विपक्षीगण की झूठी तहरीर पर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जिससे मजबूर होकर कोर्ट की शरण लेनी ।

कोर्ट ने आरोपी बनाए गए एक ही परिवार के छह सदस्यों दीपक, जोखन, सुधा, सपना, मोटकी, हफनी निवासी बडगो थाना बखिरा के खिलाफ केस दर्ज करने का एसओ बखिरा को आदेश दिया।

# मारपीट की घटना में तीन भाई नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के भिटहा गांव में बीते दिनों पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन सगे भाइयों के विरूद्ध सोमवार को मुकदमा दर्ज कर घटना में घायल को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में थाना क्षेत्र के भिटहा गांव निवासी बाबूराम गुप्ता पुत्र उदयराज ने बताया कि बीते पहली सितम्बर की रात करीब 9 बजे गांव निवासी विपक्षी विशाल,जयहिन्द व प्रताप पुत्रगण राजदेव लाठी-डंडा लेकर उसके दरवाजे पर पहुंच गए और मुझे और परिवार के लोगों को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली का विरोध करने पर उक्त सभी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे से हमला कर दिया और उसे मारपीट कर घायल कर मौके से फरार हो गए। घटना को लेकर पुलिस ने उक्त तीनों हमलावर सगे भाइयों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# मगहर चौकी पर पीस कमेटी की बैठक

मगहर (एसएनबी)। त्योहारों श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद की अध्यक्षता में चौकी मगहर पर पीस कमेटी की मीटिंग हुई। जिसमें नगर पंचायत मगहर के अध्यक्ष, सभासद व अन्य सम्मानित जनता से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही मीटिंग में सभी लोगों से एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालोंध्असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए बताया गया। इस मौके पर रविन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पोस्टर व वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय



खलील[illegible] में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के संबंध में पोस्टर और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में यातायात नियमों के पालन से संबंधित प्रश्नोत्तरों को पूछा गया। इस वाद प्रतियोगितामें प्रथम स्थान सलोनी, द्वितीय अम्बेश व तृतीय स्थान अमजद अली ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयोगिता सिंह, द्वितीय स्थान सोनाली पटेल व तृतीय स्थान रानी कुमार प्रजापति ने हासिल किया। दीनदयाल उपाध्याय वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा उक्त विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्रभारी यातायात परमहंश ने छात्रों को स्कूली छात्रों को सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ अपील किया। साथ ही छात्रों को अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को भी वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु जागरुक किया। इस दौरान हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद प्राचार्य प्रो. डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, प्रो. विजय बहादुर, प्रो. मनोज कुमार वर्मा, दीन दयाल उपाध्याय एसोसिएशन के अर्जुन सिंह, हे.कां. आनंद मोहन, शशिकला, शवाना, साधना सहित अन्य शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# घरेलू विवाद में महिला समेत तीन की पिटाई, चार नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा उर्फ खैरा गांव में घरेलू विवाद को लेकर रविवार की देर रात एक महिला समेत तीन लोगों को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर तीनों घायलों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है।

घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के दुघरा उर्फ खैरा गांव निवासी जनवासी देवी पत्नी महेन्द्र ने बताया कि परिवारिक विवाद को लेकर रविवार की रात करीब नौ बजे रामप्रीत पुत्र मुरली, विरेन्द्र पुत्र रामप्रीत, भगवानी पुत्री रामप्रीत तथा मुन्नीलाल पुत्र प्यारे उसकी बहू विन्द्रावती देवी पत्नी राहुल को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। बहू ने जब गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। उसके शोर मचाने की आवाज सुनकर बेटा राहुल पुत्र महेन्द्र और पति महेन्द्र पुत्र मुरली ने जब बहू के बचाव की कोशिश की तो उक्त सभी चारो हमलावर बहू समेत बेटे और पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर रामप्रीत, विरेन्दर, भगवानी तथा मुन्नीलाल के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पुलिस ने वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से 36 हजार पांच सौ रूपए शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 49 वाहनों के चालकों से 36 हजार 500 रूपए जुर्माना भरवाया।

# रंजिश में तीन महिलाओं की पिटाई, तीन नामजद

धनघटा । धनघटा थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव में रविवार की शाम को कुछ मनबढ़ों ने पुरानी रंजिश को लेकर तीन महिलाओं को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी रवीहननिशा पत्नी स्व. मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि रविवार की शाम को पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी विपक्षी राजेश, राकेश व मनोज पुत्रगण सीताराम उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने का विरोध करने पर उक्त तीनों उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। इस बीच शोर सुनकर उसके परिवार की सलीमुन्निशा पत्नी समसुद्दीन तथा रूकसाना पुत्री समसुद्दीन दौड़ती हुई मौके पर पहुंच गयी और उसका बचाव करने की कोशिश करने लगी तो उक्त तीनों हमलावरों ने उसके साथ-साथ उक्त दोनों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर राजेश, राकेश व मनोज के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मारपीट में घायल को अस्पताल पहुंचाया

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मारपीट में घायल महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचवाया।

छपरा पूर्वी गांव से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद के वजह से मारपीट की घटना होने से दो महिलाओं के घायल होने की सूचना दी। पुलिस कर्मियों ने दोनों पक्षों के विवाद को शांत कराकर मारपीट में घायल महिलाओं को इलाज के लिए सीएचसी मलौली भेजवाकर घटना के सम्बन्ध में पुलिस को सूचना दी। पुलिस कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से कोई अप्रिय घटना नही हुई और घायलों का समय से दवा इलाज हो गया।

# पांच स्थानों पर लगा सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से पांच स्थानों पर 17 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो स्थान पर छह सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरा और थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी और थाना बखिरा पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया। इसके साथ ही अपील किया कि सभी लोग अपने-अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं।

# दो पक्षों में मारपीट में मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। खलीलाबाद थाना क्षेत्र के चंगेरा मंगेरा गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यास सिंह ने अपने शिकायत में बताया कि गांव के चंद्रिका सिंह एवं उनकी पत्नी मीरा देवी ने रात में हुए बरसात के बाद पेड़ से गिरी कुछ लकड़ी जो उनके जमीन में गिरा हुआ था उसे उठाने के लिए बेटी के जाने पर विवाद शुरूकर दिया। महिलाओं से आपस में बहस के बाद उक्त लोग गाली देते हुए खाट की पट्टी से वार कर दिए, जिससे बेटी के सिर पर काफी गंभीर चोट आई और जानमाल की धमकी दिए।

# पोस्टर व वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

संतकबीरनगर। जिले के यातायात पुलिस की अगुवाई में सोमवार को एचआर पीजी कॉलेज में पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रभारी यातायात परमहंस यादव के अगुवाई में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के संबंध में पोस्टर और वाद विवाद प्रतियोगिता में यातायात नियमों के पालन से संबंधित प्रश्नोत्तरी को पूछा गया। वाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी, द्वितीय अम्बेश व तृतीय स्थान अमजद अली ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयोगिता सिंह, द्वितीय स्थान सोनाली पटेल व तृतीय स्थान रानी कुमार प्रजापति ने पाया। विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया।

# 49 वाहनों से 36,500 रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थाने की पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाया। यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सरकारी अस्पताल व बैंक शाखा परिसर सहित अन्य स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 49 वाहन के चालकों से से 36,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की।

(विज्ञप्ति)

# 10 लीटर कच्ची के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने सोमवार को सूचना मिलने पर दबिश दी। धनघटा गांव निवासी बलवान को 10 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मुकामी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (विज्ञप्ति)

# वायरल वीडियो पर सक्रिय हुई पुलिस

संतकबीर नगर : नवीन मंडी पुलिस चौकी के एक गांव के मारपीट का वीडियो सामने आया है। इस पर पुलिस सक्रिय हो गयी है। क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर ने कहा कि इस वीडियो को संज्ञान में लिया गया है। इसमें कुछ महिला–पुरुष एक–दूसरे को मारते हुए दिख रहे हैं। ये किस गांव के हैं, यह घटना कब की है, क्यों घटित हुई, इसके बारे में जानकारी प्राप्त करके कार्रवाई करने के लिए उन्होंने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को निर्देशित किया है। (जासं)

# वाद-विवाद में सलोनी, पोस्टर में संयोगिता प्रथम



हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों को सम्मानित करते यातायात प्रभारी परमहंस • जागरण

**संतकबीर नगर**: हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय-खलीलाबाद में सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर व वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुआ। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सलोनी-प्रथम, अंबेश-द्वितीय व अमजद अली को तृतीय स्थान मिला। जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में संयोगिता सिंह-प्रथम, सोनाली पटेल-द्वितीय व रानी को तृतीय स्थान मिला। इन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

यातायात प्रभारी परमहंस ने यहां के छात्रों को सड़क पर दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, बिना नंबर प्लेट वाले वाहन न चलाने की बात कही। इसके अलावा नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड न चलाने की अपील की। छात्रों को परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट प्रयोग करने के लिए जागरूक करने की सलाह दी। (विज्ञप्ति)

# शिकायत निस्तारण में मेंहदावल प्रदेश में अव्वल

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर : आनलाइन शिकायत निस्तारण में के मामले में मेंहदावल तहसील को प्रदेश में अव्वल स्थान मिला है। सभी संदर्भ में शत प्रतिशत अंक मिलने के कारण यह उपलब्धि मेंहदावल तहसील के खाते में दर्ज हुई है। इससे उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने प्रसन्नता जताई है।

आइजीआरएस रैंकिंग के मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ सहित अन्य संदर्भ में मेंहदावल तहसील को अगस्त माह में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कारण प्रथम स्थान मिला है। 90 अंक में से सभी 90 अंक प्राप्त करते हुए मेंहदावल ने पूरे प्रदेश में डंका बजाया है। उपजिलाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि सभी लोगों ने पूरे मनोयोग से बेहतर कार्य किया है।

शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए शत-प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण करने में तेजी दिखाई है। जिसके कारण प्रदेश में मेंहदावल तहसील को अव्वल स्थान मिला है।

# सड़क सुरक्षा के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में सलोनी प्रथम व अम्बेश रहे द्वितीय

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में सोमवार को प्रभारी यातायात परमहंश की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा के संबंध में पोस्टर और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में यातायात नियमों के पालन से संबंधित प्रश्नों को पूछा गया।

इस वाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी, द्वितीय अम्बेश व तृतीय स्थान अमजद अली ने प्राप्त किया गया तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयोगिता सिंह, द्वितीय स्थान सोनाली पटेल व तृतीय स्थान रानी कुमार प्रजापति ने प्राप्त किया गया। दीनदयाल उपाध्याय वेलफेयर एसोसिएशन ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।



एचआरपीजी कॉलेज में छात्र को पुरस्कार देते यातायात प्रभारी परमहंस। संवाद

प्रभारी यातायात परमहंस ने छात्रों को सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने की अपील किया।

साथ ही छात्रों को अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को भी वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने के लिए जागरुक करने को कहा गया। इस दौरान अर्जुन सिंह, आनंद मोहन आदि उपस्थित रहे।

# शराब के साथ एक आरोपित को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दस लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपित को दबोचकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई किया। थाना धनघटा पुलिस ने 10 अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपित अभियुक्त बलवान पुत्र मिठाईलाल निवासी धनघटा को गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई किया।

# शिकायत निस्तारण में मेंहदावल तहसील अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। शिकायत निस्तारण में समूचे प्रदेश में मेंहदावल तहसील को प्रथम स्थान मिला है। सभी संदर्भ में शत प्रतिशत अंक मिलने के कारण यह उपलब्धि मेंहदावल तहसील के खाते में लंबे समय बाद दर्ज हुई है। इससे मेंहदावल के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने प्रसन्नता जताई है। इसके साथ ही तहसील के अन्य कर्मियों में भी खुशी व्याप्त है।

आईजीआरएस रैंकिंग के मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ सहित अन्य संदर्भ में मेंहदावल तहसील को बीते अगस्त माह में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कारण प्रथम स्थान मिला है। 90 अंक में से सभी 90 अंक प्राप्त करते हुए मेंहदावल ने समूचे प्रदेश में अपना डंका बजाया है।

### आईजीआरएस रैंकिंग में प्रथम स्थान मिलने पर कर्मियों ने जताई खुशी

तहसीलदार सुनील कुमार, नायब तहसीलदार हरिराम यादव सहित अन्य लोगों ने इसके लिए तहसील कर्मियों सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दिया है।

उपजिलाधिकारी मेंहदावल अरुण कुमार ने कहा कि सभी लोगों ने पूरे मनोयोग से बेहतर कार्य किया है। शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए शतप्रतिशत शिकायतों का निस्तारण करने में तेजी दिखाई है।

जिसके कारण समूचे प्रदेश में मेंहदावल तहसील को अव्वल स्थान मिला है। इससे कर्मियों को और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। लोगों की समस्या निस्तारण करना ही प्राथमिकता है।

# पांच स्थानों पर लगवाए गए 17 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। अऑपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत सोमवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन पर पुलिस ने जनसहयोग से पांच स्थानों पर 17 सीसीटीवी कैमरे लगवाए। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो स्थान पर छह सीसीटीवी कैमरे, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे, थाना बखिरा पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए। संवाद

# मर कर भी पुलिस रिकॉर्ड में जिंदा थे 94 हिस्ट्रीशीटर

## सत्यापन कराने पर सामने आया मामला, एसपी के निर्देश पर मृत हिस्ट्रीशीटरों का खाका कराया गया नष्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पुलिस की वसूलीबाजी भी गजब की है। अपराध में अभ्यस्त हो चुके बदमाशों की आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट तो खोलती है, लेकिन उनके बारे में पता लगाना भूल जाती है।

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के 94 ऐसे हिस्ट्रीशीटर थे, जिनकी मृत्यु काफी पहले हो चुकी है, लेकिन पुलिस के अभिलेख में उन्हें जिंदा रखा गया था। एसपी ने सत्यापन कराया तो यह सच्चाई सामने आई। इसके बाद मृत हिस्ट्रीशीटरों का खाका नष्ट कराया गया।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक 421 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें 408 हिस्ट्रीशीट ए श्रेणी और 13 बी श्रेणी के हैं। एसपी ने हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कराया है तो 317 हिस्ट्रीशीटर अपने घरों पर मौजूद मिले। 51 हिस्ट्रीशीटरों के दूसरे प्रांतों में गए होने की जानकारी मिली। 24 हिस्ट्रीशीटर जेल में बंद हैं। इसके अलावा 24 हिस्ट्रीशीटर लापता पाए गए।

94 हिस्ट्रीशीटरों के बारे में जानकारी मिली कि उनकी मौत हो चुकी है। इसमें कोतवाली के 19, दुधारा में 10, धनघटा में नौ, महुली में 33, मेंहदावल में 14, बखिरा में दो, बेलहर कला में सात हिस्ट्रीशीटर शामिल हैं। सत्यापन टीम में शामिल पुलिस कर्मियों के मुताबिक इनमें से कई ऐसे हिस्ट्रीशीटर हैं, जिनकी मौत चार-पांच साल पहले हो गई थी। कुछ हिस्ट्रीशीटरों की मौत दो से सात महीने के भीतर हुई है। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि बीट पुलिस अधिकारी के जरिए सूचनाएं जुटाने का कार्य पुलिस करती है।

हल्का सिपाही और दरोगा भी क्षेत्र में जाते हैं। चौकीदार भी पुलिस की सूचना का प्रमुख स्रोत है, लेकिन पुलिस हिस्टशीटरों के बारे में समय से जानकारी नहीं जुटा पाई और मर कर भी इतनी बड़ी संख्या में हिस्ट्रीशीटर पुलिस रिकॉर्ड में जीवित रहे।

### हिस्ट्रीशीटर भास्कर पाल ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर बम फेंक कर फैला दी थी दहशत

महज 15 वर्ष की उम्र में धनघटा क्षेत्र के भरवल पांडेय गांव निवासी भास्कर पाल ने जब जरायम की दुनिया में कदम रखा तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। राह चलते मारपीट करना और बातों बात में किसी पर पिस्टल तान देना भास्कर पाल की आदत में शुमार था। 18 वर्ष का उम्र पूरा करते-करते वर्ष 2001 में पुलिस ने उसकी हिस्ट्रीशीट खोल दी। वर्ष 2000 में वह अपने गांव से बीडीसी भी चुना गया था। 26 फरवरी 2004 को ब्लॉक परिसर में तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख एवं पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह उर्फ पहलवान सिंह, ब्लॉक के जेई दयाराम यादव, खजुरी गांव निवासी राजन राय, भाजपा नेता संजय सिंह राठौर, उमेश चतुर्वेदी, ब्लॉक अकाउंटेंट मदन मोहन पांडेय बैठकर किसी मसले पर बातचीत कर रहे थे। उसी समय अपने एक अपरिचित साथी के साथ भास्कर पाल ने पहलवान सिंह को निशाना बनाते हुए बम फेंक दिया। संयोग अच्छा रहा कि बम निशाने पर नहीं फटा। इसके बाद पिस्तौल से धड़ाधड़ फायर करते हुए भाग निकले। भास्कर पाल के साथ गए अपरिचित युवक को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ कर मार डाला था, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो पाया है। भास्कर पाल भागने में सफल रहा। इस घटना के बाद क्षेत्र में भास्कर पाल के नाम की दहशत फैल गई, लेकिन 2007 में गंदी राजनीति के कारण भास्कर पाल की हत्या कर दी गई।

### पुलिस ऐसे करती है निगरानी

बीट सिपाही और हल्का दरोगा को महीने में कम से कम चार बार हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करनी होती है। हिस्ट्रीशीटर कहां है, अपराध में सक्रिय है अथवा नहीं, उसके यहां किस तरह के लोगों का आना-जाना है। इसकी सूचना थाने की जीडी में अंकित की जाती है। साथ ही, थाने के फलाई रजिस्टर में भी इसका अंकन होता है। इतनी व्यवस्था के बावजूद लंबे समय से मृत हो चुके हिस्ट्रीशीटरों के बारे में सही जानकारी का न होना, इस बात को स्पष्ट करता है कि हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी पुलिस कागजों में करती है।

*हिस्ट्रीशीटर की मृत्यु प्रमाणित होने पर थानों पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी व हल्का इंचार्ज के जरिए अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर की जांच की जाती है। जांच में यदि पाया जाता है कि हिस्ट्रीशीटर की मृत्यु हो चुकी है तो सबसे पहले उसके परिजनों से इसकी पुष्टि की जाती है। इसके साथ ही ग्राम प्रधान व अन्य लोगों से भी जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई पूर्ण की जाती है। हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी पुलिस समय-समय पर करती रहती है। हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन में 94 हिस्ट्रीशीटर मृतक पाए गए हैं। उनका खाका नष्ट करा दिया गया है।*

*- सत्यजीत गुप्ता, एसपी*

### दो करोड़ की फिरौती के लिए भट्ठा व्यवसायी के बेटे की कर दी थी हत्या :

मेंहदावल क्षेत्र के फरदहा निवासी ईंट भट्ठा व्यवसायी बहाउद्दीन का छोटा पुत्र इरशाद टड़वरिया चौराहे के पास मोटर पार्ट्स की दुकान चलाता था।

वर्ष 2010 में वह दुकान से निकला और लापता हो गया। बाद में उसके पिता के मोबाइल फोन पर दो करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की जाने लगी। इस मामले तत्कालीन एसओ मौके चौबे के साथ एसओजी टीम के प्रभारी पंकज शाही लगाए गए थे।

इस मामले में आरोपियों को पुलिस ने नेपाल से गिरफ्तार किया था। पर्दाफाश में पता चला कि अपराधियों ने मित्रता में उसके साथ विश्वास घात किया। उसकी हत्या के बाद शव के टुकड़े- टुकड़े कर राप्ती नदी में फेंक दिया था। पिता से फिरौती की मांग भी करते रहे।

इस घटना में शामिल मेंहदावल क्षेत्र के ही मंझरिया गांव निवासी आरोपी राणा रिपुंजय सिंह भी शामिल था। वर्तमान में मामला हाईकोर्ट में लंबित है। आरोपी जमानत पर बाहर है।

आरोपी के ऊपर पुलिस के अभिलेखों के मुताबिक करीब 15 अभियोग पंजीकृत हैं। इसी वर्ष पुलिस ने आरोपी राणा रिपुंजय सिंह की हिस्ट्रीशीट भी खोली है और गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई की है।

# कच्ची शराब के साथ युवक को दबोचा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने सोमवार को धनघटा से दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया।

एसओ ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान बलवा निवासी धनघटा थाना धनघटा के रूप में हुई। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# 49 वाहनों का चालान किया गया

संतकबीरनगर। एसपी के निर्देश में सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने वाहनों की जांच की। यातायात प्रभारी परमहंस ने बताया कि जांच में मोटर वाहन अधिनियम के तहत 49 वाहनों का चालान किया गया। इन वाहनों से कुल 36,500 रुपये का सम्मन शुल्क वसूला गया। संवाद

# अराजकतत्वों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

संतकबीरनगर। पुलिस चौकी मगहर में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें लोगों से सुझाव मांगा गया और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाए जाने की अपील की गई।

कोतवाल रविंद्र सिंह ने कहा कि त्योहार चाहे किसी धर्म का हो, सभी को मिलकर मनाना चाहिए। यह कबीर की धरती है, यहां से पूरे विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि किसी तरह की सूचना हो तो समय से पुलिस को दें।

कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन त्रिनेत्र व ऑपरेशन सवेरा के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। संवाद

# तीन सगे भाइयों के खिलाफ केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के भिटहां में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को तीन सगे भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया। पीड़ित बाबूराम गुप्ता पुत्र राजदेव का आरोप है कि शुक्रवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर गांव के विशाल, जय हिंद व प्रताप उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर लोगों ने उसे मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। एसओ भगवान सिंह ने बताया कि आरोपी तीनों सगे भाइयों पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-09-2023

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास, लगाया जुर्माना

**कार्रवाई**

- कोर्ट ने आरोपी को 1.20 लाख का जुर्माना ठोका
- 1999 में देहात कोतवाली में हुई थी हत्या की घटना

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. दीनानाथ ने हत्यारोपी को उम्रकैद और 1.20 अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभिनव चतुर्वेदी के अनुसार थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम निंदूरा निवासी गुलशाद अहमद खां पुत्र तौफीक हसन खां ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 अगस्त 1999 को वादी अपने मामा फखरूर्रहमान पुत्र आरिफ खान निवासी निंदूरा के साथ गोंडा से मोटरसाइकिल से घर आ रहे थे।

गोंडा-लखनऊ मार्ग पर स्थित माधवपुर राय के पास शाम सात बजे तीन अज्ञात लोग मोटरसाइकिल से पीछे बैठे मामा को मोटरसाइकिल रोकने के लिए आवाज देने लगे। उनके कहने पर उसने मोटरसाइकिल रोक दी। गाड़ी पर ही तीनों लोग गाली गलौज करने लगे और नीचे उतारकर हाथापाई करने लगे। इतने में एक बदमाश ने फायर कर दिया जो उसके मामा के सिर में लगी। उन्हें गंभीर रूप से घायलावस्था में जिला अस्पताल ले गया जहां पर उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की। इसके बाद जिला बस्ती के थाना पैकोली अंतर्गत ग्राम छपिया निवासी राकेश उर्फ बब्बू तिवारी पुत्र जग प्रसाद तिवारी के विरुद्ध आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया।

## भ्रूणहत्यारोपी सगे भाइयों को पांच वर्ष की सजा

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने भ्रूण हत्यारोपी सगे भाइयों को पांच वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार पाठक के अनुसार थाना नवाबगंज अंतर्गत नकहरा धवरिया निवासी सुभाष यादव व पवन यादव पुत्र किशुन यादव के विरुद्ध वादिनी सुमन ने इस आशय की तहरीर दी कि चौदह नवंबर 2019 को कूड़ा करकट फेंकने की बात को लेकर आरोपियों ने मारा-पीटा जिससे उसके पेट छह माह का पल रहे बच्चे का गर्भपात हो गया।

# दम्पति से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंधवा के मजरा ठकुराइन पुरवा निवासी सहबान पुत्र घिर्राऊ ने बताया कि उसकी पत्नी जाहिदा बेगम कपड़ा ने धुलकर धूप में सूखने के लिए फैलाया था। आरोप था कि पड़ोस के नौशाद पुत्र नजीर व समसाद पुत्र नजीर ने कपड़े का पानी उसकी जमीन पर गिरने को लेकर पीड़ित के सहन दरवाजे पर जाकर पति-पत्नी को मुक्का-थप्पड़ से मारापीटा है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# कूट रचना के सहारे करा लिया बैनामा

तरबगंज। स्थानीय तहसील क्षेत्र की दो अनाथ बहनें भूमि जालसाजी की शिकार हुई हैं। उन्होंने डीएम से मिल कर कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता आरती व खुशबू निवासी ग्राम पूरेखाल परमापुर तरबगंज तहसील ने डीएम नेहा शर्मा से शिकायत कर जालसाजों द्वारा कूटरचित व फर्जी दस्तावेज के सहारे माता की भूमि अपने नाम बैनामा और दाखिल खारिज करवा लेने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने कहा है कि 2018 में उनकी माता की मृत्यु हो चुकी है। दोनों बहनें नाना के घर रहती हैं। पिता भी कोई वास्ता नहीं रखते हैं। पीड़िता के नाना बदलू पुत्र पण्डोही ने अपनी इकलौती पुत्री मायावती उर्फ बिटाना के नाम पूरे खाल व परमापुर में स्थित कृषि भूमि का फरवरी 2021 में बैनामा कर दिया। पीड़िता की माता की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण दाखिल खारिज नहीं करा सकी।

# नाबालिग को खेत में उठा ले गए और छेड़खानी की, केस

उमरी बेगमगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव के दंपति ने युवक व उसके तीन साथियों पर घर से नाबालिग बेटी को जबरल उठा ले जाने तथा एक खेत में ले जाकर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित दंपति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोप की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने उच्च अधिकारियों को सूचित किया। क्षेत्राधिकारी संजय तलवार के नेतृत्व में पुलिस ने गांव में कैंप कर घटना की वास्तविकता जानने का प्रयास किया गया।

घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में हीलाहवाली कर ही रही थी लेकिन वादी की तरफ से कुछ लोगों ने थाने के गेट के सामने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गुमशुदा बालिका को पुलिस ने बरामद किया

झंझरी। पथरी बाजार चौकी क्षेत्र में छह वर्षीय बच्ची के अचानक लापता होने की सूचना मिली। देहात कोतवाली क्षेत्र के विशुनदत्त दूबे निवासी मेड़ईपुरवा मौजा रामनगर तरहर की सूचना पर चौकी प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने टीम के साथ बच्ची की तलाश शुरू कर दी। तकरीबन चार घंटे बाद गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप गया।

# शहर के मुख्य मार्गों से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे

गोंडा, संवाददाता। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शहर की सड़कों को जाम और अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया है। इसके तहत एक ओर जहां, सड़कों के किनारे के अतिक्रमण को हटाने का काम किया जाएगा। वहीं, वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी।

जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को अपने पर्यवेक्षण में नगर सीमा में अतिक्रमण चिन्हित कराते हुए सम्बन्धित व्यक्तियों को इसे खुद ही हटाने के लिए लिखित रूप से सूचित करने के निर्देश दिए हैं। स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण विद्यमान रहने पर नगर पालिका के संसाधनों से इसको हटवाया जाएगा। इसमें नगर मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग भी विभागीय संसाधन उपलब्ध कराते हुए सहयोग करेगा। रोड की पटरियों पर ही नहीं बल्कि राजकीय चिकित्सालयों एवं विद्यालयों की बाउन्ड्रीवाल पर भी अवैध कब्जे की स्थितियां देखी जा रही हैं। डीएम ने नगर क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी नगर को दी गई है।

## छापेमारी में 100 किलो लहन नष्ट किया, केस

गोंडा। डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर आबकारी विभाग ने रानीपुरवा थाना कोतवाली नगर, भोरहा, नायनजोत, दानेपुर हथनी थाना छपिया, रमईपुरवा, थाना नवाबगंज, छिटनापुर थाना कटरा में छापेमारी की। इस दौरान लगभग 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। शराब बनाने के उपकरण तथा मौके पर 100 किलो लहन नष्ट किया गया।

# विवाहित युवक ने छात्रा से की कोर्ट मैरिज, केस

**छपिया।** विवाहित होने के बाद भी अविवाहित होने की बात कहकर छात्रा से शादी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की एक छात्रा ने तहरीर दी है कि वह जिला मुख्यालय स्थित एक महाविद्यालय में परास्नातक की छात्रा थी। वह गोंडा के एक कालोनी में किराये पर मकान लेकर रहती थी।



सोमवार को एलबीएस चौराहे पर फंसा डीएम का काफिला।

# जाम में फसी डीएम की गाड़ी, हांफे पुलिसकर्मी

**गोण्डा।** शहर में जाम की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को शहर के ज्यादातर मुख्य मार्ग पर जाम लगा रहा। एलबीएस चौराहे से गुजर रही डीएम की गाड़ी भी जाम में फंस गई। डीएम की गाड़ी फंसी देख चौराहे पर होमगार्ड व यातायात पुलिस के साथ डीएम की सुरक्षा में चल रहे पुलिसवालों ने जाम हटवाकर किसी तरह गाड़ी को निकलवाया गया। मुख्य रोड पर सुबह सुबह 10 बजे से लगा जाम दोपहर तक नहीं खुल सका।

# मवेशियों के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**मनकापुर।** पशु अधिनियम के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। एसआई अरविंद कुमार चौकी प्रभारी मछली गांव ने बताया कि काफी दिनों से वांछित चल रहे आरोपी सद्दाम निवासी जिगनी थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर व अख्तर अली निवासी ग्राम खतरा थाना सादुल्लानगर जिला बलरामपुर को मछली बाजार से सादुल्लानगर जाने वाले मार्ग पर स्थित अमघटी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# दुष्कर्म में दो दबोचे गए

**रुपईडीह/मनकापुर।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के वांछित आरोपी को कौड़िया पुलिस ने सोमवार को रामपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उधर, मनकापुर पुलिस ने भी नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को धर दबोचा है।

कौड़िया के थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया था। इसकी शिकायत लड़की के पिता ने की थी। जिस पर आरोपी मंगरे उर्फ अली हसन पुत्र चवन्नी साहबान अली के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। उसे चौकी प्रभारी आर्यनगर दिलीप कुमार सिंह मय हमराही के साथ रामापुर पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। कोतवाली मनकापुर के उपनिरीक्षक शशांक मौर्या ने बताया क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को 9 अगस्त को एक युवक ने बहला फुसला कर अगवा कर लिया था।

# धोखे में रखकर युवक ने छात्रा से किया विवाह, मुकदमा दर्ज

संसू, मसकनवा (गोंडा) : छपिया थाना के एक गांव की रहने वाली युवती ने दी गई तहरीर में युवती ने कहा कि वह गोंडा मुख्यालय स्थित एक महाविद्यालय में परास्नातक की छात्रा थी। वह सिविल लाइंस के एक कालोनी में किराये के मकान में रहती थी। वहां मोतीगंज थाना के एक गांव के रहने वाले युवक से उसकी दोस्ती हो गई। आरोप है कि युवक उसे प्रेमजाल में फंसाकर न्यायालय में विवाह कर लिया। युवक ने बताया था कि वह शादीशुदा नहीं है। विवाह के बाद वह दोनों दूसरे मुहल्ले में किराये के मकान में रहने लगे। युवती का कहना है कि कुछ दिन बाद युवक उसे प्रताड़ित करने लगा। मायके से तीन लाख रुपये व पल्सर मोटर साइकिल की मांग करने लगा। पता चला कि युवक की शादी हो चुकी है और उसके दो बच्चे भी हैं। शिकायत की तो युवक ने उसे मारापीटा। युवती का कहना है कि वह जान बचाकर मायके भाग गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा लिख कर कार्रवाई की जा रही है।

# दो दोषी सगे भाइयों को पांच वर्ष का कारावास

संसू, गोंडा : भ्रूण हत्या में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने ग्राम नकहरा धवरिया थाना नवाबगंज निवासी सुभाष यादव व पवन कुमार यादव को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 13-13 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक के मुताबिक 14 नवंबर 2019 को गांव में कूड़ा फेंकने के विवाद में दोषियों ने गर्भवती से मारपीट की थी। इसमें उसका गर्भपात हो गया था।

# सिपाही से लूट और हत्या में आजीवन कारावास

संसू, गोंडा : मोटरसाइकिल लूटने के नीयत से हुई सिपाही की हत्या में न्यायालय ने 25 साल बाद फैसला सुनाया है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डा. दीनानाथ ने ग्राम छपिया थाना पैकोलिया जिला बस्ती निवासी राकेश उर्फ बबलू तिवारी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने अर्थदंड की पच्चीस फीसद राशि मृतक सिपाही की पत्नी व पचास फीसद धनराशि बच्चों को प्रतिकर के रूप में दिए जाने का आदेश दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि ग्राम निंदूरा थाना कटरा बाजार निवासी फखरू रहमान पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर बलरामपुर जिले में तैनात थे। छुट्टी पर आकर वह 23 सितंबर 1999 को वह अपने भांजे के साथ एक मोटरसाइकिल लेने जिला मुख्यालय आए। घर वापस लौटते समय शाम करीब साढ़े छह बजे लखनऊ रोड स्थित माधवपुर राय के सामने उन्हें मोटरसाइकिल सवार तीन लुटेरों ने घेर कर रोक लिया था। मोटरसाइकिल छीनने की कोशिश में दोषियों ने फखरु रहमान के सिर में गोली दी थी। शोर गुल सुन दौड़े आसपास के लोगों को आता देख दोषी वहां से भाग निकले थे। घायल सिपाही को जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित किया था।

# पानी के विवाद में दंपती को पीटा

वजीरगंज (गोंडा)। वजीरगंज के बंधवा ठकुराईन निवासी सहबान ने थाने पर तहरीर दी है। कहा कि शनिवार शाम जमीन पर कपड़े धोने से पानी गिर गया था। इसी को लेकर नौशाद व शमशाद ने मिलकर उसे व पत्नी जाहिदा बेगम की पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रूपईडीह (गोंडा)। कौड़िया थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि के विरवा गांव के मंगरे उर्फ अली हसन के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म का का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। (संवाद)

# दो पक्षों में मारपीट

वजीरगंज : बंधवा ठकुराईन पुरवा के रहने वाले रूहबान ने कहा कि गत शनिवार की देर शाम कपड़ा धोने का पानी गिर जाने के विवाद को लेकर उसके घर के दरवाजे पर आकर विपक्षी नवशाद व शमसाद ने उसे व उसकी पत्नी से अभद्रता कर पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# स्कूल जाने के डर से बेटी छिपी, पिता बोले–हुआ अपहरण

संसू, गोंडा : कोतवाली देहात के मेड़ईपुरवा रामनगर तरहर के विशुन दत्त दुबे ने चौकी पथरी बाजार पर सूचना दी कि उसकी छह वर्षीय बेटी का अपहरण कर लिया गया है। पुलिस हरकत में आई और चार के घंटे के अंदर बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। देहात कोतवाल ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि बालिका स्कूल नहीं जाना चाहती थी, इससे वह छिप गई थी। उसके घर वालों की सूचना पर पथरी बाजार चौकी पुलिस ने चार घंटे के अंदर उसे तलाश कर लिया। वहीं मनकापुर पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित राम समुझ उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया है।

**गैंगस्टर आरोपित गिरफ्तार :** पुलिस ने न्यायालय से वांछित गैंगस्टर आरोपित मध्यनगर के रहने वाले राजेंद्र कुमार गौतम को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित धानेपुर में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में न्यायालय से वांछित था।

# गैर इरादतन हत्या में दो भाइयों को सजा

गोंडा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक ने बताया कि नवाबगंज क्षेत्र की सुमन ने थाने में तहरीर देकर कहा कि।14 नवंबर 2019 को तीन बजे खाद व कूड़ा करकट फेंकने को लेकर उसके गांव के किशुन यादव के पुत्र सुभाष व पवन ने अपशब्द कहते हुए लात, मूका व थप्पड़ से पीटा। चोट के कारण उसके पेट में पल रहे शिशु की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश कुमार ने दोषी सुभाष यादव व पवन कुमार यादव को पांच-पांच साल कारावास व 13-13 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। संवाद

# शराब व्यवसायी से अभद्रता कर थाना-चौकी पर उपद्रव, मुकदमा

**व्यवसायी को दी जान से मारने की धमकी, पुलिस बोली आरोपित पर पूर्व में भी जिला बदर की हो चुकी है कार्रवाई**

संसू, बभनजोत (गोंडा) : खोड़ारे थाना के कूकनगर ग्रंट के रहने वाले शराब व्यवसायी राजमणि त्रिपाठी के कार्यालय पहुंच कर आरोपितों ने अभद्रता की, इससे बचने व आरोपितों की शिकायत लेकर शराब व्यवसायी चौकी व थाना गया तो वहां भी आरोपित भीड़ के साथ पहुंच गए। चौकी व थाना के बाहर उपद्रव किया। इस मामले में राजमणि की तहरीर पर रंजीत वर्मा समेत 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ उपद्रव करने, अभद्रता कर जान से मारने की धमकी का मुकदमा लिखा गया है। पुलिस का कहना कि आरोपित रंजीत पर पूर्व में जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है।

शराब व्यवसायी राजमणि त्रिपाठी का कहना है कि उसका एक घर मसकनवा मार्ग स्थित गौरा चौकी में भी है। उसी घर में उसका कार्यालय भी संचालित है। दो दिन पूर्व उसकी शराब की दुकान पर तैनात सेल्समैन कटरा के रहने वाले शुभम उर्फ शिवम का घपला सामने आया था। 16 हजार रुपये की अनियमितता पकड़ी गई थी। इसमें से उसने 14 हजार रुपये दे दिए थे। चार हजार रुपये के विवाद को लेकर उसका साथी छपिया थाना के ढोढ़ऊपुर का रहने वाला रंजीत वर्मा अपने साथियों के साथ उसके कार्यालय पहुंचा। वहां अभद्रता की। वह इसकी शिकायत लेकर गौरा चौकी गया तो पीछे से आरोपित भी पहुंच गए। वहां चौकी के बाहर उपद्रव कर उसे मारने का प्रयास किया। इसके बाद थानाध्यक्ष की मौजूदगी में वह थाना गया। थाने के बाहर भी आरोपितों ने उपद्रव किया। पुलिस ने उन्हें शांत कराया। चौकी प्रभारी गौराचौकी दिनेश कुमार राय ने कहा कि उपद्रव कर धमकी देने वाले आरोपित रंजीत व 10-15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हटेंगे अतिक्रमण, बनेंगी पार्किंग, जाम से मिलेगी निजात

संवाद न्यूज एजेंसी

## डीएम ने सप्ताहभर में पार्किंग के लिए स्थल चिह्नित करने के दिए निर्देश

## अतिक्रमण हटाने को दी जाएगी नोटिस, नहीं हटाया तो ढहा देगा प्रशासन

गोंडा। गोंडा की कलेक्टर ने अभियानों की फेहरिस्त में एक और मुद्दा जोड़ लिया है। जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गों से अवैध कब्जेदारी हटवाकर शहर को जाम से मुक्ति दिलाई जाएगी। साथ ही आम जनता को सार्वजनिक परिवहन के दौरान होने वाली असुविधाएं दूर करने के लिहाज से नए स्थान पर पार्किंग की सुविधा दी जाएगी।



आंबेडकर चौराहे के पास पार्किंग न होने से सड़क पर खड़े वाहन। संवाद

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का फैसला किया है। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को अपने पर्यवेक्षण में नगर सीमा में अतिक्रमण चिह्नित कराते हुए संबंधित व्यक्तियों को इसे खुद ही हटाने के लिए लिखित रूप से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण विद्यमान रहने पर नगर पालिका परिषद के संसाधनों से इसे हटवाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें नगर मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा भी विभागीय संसाधनों की उपलब्धता कराते हुए अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा।

■ ***ईओ, सीओ और सिटी मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी :*** डीएम ने नगर क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग हेतु उपयुक्त स्थान चिह्नित करने की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी नगर को दी है। उन्होंने एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से पार्किंग स्थल चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने साफ किया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नगर मजिस्ट्रेट के साथ क्षेत्राधिकारी नगर पर्याप्त पुलिस बल के साथ उपस्थित होकर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### कई बार जाम की मिल चुकी शिकायतें

> नगरीय क्षेत्र में 20 बड़े व्यावसायिक कॉम्पलेक्स और निजी अस्पतालों के पास अपनी पार्किंग नहीं है। वहां आने वाले लोग सड़क पर ही वाहन खड़े करते हैं। कई बार जाम की शिकायतें मिल चुकी हैं। किसी भी स्तर पर जाकर आम जनता की सुलभता का मार्ग प्रशस्त करना जिला प्रशासन की मुख्य थीम है।
>
> – नेहा शर्मा, जिला मजिस्ट्रेट

# सिपाही के हत्यारे को आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

## 24 साल पहले लूट के प्रयास के दौरान सिर पर गोली मारकर की गई थी हत्या

## बलरामपुर के पचपेड़वा थाने में तैनात थे फखरुर्रहमान, गोंडा में हुई थी वारदात

गोंडा। देहात कोतवाली क्षेत्र में 24 साल पहले सरेशाम सिपाही की हत्या और लूट के प्रयास के मामले में सोमवार को अदालत ने सजा सुनाई। दोषी को आजीवन कारावास और एक लाख 20 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि कटरा बाजार के निंदूरा निवासी गुलशाद अहमद खां ने 23 अगस्त 1999 को देहात कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा कि वह बलरामपुर के पचपेड़वा थाने में सिपाही पद पर तैनात अपने मामू फखरुर्रहमान के साथ बाइक खरीदकर घर जा रहे थे।



फखरुर्रहमान
फाइल फोटो

शाम छह बजे जब वह लखनऊ रोड पर ग्राम माधवपुर राय के सामने पहुंचे तो पीछे से बाइक सवार तीन बदमाशों ने आवाज देकर रोक लिया। दो बदमाश बाइक से उतरकर आए और तीसरा बाइक स्टार्ट किए रहा। दोनों बदमाशों ने फखरुर्रहमान को गाड़ी से उतार लिया और एक हाथापाई करने लगा। इसी बीच दूसरे ने फखरुर्रहमान पर पिस्टल से फायर कर दिया लेकिन उन्हें गोली नहीं लगी। इसके बाद उसने फखरुर्रहमान के सिर पर गोली मार दी। जब वह घायल होकर गिर गए तो तीनों बदमाश बाइक से भाग गए। इलाज के दौरान फखरुर्रहमान की मौत हो गई।

पुलिस ने विवेचना कर बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के छपिया निवासी राकेश उर्फ बब्बू तिवारी व दो अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। मुकदमे के दौरान अनुपस्थिति के कारण दो अन्य अभियुक्त शैलेंद्र सिंह उर्फ बबलू व रविकांत उर्फ राधे की पत्रावली अलग कर दी गई। ट्रायल के दौरान अदालत ने राकेश को दोषसिद्ध करार दिया।

सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-द्वितीय डॉ. दीनानाथ-तृतीय ने राकेश उर्फ बब्बू को सश्रम आजीवन कारावास और 1.20 लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माने की 25 फीसदी रकम मृतक फखरुर्रहमान की पत्नी व 50 फीसदी रकम उनके बच्चों को दी जाएगी।

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-09-2023

# पुरानी पेंशन सहित 18 मुद्दों पर शिक्षकों का प्रदर्शन

**ज्ञापन**

बलरामपुर, संवाददाता। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला इकाई ने एक दिवसीय बीएसए कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

प्रदर्शन संघ जिलाध्यक्ष ज्ञान सागर पाठक की अगुवाई में आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली शिक्षक कर्मचारियों व अधिकारियों का हक है, जो सरकार को देना ही होगा। उन्होंने शिक्षक से जुड़े 18 अन्य मुद्दों पर सरकार का घेराव करते हुए तत्काल पूरा करने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय एवं ब्लॉक अध्यक्ष गैड़ास बुजुर्ग वैभव शुक्ल ने कहा कि यदि शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान नहीं हुआ तो शिक्षक कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष देवता प्रसाद तिवारी एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने शिक्षकों को एकजुट होकर पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई आर पार लड़ने के लिए आह्वान किया। दिए गए ज्ञापन में मुख्य रूप से बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण आधीन विद्यालयों में एक अप्रैल 2005 एवं उसके पश्चात नियुक्त अध्यापकों को पुरानी पेंशन देने, राज्य कर्मचारियों की भांति परिषदीय अध्यापकों को उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार व अवका प्रतिकर अवकाश दिए जाने, शिक्षकं को राज्य कर्मचारियों की भांति कैशले चिकित्सा सुविधा दिए जाने सहित क मांग शामिल है। इस अवसर प इंजीनियर संगठन जिलाध्यक्ष बीए उपाध्याय, देवता प्रसाद तिवारी, मनी पांडेय, बृजेश श्रीवास्तव, सत्य प्रका पाठक, विकास, पंकज सिंह, विपि पांडेय, वैभव शुक्ल, नीरज सिंह, बु सागर, कमरुद्दीन अंसारी, अशो कुमार मिश्रा, राकेश मिश्र, राजकुमा सहित तमाम पदाधिकारियों ने धर प्रदर्शन को संबोधित किया।



बीएसए कैंपस में धरना प्रदर्शन करते प्राथमिक शिक्षक संघ एवं मौजूद शिक्षक।

- शिक्षकों ने समस्याओं के समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी
- राज्य कर्मियों की तरह उपार्जित अवकाश देने की मांग उठाई

# महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर : पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर सभी थानों की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान चलाया। यहां बेटियों व महिलाओं को मिशन शक्ति के साथ हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। (संसू)

# महिलाओं व छात्राओं की दी सेल्फ डिफेंस की जानकारी

## मिशन शक्ति

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन मे थाना क्षेत्रों में मिशन जागरूकता अभियान चलाया गया। नारी सुरक्षा दल ने महिलाओं व छात्रों को सेल्फ डिफेंस की जानकारी दी।

ललिया क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह ने बताया कि एसपी केशव कुमार के निर्देश पर एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने प्रमुख चौराहो, गांवों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में महिलओं को जानकारी दी। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चिकित्सीय सहायता 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व साइबर अपराधों जैसे- ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें जागरूकता सम्बन्धी प्रचार सामग्री विरित किया गया।

# 11 ई-टिकटों के साथ आरोपित गिरफ्तार

बलरामपुर : रेलवे के 11 ई-टिकटों के साथ आरोपित दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जरवा रोड तुलसीपुर स्थित एक दुकान से रेल आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त दुकान संचालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# जिवडिहवा चौराहे से ट्रक चोरी, दी तहरीर

जरवा : सेमरी गांव निवासी चालक मजहर खान ने ट्रक चोरी होने की तहरीर कोतवाली में दी है। बताया कि रविवार की रात जिवडिहवा चौराहा के पास ट्रक खड़ा किया था। सुबह आकर देखा, तो वहां से ट्रक गायब था। ट्रक स्वामी हरेंद्र दुबे ने बताया कि हरैया चौराहा तुलसीपुर पुलिस ने जीपीएस लोकेशन में ट्रक गौरा चौराहा मार्ग पर 25 किलोमीटर दूर होने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने बताया कि छानबीन की जा रही है। (संसू)

# दीपू के साथ अन्य साथियों की तलाश में पुलिस

बलरामपुर। फुलवरिया बाईपास के शिवेंद्र तिवारी की मौत का राज अब संदिग्ध दीपू की गिरफ्तारी से खुलेगा। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी दीपू के साथ ही शिवेंद्र के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है ताकि वारदात का खुलासा जल्दी किया जा सके।

शिवेंद्र का शव रविवार को उतरौला रोड़ पर मझौवा पुल के पास गड्ढे में गिरी उसकी सफारी गाड़ी में मिला था। इस मामले में पुलिस की जांच का दायरा शिवेंद्र के साथी दीपू सिंह के इर्द- गिर्द ही घूम रहा है। हत्या या आत्महत्या की स्थिति को साफ करने के लिए पुलिस पूरे मामले में तथ्यों को जुटाने में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट हल्की चोट के साथ ही डूबने से शिवेंद्र की मौत की बात सामने आई है।

शिवेंद्र का शव नाले में गिरी सफारी गाड़ी में मिलने के बाद से कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। विभाग के आला अफसरों की निगाहें भी पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी पहलूओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है। जल्दी शिवेंद्र की मौत की गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा। संवाद

# सीसी कैमरे लगवाने के निर्देश

बलरामपुर : आपरेशन त्रिनेत्र के तहत गलियों, प्रतिष्ठनों व चौराहों के पास सीसी कैमरे लगवाने के निर्देश सभी कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सीसी कैमरों में घटनाओं की तस्वीरें कैद हो जाएंगी। इससे आपराधिक मामलों का राजफाश करने में मदद मिलेगी। (संसू)

# पुलिस उपाधीक्षक पद पर हुई प्रोन्नति

बलरामपुर। पदोन्नति बोर्ड लखनऊ ने निरीक्षक सरफराज अहमद को निरीक्षक पद से पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नति किया है। एसपी केशव कुमार ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के उपस्थित में रैंक प्रतीक स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी गई है।

# ...कोई बुनियाद हिलाता है चला जाता है

संवादसूत्र, उतरौला(बलरामपुर) : कोतवाली के सामने एक शाम अब्दुल करीम के नाम शायरी महफिल का आयोजन किया गया।इसमें देश के मशहूर शायरों ने शिरकत किया। मुशायरे की सदारत डा. तारिक व निज़ामत शायर अकमल बलरामपुरी ने किया। अफजल इलाहाबादी ने अपने कलाम मेरी तामीर मुकम्मल नहीं होने देता, कोई बुनियाद हिलाता है चला जाता है, से लोगों की वाहवाही लूटी। शायर आलम निजामी ने कहा फिर आफताब कहां अपनी रोशनी बांटे, नए चिरागों में हुस्न तलब नहीं होता। असद बस्तवी ने पढ़ा जानते हैं की साजिश होनी है, मगर दोस्तों की नवाजिश है क्या कीजिए। अख्तर इलाहाबादी ने पढ़ा किसी की शख्सियत पर उंगलियां कैसे उठाऊं मैं, मुझे तो अपने अंदर ही कमी महसूस होती है। शुजा उतरौलवी ने कहा पत्थर के मकानों के मकीं भी हुए पत्थर, इससे तो गरीबी में बहुत अच्छे थे हम लोग। आमिर आमरी ने पढ़ा अभी तो पी भी नहीं है, अभी से क्यों मेरे कदम पर कदम लड़खड़ाए जाते हैं।

# तालाब में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

**पिपरहवा चौराहा (बलरामपुर)।** क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के पास तालाब में नहाते समय डूबने से बालक की मौत हो गई। कल्याणपुर निवासी साजिद ने बताया कि उनका बेटा शाकिर (8) रविवार शाम गांव के पास तालाब के पास खेलने गया था। गांव के कुछ बच्चे तालाब में नहा रहे थे। बच्चों को देखकर शाकिर भी नहाने चला गया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो बच्चों ने शोर मचाया। आस-पास मौजूद ग्रामीण साकिर को जब तक बाहर निकलते उसकी मौत हो चुकी थी। शव का पंचनामा कराकर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। (संवाद)

# क्राइम प्रभारी सरफराज बने सीओ



**बलरामपुर।** क्राइम प्रभारी सरफराज अहमद को सीओ पद पर पदोन्नति मिली है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी केशव कुमार व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने सरफराज अहमद को सिल्वर स्टार लगाकर पदोन्नति होने की बधाई दी। सरफराज अहमद 1996 बैच के पुलिस अधिकारी हैं। जिले में उनकी तैनाती एक वर्ष पूर्व हुई है। (संवाद)

# वकीलों ने प्रदर्शन कर सीएम को भेजा ज्ञापन

## न्यायालयों में नहीं हुआ काम, आज फूंकेंगे डीजीपी का पुतला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** हापुड़ की घटना से आक्रोशित पर अधिवक्ताओं ने सोमवार को भी जुलूस निकालकर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की समाप्ति पर अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा। दो घंटे तक अधिवक्ता न्यायालय परिसर में प्रदर्शन करने के बाद जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे।

डीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर धरना दे रहे अधिवक्ताओं की छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम अरविंद सिंह ने खुद धरना स्थल पर आकर प्राप्त किया। जिला बार संघ के महामंत्री अजय बहादुर सिंह व कलेक्ट्रेट बार संघ के महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया कि बार काउंसिल के आह्वान पर पांच सितंबर को न्यायालय परिसर में प्रदेश के डीजीपी व मुख्य सचिव का पुतला फूंका जाएगा। जिला युवा बार संघ अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय व महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि बार संघ के निर्देशों का पालन करते हुए अधिवक्ता छह सितंबर तक न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए आंदोलन करेंगे। धरना प्रदर्शन में सत्यदेव तिवारी, शशांक त्रिपाठी, राजकुमार, अंशू श्रीवास्तव, केजी श्रीवास्तव, दुर्गेंद्र पाठक, अनिल शुक्ल, अलीमुल हक व कमल नयन मौर्य सहित बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे।

उतरौला बार संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा की अगुवाई में भी अधिवक्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए पांच सूत्रीय मांगपत्र उप जिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार को सौंपा। तुलसीपुर तहसील में भी बार संघ अध्यक्ष सुजीत प्रताप सिंह की अगुवाई में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया।

**भटकते रहे फरियादी, मिली सिर्फ तारीख :** अधिवक्ताओं की हड़ताल से सत्र न्यायालय में न्यायिक कार्य पूरी तरह बाधित रहा। तुलसीपुर से परिवाद के मामले में न्याय की उम्मीद लेकर आईं मोनीना खातून काफी देर तक इंतजार करती रहीं। वकीलों के न्यायिक कार्य से विरक्त होने की जानकारी के बाद उसे सुनवाई की अगली तारीख लेकर वापस लौटना पड़ा। इसके अलावा रामकुमार व मोहम्मद नफीस जमानत के मामले में आए थे, लेकिन मामले की सुनवाई न होने से उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।



कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

## नाराज शिक्षकों का बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले जुटे शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की समाप्ति पर शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों का सीएम को संबोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपा। जिलाध्यक्ष ज्ञानसागर पाठक की अगुवाई में जुटे शिक्षकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन जानबूझकर उनकी मांगों का निस्तारण न कर उन्हें उत्पीड़ित कर रहा है। सरकार की इस उपेक्षा को अब शिक्षक बर्दाश्त नहीं करेंगे। सीएम को संबोधित ज्ञापन में मुख्य तौर पर पुरानी पेंशन की बहाली के साथ ही राज्यकर्मियों की तरह सुविधाएं देने, परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई के लिए छह घंटे कामकाज पर भी सवाल उठाए गए हैं। धरना-प्रदर्शन में वेदप्रकाश पांडेय, काजिम अली अंसारी, शिवकुमार सोनी, अवधेश श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-05-09-2023

# बिना किसी भेदभाव के सभी लोग मनाएं त्योहार

कैसरगंज। त्योहारों के मद्देनजर कैसरगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें आगामी जन्माष्टमी, चेहल्लुम व गणेश चतुर्थी को शालीनता से संपन्न कराने पर चर्चा हुई। नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा ने सभी धर्मगुरुओं व कार्यक्रम के आयोजकों से कार्यक्रम के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि त्योहारों को आपसी सौहार्द से मनाना है।

# मारपीट का आरोपी दबोचा

**खैरीघाट।** थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट के तीन आरोपियों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मटेरा कला निवासी झब्बर, छोटकन्ने व रियाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

**चरदा/बाबागंज।** रूपईडीहा थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुराचार के बाद फरार अभियुक्त को पुलिस ने दबोच लिया। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बरवलिया निवासी इमरान अली को देवर चौराहे से गिरफ्तार किया गया। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-09-2023

# जबरन दीवार गिराने का आरोप

गिरंटबाजार। थाना हरदत्तनगर गिरंट के पुरैना निवासी लोक राज यादव ने थाने में तहरीर देकर विपक्षियों पर जबरन दीवार गिराने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले उसने दीवार उठाई थी जिस पर स्टे भी लगा है। लेकिन विपक्षियों ने जबरन दीवार गिरा दी। मना करने पर मारने के लिए सभी लोग दौड़ पड़े। इससे जान बचा कर भागना पड़ा। पीड़ित ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# नियम उल्लंघन पर 49 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस की ओर से नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस की ओर से अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों के मानक चेक किए गए। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 49 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। सभी वाहनों पर 85 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# महिला का क्षत विक्षत शव बरामद

गिलौला। गिलौला थाना क्षेत्र के गिलौला स्थित नहर कालोनी के पीछे बाउंड्रीवाल के पास एक शव पड़ा था। सोमवार सुबह कुछ लोग कालोनी की ओर गए थे जिन्हें सड़ा गला शव दिखाई दिया। शव किसी महिला का था। लोगों की ओर से सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और शिनाख्त कराने में जुट गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस के अनुसार शव तीन से चार महीने पुराना है। उम्र करीब 50 वर्ष के आस पास है।

# जनसुनवाई में मिले 23 प्रार्थना पत्र

श्रावस्ती। सोमवार को एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन का आयोजन कर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान गूगल मीट के माध्यम से सभी थाना प्रभारियों को भी जोड़ा गया। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर समय से निस्तारित करने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। इस दौरान 11 भूमि विवाद, पांच पारिवारिक विवाद व सात अन्य विवादों से संबंधित कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# 55 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई

श्रावस्ती। अवैध मद्य निष्कर्षण व अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह व अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त टीम की ओर से थाना क्षेत्र सिरसिया के रामपुर, पसियन पुरवा व बदलपुर में छापेमारी की गई। इस दौरान ग्राम बदलपुर के सभी मकानों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पहलवान पुत्र सुबेश के मकान के बाहर खड़ी बाइक की डिग्गी में रखी 28 पाउच और पीछे बैग में रखा 60 पाउच कुल 33 लीटर कच्ची शराब तथा एक घर के बक्से में छिपाकर रखी हुई 22 लीटर समेत कुल 55 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई।

# आरोपी को साढ़े तीन साल की सजा

श्रावस्ती। न्यायालय की ओर से पोक्सो एक्ट के आरोपी को साढ़े तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदंड से भी दंडित किया गया। इकौना थाना क्षेत्र के पटेल नगर निवासी साहिल पुत्र मो. अल्ताफ उर्फ बुग्गू के विरुद्ध तीन आगस्त 2021 को इकौना थाने में एससीएसटी एक्ट व पोक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस की ओर से 26 अगस्त 2021 को न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया था। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के दिए गए निर्देश के तहत पुलिस की ओर से प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय की ओर से आरोपी साहिल को तीन साल छह माह की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।

# तालाब में मिले दो वृद्धों के शव, पोस्टमार्टम को भेजे

## सनसनी

- पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गोताखोरों की मदद से तलाश करवाई
- कल्यानपुर व राधा नगर बेलकर गांव के रहने वाले थे दोनों वृद्ध

इकौना(श्रावस्ती) संवाददाता। दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो वृद्धों की लाश गांव के पास तालाब में मिली। पुलिस ने पंचनामा करके एक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि दूसरे के शव को परिजनों को सौंप दिया है।

थाना सोनवा क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी जुमई पुत्र करेठे उम्र 65 वर्ष गांव के पास ही तालाब में सुबह लापता हो गए थे। उनका गमछा, चप्पल व टेकने वाला डंडा तालाब के किनारे पड़ा मिला था। इसके कारण परिवार के लोगों ने तालाब में डूबने की आशंका जताई थी। सूचना पर सोनवा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में तलाश करवाई। तो करीब पांच घंटे के बाद जुमई का शव तालाब में बरामद हुआ। पुलिस ने पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इसी तरह से इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम राधा नगर बेलकर निवासी बद्री प्रसाद पांडेय (62) पुत्र राम तीरथ पांडेय रविवार सुबह सोकर उठे और बिना कुछ बताए घर से चले गए। देर शाम तक जब वह वापस घर नहीं लौटे तो परिजन तलाश करने लगे। रात में कोई सुराग नहीं लगा। इस दौरान कुछ लोगों ने बताया कि वह गांव के बाहर तालाब के पास उन्हें देखा गया है। सोमवार सुबह प्रधान प्रतिनिधि अरविन्द शुक्ला महात्मा परिजनों व ग्रामीणों के साथ तालाब पर पहुंचे और डूबने की आशंका में तालाब में बद्री प्रसाद की तलाश शुरू की गई। सूचना पर इकौना प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। काफी खोज बीन के बाद बद्री प्रसाद का शव तालाब से बरामद किया गया। लोगों के कहने पर पुलिस की ओर से पंचनामा कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों की ओर से अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जाता है कि बद्री प्रसाद कई बीमारियों से ग्रसित थे और वह परेशान रहते थे।

# महिला का कंकाल बरामद

गिलौला : एसपी प्राची सिंह ने बताया कि गिलौला कस्बे के दक्षिण स्थित नहर कालोनी के बाउंड्री के पीछे तालाब के किनारे अज्ञात महिला का कंकाल बरामद हुआ है। देखने से कंकाल तीन से चार माह पुराना प्रतीत हो रहा है। शिनाख्त के लिए कंकाल को संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित मर्च्युरी में रखा गया है। (वि.)

# एसपी ने सुनीं समस्याएं

श्रावस्ती : एसपी प्राची सिंह ने सोमवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान दौरान गूगल मीट के माध्यम से थाना प्रभारियों को भी जोड़ा गया था। जनसुनवाई के दौरान कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। (वि.)

# जन शिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती पुलिस सूबे में अव्वल

**जासं, श्रावस्ती** : जन शिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती पुलिस प्रदेश में अव्वल है। शासन की ओर से जारी की गई रिपोर्ट से यह निर्धारित होता है। मूल्यांकन के विभिन्न मानकों में श्रावस्ती के नौ थानों में से सात ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान बनाया। एसपी प्राची सिंह ने थानाध्यक्षों की पीठ थपथपाने के साथ कार्य कुशलता की लय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

आम आदमी को समस्या के समाधान के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए शिकायत का आनलाइन मंच निर्धारित किया गया है। आइजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) के तहत प्राप्त होने वाली शिकायतों को तय समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश एसपी प्राची सिंह ने सभी थानों को दिए हैं। इसकी समीक्षा के लिए एएसपी प्रवीण कुमार यादव को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। सभी सीओ को नियमित मानीटरिंग करने को कहा गया है। पूरी टीम ने मनोयोग से काम किया तो बड़ा परिणाम सामने आया।

## ऐसे हुआ काम

एसपी ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण में कोई भी संदर्भ डिफाल्टर नहीं हुआ। सी श्रेणी में भी नहीं जाने दिया गया। जिले में वादी का संतोषजनक फीडबैक 88.20 प्रतिशत रहा। गिलौला थाने का संतोषजनक फीडबैक 77.27 प्रतिशत रहा। पारिवारिक विवाद संबंधी शिकायतों में दोनों पक्षों की काउंसिलिंग कर समय सीमा में निस्तारण किया गया। भूमि विवाद की शिकायतों को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम ने समय सीमा में हल किया।


प्राची सिंह, एसपी

अगस्त के परिणाम में महिला थाना, इकौना, सिरसिया, कोतवाली भिनगा, थाना सोनवा, गिलौला व हरदत्तनगर गिरंट ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान बनाया है।

# डीजीपी ने हर थाने में शांति सुरक्षा समिति गठित करने के दिए निर्देश

- **त्योहारों के मद्देनजर वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए दिए निर्देश**
- **कहा, हापुड़ जैसी घटना रोकने को बार काउंसिल से संपर्क बढ़ाएं**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** डीजीपी विजय कुमार ने आने वाले त्योहारों के मद्देनजर हर थाने में शांति सुरक्षा समिति के गठन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए निर्देश दिए कि पुराने विवादों का निपटारा थाना स्तर पर तत्काल प्रभाव से कर लिया जाए। डीजीपी ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराधों, माफिया, लूट, हत्या, गोकसी तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में कार्रवाई में कोई लापरवाही न बरती जाए।

पुलिस मुख्यालय पर आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग में विशेष डीजीपी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा हापुड़ जैसी घटनाओं पर रोक के लिए पुलिस बार काउंसिलों के साथ संपर्क बढ़ाया जाए। उन्होंने पुलिस कमिश्नरों व एसएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों से कहा कि आगामी त्योहार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम पर पुलिस पूरी तरह से सतर्क रहना होगा। उन्होंने संगठित अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। त्योहारों व धार्मिक कार्यक्रमों के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की चौकसी भी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही इंटरनेट मीडिया पर पुलिस को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। जन्माष्टमी व चेहल्लुम में पिछले वर्षों में जिन स्थानों पर घटनाएं घटी थीं उन स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा के प्रबंध करने को कहा गया है।

# झाड़ियों में मिला महिला का कंकाल

**गिलौला (श्रावस्ती)।** गिलौला थाने से महज दो सौ मीटर दूर सरयू नहर कॉलोनी के पीछे सोमवार घास काटने आए किसानों को झाड़ियों में महिला का कंकाल दिखा। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष उमेश सिंह ने बताया कि कंकाल किसी महिला का है। जो करीब दो-तीन माह पुराना है। मृतका लाल-पीले रंग की चूड़ी पहने थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता लगेगी। शव संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में रखवाया गया है। - संवाद

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में सोमवार एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कुल 23 प्रार्थना पत्र आए। इसमें से 11 भूमि विवाद, पांच पारिवारिक विवाद व सात अन्य विवाद से संबंधित थे। जिसके निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया है। - संवाद

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष छह माह का सश्रम कारावास

संसू, श्रावस्ती : छेड़छाड़ के मामले में दोषी को न्यायालय ने तीन वर्ष छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। चार हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि इकौना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी करीब दो वर्ष पूर्व सुबह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी, तभी साहिल पहुंचा और किशोरी का हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपित भाग गया। जानकारी स्वजन को दी। पिता की तहरीर पर इकौना थाने में केस दर्ज हुआ। विचारण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो सुदामा प्रसाद ने आरोपित को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा सुनाई है।

# छेड़छाड़ के दोषी को सश्रम कारावास व अर्थदंड

**श्रावस्ती।** इकौना थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व हुए छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को न्यायालय ने फैसला सुनाया। अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो सुदामा प्रसाद ने आरोपी साहिल पुत्र मोहम्मद अल्ताफ को साढ़े तीन वर्ष सश्रम कारावास व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड ना अदा करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि करीब दो साल पहले इकौना थाना क्षेत्र की एक किशोरी के साथ साहिल ने दुष्कर्म का प्रयास कर अश्लील हरकत की थी। किशोरी के पिता की तहरीर पर इकौना पुलिस ने केस दर्ज किया था। (संवाद)